


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 97 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) आषाढ शु.8 2082 गुरुवार, 3 जुलाई-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## 'कांग्रेस केवल उद्धव-शरद से करेगी बात'

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि कांग्रेस गठबंधन के मामले पर केवल शिवसेना (यूबीटी) के उद्धव ठाकरे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के शरद पवार के साथ चर्चा करेगी और उप-गठबंधन का फैसला उन पर छोड़ देगी। चव्हाण ने यह बात तब कही है, जब इस तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं कि ठाकरे भाई (राज-उद्धव ठाकरे) और राकांपा गुट हाथ मिला सकते हैं। हालांकि, चव्हाण ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर राकांपा का विलय होता है और वह एनडीए के साथ जाती है, तो कांग्रेस के लिए महाराष्ट्र में उनके साथ गठबंधन बनाए रखना मुश्किल हो जाएगा। >14

### सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ीं मुश्किलें

# ईडी ने फर्जी लेन-देन का किया दावा



नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। दरअसल ईडी ने अदालत में दावा किया है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन किया गया। असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ईडी की तरफ से अदालत में पेश हुए। एसवी राजू ने बताया कि यंग इंडियन नामक कंपनी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण किया। एजेएल की संपत्ति 2000 करोड़ रुपये है। एजेएल के अधिग्रहण के लिए ही यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड को बनाया गया था।

एसवी राजू ने बताया कि एजेएल के निदेशक ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी को पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया कि 'वे कर्ज चुकाने में सक्षम नहीं हैं क्योंकि अखबार का प्रकाशन बंद हो चुका है और उनके पास आय का कोई नियमित साधन नहीं है।' एसवी राजू ने कहा कि यंग इंडियन में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे और सैम पित्रोदा प्रबंधकीय पदों पर थे। राजू ने कहा कि 'कंपनी एजेएल के पास करीब 2000 करोड़ रुपये की संपत्ति है, जिसका 90 करोड़ रुपये के कर्ज के बदले अधिग्रहण कर लिया गया। यह एक धांधली है, जिसमें कोई असल लेन-देन नहीं हुआ। एजेएल का अधिग्रहण कांग्रेस ने नहीं किया बल्कि यंग इंडियन ने किया। यह एक साजिश के तहत किया गया।' ईडी ने कहा कि कांग्रेस ने न ही ब्याज दिया और न ही जमानत और 90 करोड़ रुपये के कर्ज को सिर्फ 50 लाख रुपये में बेचा गया। सोनिया गांधी और राहुल गांधी के इशारे पर यह साजिश रची गई।

## 'सरकार की लापरवाही से जरूरी खाद की किल्लत से जूझ रहा देश'

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि देश के किसान उर्वरकों की भारी कमी से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी कोई मदद नहीं कर रही है। उन्होंने दावा किया कि चीन से आने वाले खास उर्वरकों की आपूर्ति रुकने के बावजूद सरकार ने कोई वैकल्पिक तैयारी नहीं की। राहुल गांधी ने इसे किसानों के साथ अन्याय करार दिया। राहुल गांधी ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। लेकिन ये रीढ़ अब विदेशी निर्भरता के कारण कमजोर हो रही है। उन्होंने बताया कि भारत 80 फीसदी विशेष खाद चीन से आयात करता है और अब चीन ने इनकी सप्लाई रोक दी है, जिससे किसानों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। राहुल गांधी ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब देश में जरूरी उर्वरकों की कमी हुई हो। पहले भी देशभर के किसान डीएपी (डायमोनियम फॉस्फेट) और यूरिया की कमी से परेशान रहे हैं। अब चीन से आने वाले स्पेशल फर्टिलाइजर की आपूर्ति बंद होने के बाद हालात और खराब हो गए हैं। >14

## 'दिखावे से नहीं चलती कूटनीति'

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता मिलने पर कांग्रेस ने केंद्र की सरकार पर बड़ा हमला बोला है। पार्टी ने इसे भारत की कूटनीतिक विफलता बताया और सवाल उठाया कि पाकिस्तान जैसे देश, जो खुद आतंकवाद फैलाने में शामिल है, उसे वैश्विक मंच पर इतनी बड़ी जिम्मेदारी कैसे मिल गई। दरअसल, पाकिस्तान ने मंगलवार को घोषणा की कि वह जुलाई महीने के लिए यूएनएससी का अध्यक्ष बनेगा। पाकिस्तान जनवरी 2025 से सुरक्षा परिषद में गैर-स्थायी सदस्य है। इसके अलावा पाकिस्तान को तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष और संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद रोधी समिति का उपाध्यक्ष भी बनाया गया है। बंगलूरूमें पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि पाकिस्तान जैसे देश को यूएनएससी का अध्यक्ष बनाना वैश्विक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। >14

# ईसी की दो टूक : बिहार वोटर लिस्ट की समीक्षा पर बैठक के लिए केवल पार्टी प्रमुख से बात

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार की मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा को लेकर मुलाकात के लिए समय मांगने के अनुरोध को लेकर चुनाव आयोग ने बड़ा फैसला लिया है। आयोग ने साफ कर दिया है कि आयोग समीक्षा पर बैठक के अनुरोधों पर केवल राजनीतिक दलों के प्रमुखों से ही बात-चीत करेगा। अधिकारियों के अनुसार, राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने का दावा करने वाले कई व्यक्ति बिहार की मतदाता सूची के वर्तमान में चल रही विशेष गहन समीक्षा पर चर्चा करने के लिए आयोग से मुलाकात का समय मांग रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि अब से चुनाव प्राधिकरण अनधिकृत व्यक्तियों की ओर से किए गए ऐसे अनुरोधों को खारिज कर देगा।

**विपक्षी दलों ने लगाया है ये आरोप**

दरअसल, विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि समीक्षा की इस प्रक्रिया से ऐसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जहां पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। विपक्ष का कहना है कि इसके चलते भाजपा सरकार अपने लाभ के लिए राज्य मशीनरी का उपयोग कर सकती है।

**कांग्रेस ने की थी तत्काल बैठक की मांग**

बता दें कि चुनाव आयोग की तरफ से घोषणा के बाद बीते 30 जून को कांग्रेस के एक कानूनी प्रतिनिधि ने चुनाव आयोग को एक ई-मेल भेजकर 2 जुलाई को तत्काल बैठक की मांग की थी। यह ई-मेल कांग्रेस की ओर से, विपक्षी गठबंधन के कई दलों की ओर से भेजा गया था। कांग्रेस प्रतिनिधि ने खुद को कई दलों की ओर से अधिकृत प्रतिनिधि बताया था। हालांकि, सूत्रों ने कहा कि केवल दो दलों, सीपीआई (एमएल) लिबरेशन और सीपीआई (एम) ने अब तक बैठक में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है।

**चुनाव आयोग का एलान, और विपक्षी दलों का विरोध**

गौरतलब है कि बिहार में चुनाव आयोग की तरफ से मतदाता सूची के विशेष संशोधन अभियान की प्रक्रिया चल रही है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को इस प्रक्रिया को लेकर आपत्तियां और शंकाएं हैं, जिसे लेकर वे चुनाव आयोग से मिलकर अपनी चिंता जताना चाहते थे।

# अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर 80,000 जवान तैनात




जम्मू, 2 जुलाई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में तीन जुलाई से अमरनाथ यात्रा प्रारंभ हो रही है। 38 दिन तक चलने वाली यह यात्रा, पहलगाम और बालटाल दोनों रूटों से गुजरेगी। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना, सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी, सीआईएसएफ, आईटीबीपी और जम्मू कश्मीर पुलिस के लगभग 80 हजार जवान, अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा में तैनात किए गए हैं।

ये जवान, यात्रियों को उनकी हिफाजत की गारंटी देंगे। फिदायीन अटैक जैसे हमलों को रोकने के लिए सुरक्षा बलों ने अचूक घेरा तैयार किया है। यात्रा के रूट पर कोई आतंकी न आ सके, इसके लिए वैसी ही सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जैसी अफगानिस्तान में यूएस/नाटो सेना के काफिलों की हिफाजत के लिए देखने को मिलती थी। खुफिया इकाई से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, अमरनाथ यात्रा के रूट पर पाकिस्तान के दशहतगर्दों की बुरी नजर है। वजह, उनके मुताबिक, जम्मू-कश्मीर में लगभग '50' पाकिस्तानी दहशतगर्द छिपे हैं। साथ ही पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों के जम्मू-कश्मीर में मौजूद 'मुखौटे' समूहों के करीब दो दर्जन लोकल आतंकी भी सक्रिय हैं। इस इनपुट को ध्यान में रखते हुए भारतीय सेना, अर्धसैनिक बलों और जम्मू कश्मीर पुलिस ने मिलकर, यात्रा रूट की सुरक्षा का फुलप्रूफ प्लान तैयार किया है। यात्रा रूट को पूरी तरह से सुरक्षित बनाया गया है।

# राज्य सरकार ने दी 4500 करोड़ की विशेष सहायता

### > केंद्र ने दिए महज 433 करोड़, खरगे का आरोप



नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश व भूस्खलन से हुए जान-माल के भारी नुकसान को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।

बुधवार को खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा कि इस वर्ष की बारिश के पहले ही हिमाचल सरकार ने केंद्र से कुल 9000 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की मांग की थी। 2023 की त्रासदी में कांग्रेस की राज्य सरकार ने 4500 करोड़ रुपये की विशेष सहायता जारी की थी, जबकि केंद्र की मोदी सरकार ने राज्य को केवल 433 करोड़ रुपये ही दिए थे। अब हाल ही में आनन-फानन में 2023 के लिए मोदी सरकार ने जो 2000 करोड़ रुपये देने की घोषणा की है, उसका श्रेय लेने में भाजपा जुटी है। हालांकि राहत की राशि अभी लंबित है। ये है हिमाचल के प्रति भाजपा का सौतेला व्यवहार। खरगे ने लिखा, हिमाचल प्रदेश में पिछले कई दिनों से जान-माल के नुकसान की खबर बेहद पीड़ादायक है। सरकार और प्रशासन, युद्ध स्तर पर राहत व बचाव कार्य में जुटे हुए हैं।

# बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को छह महीने जेल की सजा

### > अदालत की अवमानना की दोषी



ढाका, 2 जुलाई (एजेंसियां)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत की अवमानना के आरोप में दोषी ठहराया गया है और छह महीने जेल की सजा सुनाई गई है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने सजा का एलान किया है। बुधवार को तीन सदस्यों वाली पीठ ने यह फैसला सुनाया। बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण की पीठ की अध्यक्षता जस्टिस मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार ने की। यह पहली बार है जब किसी मामले में शेख हसीना को जेल की सजा सुनाई गई है।

**किस मामले में शेख हसीना को हुई सजा?**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीते साल शेख हसीना की एक ऑडियो क्लिप लीक हुई थी। यह ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुई और उसके बाद बांग्लादेशी मीडिया ने भी इसे प्रसारित किया था।

इस ऑडियो क्लिप में कथित तौर पर शेख हसीना गोबिंदगंज उपजिला चेयरमैन शकील बुलबुल से बात कर रहीं थी, जिसमें उन्होंने कहा कि 'मेरे खिलाफ 227 मामले दर्ज हुए हैं, इसलिए मुझे 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है।' अदालत की अवमानना के मामले में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण शकील बुलबुल को भी दो महीने जेल की सजा सुना चुका है।

**गवाहों को धमकाने की कोशिश का आरोप**

अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने शेख हसीना के बयान को अवज्ञा माना और उन्हें अदालत को कमतर आंकने का दोषी ठहराया। अदालत ने कहा कि जब दोषी कोर्ट में आत्मसमर्पण कर देंगे या पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा, उसके बाद ही सजा शुरू होगी। यह सश्रम कारावास नहीं होगा। 30 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के मुख्य अभियोजक ताजुल इस्लाम ने न्यायाधिकरण के सामने मामले को पेश किया था और शेख हसीना के बयान को पीड़ितों और गवाहों को धमकाने की कोशिश बताया। जांचकर्ताओं ने फोरेंसिक जांच के आधार पर बताया कि ऑडियो क्लिप में शेख हसीना की ही आवाज है।

# सिगाची ने फार्मा प्लांट विस्फोट में 40 मौतों की पुष्टि की

### एक-एक करोड़ के मुआवजे का भी एलान

हैदराबाद, 2 जुलाई (एजेंसियां)। तेलंगाना के पशम्यलारम में फार्मा प्लांट में हुए विस्फोट में सिगाची इंडस्ट्रीज ने 40 लोगों की मौत होने की पुष्टि की है।

कंपनी ने मृतकों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा देने का एलान किया है। कंपनी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि हम दुख के साथ तेलंगाना कारखाने में हुई दुर्घटना की जानकारी साझा कर रहे हैं। इस हादसे में हमारी टीम के 40 सदस्यों की मौत हो गई और 33 से अधिक लोग घायल हो गए।

कंपनी ने कहा कि दुर्घटना के बाद से ही हम आपातकालीन प्रतिक्रिया, परिवार सहायता का समन्वय कर रहे हैं। इसके अलावा जांच और अनुपालन प्रयासों में सहयोग दे रहे हैं। सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने मृतकों के परिवारों को एक करोड़ रुपये की मुआवजा राशि देने की प्रतिबद्धता जताई है, जबकि घायलों को पूर्ण चिकित्सा और पुनर्वास सहायता मिलेगी। कंपनी ने कहा कि यह दुर्घटना प्लांट में रिएक्टर विस्फोट के कारण नहीं हुई।


हम इसकी जांच के बाद सही जानकारी देंगे। तब तक प्लांट में 90 दिनों के लिए परिचालन अस्थायी रूप से निलंबित रहेगा।

**फैक्टरी प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा**

विस्फोट पीड़ितों में से एक के परिवार के सदस्य की शिकायत के आधार पर संगारेड्डी पुलिस ने सोमवार को फैक्टरी प्रबंधन के खिलाफ धारा 105 (हत्या के बराबर नहीं) 110 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास) और बीएनएस की धारा 117 (स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की।

# 'कांग्रेस-राजद को बस कुर्सी चाहिए भाजपा की प्रेरणा सिर्फ राष्ट्र निर्माण'

### > पटना में बोले राजनाथ सिंह



पटना, 2 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार की राजधानी पटना में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और राजद पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियों का सिर्फ एक ही मकसद है, किसी भी तरह सत्ता में बने रहना। इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य हर भारतीय नागरिक को सम्मानजनक जीवन देना और ऐसी नीतियां बनाना है जिससे समाज के हर वर्ग का विकास हो सके।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि हर किसी को स्वाभिमान के साथ जीने का अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई ऐसे प्रभावी कदम उठाए हैं, जिनकी पहले कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। उन्होंने कहा कि लोग यह सोच भी नहीं सकते थे कि कोई केंद्र सरकार इतना बड़ा आर्थिक बोझ उठा सकती है। उन्होंने कहा कि अगर वह सारी योजनाओं की विस्तार से चर्चा करने लगेंगे तो बहुत लंबा समय लग जाएगा, लेकिन सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसी नीतियां बनाई हैं जिनसे समाज के हर वर्ग को फायदा मिला है। ऐसा कोई वर्ग नहीं बचा जिसके लिए सरकार ने काम न किया हो।

राजनाथ सिंह ने दोहराया कि हर वर्ग को आत्म-सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार सुनिश्चित करना भाजपा सरकार की प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है और जल्द ही तीसरे स्थान पर होगी। उन्होंने कहा कि लोगों को भरोसा रखना चाहिए कि बिहार भी तेजी से आगे बढ़ेगा और विकास की इस यात्रा में पीछे नहीं रहेगा।

# 'हां, मैं पांच साल सीएम रहूंगा'

### सिद्धारमैया ने राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों को किया खारिज



चिक्कबल्लापुर, 2 जुलाई (एजेंसियां)। कर्नाटक ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि वह पांच साल तक राज्य के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। इसमें किसी को कोई शक नहीं होना चाहिए। दरअसल, सिद्धारमैया ने से पूछा गया कि क्या वह पांच साल तक मुख्यमंत्री बने रहेंगे, तो उन्होंने जवाब दिया, हां, मैं रहूंगा। आपको इसमें कोई शक है?

इससे पहले राज्य मंत्री प्रियांक खरगे ने भी राज्य में मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों को खारिज किया। पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ऐसा किसने कहा? (कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी) रणदीप सुरजेवाला, मुख्यमंत्री (सिद्धारमैया), उप मुख्यमंत्री (डीके शिवकुमार) और (पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष) मल्लिकार्जुन खरगे ने स्पष्ट कहा है कि ऐसी कोई बात नहीं है। फिर इस तरह की अटकलें क्यों लगाई जा रही हैं?

**मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों पर क्या बोले शिवकुमार**

वहीं, मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों पर कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि पार्टी अनुशासन महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मैंने किसी से मुख्यमंत्री बनाने के लिए नहीं कहा है। इस दौरान शिवकुमार ने चेतावनी दी कि अगर नेतृत्व परिवर्तन के मुद्दे पर कोई भी नेता सार्वजनिक बयान देता है तो उसे नोटिस जारी किया जाएगा। शिवकुमार ने बताया कि रामनगर के विधायक एचए इकबाल हुसैन को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अन्य लोगों को भी नोटिस दिए जाएंगे। बता दें कि रामनगर के विधायक एचए इकबाल हुसैन ने बयान दिया था कि डीके शिवकुमार को सीएम बनना चाहिए। शिवकुमार ने कहा कि मैंने किसी से मेरा नाम लेने या मुझे मुख्यमंत्री बनाने के लिए नहीं कहा है। इसकी कोई जरूरत नहीं है। जब मुख्यमंत्री (सिद्धारमैया) हैं, तो किसी विवाद की कोई जगह ही नहीं है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब उनसे पूछा गया कि उनका समर्थन करने वाले विधायक मांग कर रहे हैं कि शिवकुमार को सीएम बनाया जाना चाहिए, और इसके लिए विधायक पार्टी के लिए शिवकुमार की कड़ी मेहनत का हवाला दे रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा कि सभी ने कड़ी मेहनत की है। मेरे जैसे सैकड़ों लोगों ने कड़ी मेहनत की है। क्या मैं अकेला हूं? लाखों पार्टी कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत की है। हमें पहले उनके बारे में सोचना होगा।

## शिवसेना यूबीटी की पार्टी चुनाव चिन्ह विवाद पर जल्द सुनवाई की मांग

**स्थानीय निकाय चुनाव है वजह**

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने आज शिवसेना यूबीटी की याचिका पर सुनवाई की। इस याचिका में महाराष्ट्र निकाय चुनाव को देखते हुए पार्टी चुनाव चिन्ह पर जल्द फैसला देने की मांग की गई।

शिवसेना यूबीटी की तरफ से पेश हुए वकील ने कहा कि अगर एक बार राज्य में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी हो गई तो फिर चुनाव चिन्ह में बदलाव नहीं हो सकेगा। पहले से ही यह मामला दो साल से लंबित है। शिवसेना यूबीटी ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की कि विवाद को लेकर अंतरिम निर्देश दिए जाएं। अदालत ने दलीलें सुनने के बाद सुनवाई स्थगित कर दी। अब अदालत 14 जुलाई 2025 को फिर से इस मामले पर सुनवाई करेगी। जून 2022 में अविभाजित शिवसेना टूटकर दो गुटों में बंट गई।

# 'नए आपराधिक कानूनों से न्याय प्रशासन में केवल भ्रम पैदा हुआ'

### > पी. चिदंबरम का अमित शाह पर पलटवार



नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने नए आपराधिक कानूनों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने इन कानूनों को लागू करने को 'कट एंड पेस्ट' एक्सरसाइज बताया। चिदंबरम ने कहा कि तीन नये आपराधिक कानूनों को लागू करना व्यर्थ का काम है। इनसे न्यायाधीशों, वकीलों और पुलिस के बीच न्याय प्रशासन में केवल भ्रम की स्थिति पैदा हुई है। पी चिदंबरम ने यह बयान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा नए आपराधिक कानूनों के एक साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में इन्हें स्वतंत्र भारत में सबसे बड़ा सुधार करार दिए जाने पर दिया है। बीते दिन, राजधानी दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था कि नए आपराधिक कानूनों से न्यायिक प्रक्रिया न केवल सस्ती और सुलभ होगी, बल्कि सरल, समयबद्ध और पारदर्शी भी होगी। सरकार पर निशाना साधते हुए चिदंबरम ने कहा कि सरकार ने बार-बार दावा किया है कि तीन आपराधिक कानून विधेयक, जो अब अधिनियम बन चुके हैं, आजादी के बाद के सबसे बड़े सुधार हैं, लेकिन यह सच से बहुत दूर है। उन्होंने कहा कि मैंने तीनों विधेयकों की जांच करने वाली संसदीय स्थायी समिति को अपना असहमति नोट भेजा था।

इतना ही नहीं यह संसद में पेश की गई रिपोर्ट में भी शामिल है। अपने असहमति नोट में आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धाराओं की तुलना संबंधित नए विधेयक से करने के बाद, मैंने कहा था कि यह केवल कट-पेस्ट एक्सरसाइज है। नए विधेयक में आईपीसी का 90-95%, सीआरपीसी का 95% और साक्ष्य अधिनियम का 99% हिस्सा काट-छांट कर शामिल किया गया है। >14

सुविचार
हिम्मत से हारो पर हिम्मत कभी न हारो

## अधिकारी टीजीएसडीएमए को राष्ट्र के लिए आदर्श बनाएं : पोंगुलेटी



हैदराबाद, 2 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने अधिकारियों को एक ऐसी प्रणाली स्थापित करने का निर्देश दिया है, जिसमें तेलंगाना राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (टीजीएसडीएमए) राष्ट्रीय मानक के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकार प्राकृतिक आपदाओं का प्रभावी प्रबंधन करने और जान-माल के नुकसान की संभावना को कम करने के लिए टीजीएसडीएमए की क्षमता को बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। इस पहल के अनुरूप, सरकार टीजीएसडीएमए का पुनर्गठन करने की योजना बना रही है। मुख्यमंत्री प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे, जबकि राजस्व, गृह, वित्त, चिकित्सा और स्वास्थ्य, प्रमुख सिंचाई, सड़क और भवन, और पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्री सदस्य के रूप में शामिल होंगे। मुख्य सचिव सदस्य संयोजक होंगे, और राजस्व विभाग के विशेष मुख्य सचिव विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे। बुधवार को मुख्य सचिव के. रामकृष्ण राव और आपदा प्रबंधन के विशेष प्रधान सचिव अरविंद कुमार ने सचिवालय में विभिन्न जिलों के कलेक्टरों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गोदावरी और कृष्णा नदी बेसिन क्षेत्रों में बाढ़ प्रबंधन पर चर्चा के लिए बैठक बुलाई। बैठक के दौरान, मंत्री ने जलवायु परिवर्तन के कारण अचानक बाढ़ और बारिश के बारे में जानकारी प्रसारित करने के लिए एक व्यापक प्रणाली स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस डेटा का भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के सहयोग से वैज्ञानिक रूप से विश्लेषण किया जाना चाहिए और इसे हर समय उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि सूचना प्रणाली को बढ़ाया जाना चाहिए। मंत्री ने उल्लेख किया कि राज्य सरकार राज्य स्तर पर वर्षा और बाढ़ से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए सिंचाई, बिजली, स्वास्थ्य, कृषि, पुलिस और परिवहन सहित विभिन्न विभागों के लिए विशेष नोडल अधिकारी नामित कर रही है।

## हत्या के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

हैदराबाद, 2 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। कुकटपल्ली पुलिस ने सैयद शाहद नामक व्यक्ति की हत्या में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों को न्यायिक हिरासत के लिए न्यायालय में पेश किया गया। आरोपियों की पहचान वाई हनक उर्फ मुन्ना निवासी बाबा सैलानी नगर, बोराबंडा, पहचान मोहम्मद साजिद, एसी टेक्नीशियन, मौला अली, हैदराबाद और मोहम्मद समीर खान उर्फ दगड़ समीर उर्फ पोथुराजू निवासी बोराबंडा, हैदराबाद के रूप में हुई है। मृतक सैयद शाहद एक कुख्यात बदमाश था, जिसका आपराधिक इतिहास रहा है। वह कपड़े के व्यवसाय में था और वर्तमान परिस्थितियों में आरोपी समीर के साथ उसकी प्रतिद्वंद्विता चल रही है।

# इंटरमीडिएट के सभी छात्र उत्तीर्ण हों : रेवंत रेड्डी

### 9वीं कक्षा से 12वीं कक्षा की शिक्षा प्रणाली के लिए नीति पर अध्ययन करें

### मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग की समीक्षा की



हैदराबाद, 2 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे ऐसे कदम उठाएं कि इंटरमीडिएट में शामिल होने वाला प्रत्येक 10वीं कक्षा का छात्र उत्तीर्ण हो।

यह देखते हुए कि 10वीं कक्षा में बड़ी संख्या में छात्र उत्तीर्ण हो रहे हैं और उतनी ही संख्या में छात्र इंटरमीडिएट में उत्तीर्ण नहीं हो पा रहे हैं, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आदेश दिया कि वे इंटर के छात्रों का अच्छा उत्तीर्ण प्रतिशत प्राप्त करने के लिए चुनौतियों की पहचान करें और कुछ पहलों के माध्यम से उनका समाधान करें।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने आज आईसीसीसी में शिक्षा विभाग की समीक्षा की। समीक्षा में मुख्यमंत्री के सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी, राज्य सरकार के सलाहकार के केशव राव, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव अजित रेड्डी, शिक्षा सचिव योगिता राणा, उच्च शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष बालकिष्टा रेड्डी, तकनीकी शिक्षा आयुक्त श्रीदेवसेना, शिक्षा विशेष सचिव हरिता, जेएनटीयू रजिस्ट्रार वेंकटेश्वर राव और अन्य ने भाग लिया।चूंकि इंटरमीडिएट चरण छात्रों के लिए अपना करियर बनाने के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए सीएम ने जोर दिया कि इंटर चरण के दौरान छात्रों को उचित मार्गदर्शन दिया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को 12वीं कक्षा तक के स्कूलों और अलग इंटरमीडिएट चलाने पर एक अध्ययन करने और एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को शिक्षा आयोग, शिक्षा क्षेत्र में काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों और नागरिक समाज की सलाह लेने का सुझाव दिया। हम विधानसभा में सभी चरणों में इंटरमीडिएट शिक्षा के सुधार पर चर्चा करेंगे, मुख्यमंत्री ने कहा कि इंटरमीडिएट में छात्रों के नामांकन के साथ-साथ उनकी उपस्थिति पर भी अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। यंग इंडिया आवासीय विद्यालय भवनों के डिजाइन और मॉडल की समीक्षा करते हुए, सीएम ने सुझाव दिया कि प्रत्येक विद्यालय के परिसर में एक विशाल राष्ट्रीय ध्वज स्थापित किया जाए और अधिकारियों को विद्यालयों के निर्माण की प्रगति पर एक साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। यंग इंडिया आवासीय विद्यालय प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विशेष रूप से लड़कों और लड़कियों के लिए बनाए जाएंगे। चूंकि प्रत्येक स्कूल के लिए भूमि अधिग्रहण पहले ही पूरा हो चुका है, इसलिए सीएम ने निर्देश दिया कि दूसरे स्कूल की पहचान और अधिग्रहण प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। सीएम रेवंत रेड्डी ने वीरनारी चकाली इलम्मा महिला विश्व विद्यालय (महिला विश्वविद्यालय) के निर्माण मॉडल की भी समीक्षा की और कई बदलावों का सुझाव दिया। सीएम ने आदेश दिया कि निविदा प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी की जाए।

## सीतक्का ने मेडाराम महाजातरा कार्यक्रम की घोषणा पर खुशी व्यक्त की

हैदराबाद, 2 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। पंचायत राज मंत्री सीतक्का ने मेडाराम महा जतारा कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा पर प्रसन्नता व्यक्त की है।पुजारियों के संघ ने पुष्टि की है कि एशिया के सबसे बड़े आदिवासी मेले के रूप में मान्यता प्राप्त मेडाराम महा जतारा 28 से 31 जनवरी, 2026 तक होगा। 28 जनवरी को, देवता सरलम्मा, गोविंदराजू और पगिदाराजा गदेलु पहुंचेंगे। अगले दिन, 29 जनवरी को, देवी सम्मक्का चिलकलागुट्टा से गदेलु आएंगी। 30 जनवरी को भक्तगण अपना प्रसाद चढ़ाएंगे और 31 जनवरी को शाम 6 बजे अम्मावरला वनप्रवेशम के साथ मेले का समापन होगा। बुधवार को जारी एक बयान में, मंत्री ने संकेत दिया कि महा जतरा के लिए निर्धारित कार्यक्रम के साथ, अधिकारियों को चल रहे विकास परियोजनाओं में तेजी लानी चाहिए, जिनकी लागत 110 करोड़ रुपये है। उन्होंने संकेत दिया कि मेदाराम में चल रहे स्थायी विकास परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं और राज्य सरकार निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## संदीप माथुर ने जोन की मानसून तैयारियों की समीक्षा की



हैदराबाद, 2 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) के महाप्रबंधक संदीप माथुर ने बुधवार को सिकंदराबाद के रेल निलयम में मानसून की बारिश के मद्देनजर जोन भर में किए जा रहे मानसून की तैयारियों और सुरक्षा उपायों पर विस्तृत समीक्षा बैठक की। इस बैठक में एससीआर के अतिरिक्त महाप्रबंधक नीरज अग्रवाल और प्रमुख विभागाध्यक्ष शामिल हुए। मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम)/अतिरिक्त। छह डिवीजनों अर्थात विजयवाड़ा, गुंतकल, गुंटूर, सिकंदराबाद, हैदराबाद और नांदेड़ डिवीजनों के डिवीजनल रेलवे मैनेजर और डिवीजनल इंजीनियर (एडीआरएम) ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक में भाग लिया। समीक्षा बैठक के दौरान, महाप्रबंधक संदीप माथुर ने पुलों, सुरंगों आदि जैसे पहचाने गए कमजोर खंडों पर किए गए सुरक्षा उपायों पर प्राथमिक ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने किसी भी घटना के मामले में आपातकालीन उपकरणों और आवश्यक सामग्रियों जैसे रेत, बोल्डर और पाइपों के आरक्षित स्टॉक की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने और कमजोर खंडों और पुलों पर चौबीसों घंटे निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि कोई मरम्मत कार्य हो, तो उसे तुरंत पूरा किया जाना चाहिए। महाप्रबंधक ने जलभराव की आशंका वाले कमजोर रोड अंडर ब्रिज पर किए गए सुरक्षा उपायों की समीक्षा की। उन्होंने लिफ्टिंग बैरियर, जलनिकासी कार्य, चेतावनी बोर्ड प्रावधान, जल पम्पिंग व्यवस्था, 24x7 चौकीदार उपलब्धता आदि जैसी सावधानियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य प्रथाओं का सख्ती से पालन करने, ट्रेन संचालन से संबंधित रजिस्टरों का उचित रखरखाव करने और मानसून के दौरान सभी आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी। महाप्रबंधक ने कहा कि सभी पर्यवेक्षकों को लगातार क्षेत्र स्तर की गतिविधि की निगरानी करनी चाहिए और किसी भी मुद्दे पर तुरंत ध्यान दिया जाना चाहिए और जल्द से जल्द सुधार किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को समूह बैठकों और व्यक्तिगत परामर्श सत्रों आदि के माध्यम से सुरक्षा श्रेणी के कर्मचारियों को नियमित रूप से संवेदनशील बनाने की भी सलाह दी।

# साइबराबाद सीपीओ में ऑपरेशन मुस्कान की बैठक आयोजित



हैदराबाद, 2 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद सी.पी. ऑफिस में ऑपरेशन मुस्कान-XI पर कन्वर्जेंस मीटिंग आयोजित की गई। यह मीटिंग ऑपरेशन मुस्कान-XI के कामकाज के बारे में थी, जो गुमशुदा बच्चों का पता लगाने और भीख मांगने, कूड़ा बीनने, बाल श्रम, तस्करी, बंधुआ मजदूरी आदि से बच्चों को बचाने के लिए बनाई गई है। साइबराबाद पुलिस बेघर बच्चों और बाल श्रम में मजबूर बच्चों को बचाने और पुनर्वास करने के साथ-साथ भीख मांगने और कूड़ा बीनने में शामिल बच्चों की पहचान करने के लिए 1 जुलाई, 2025 से 31 जुलाई, 2025 तक ऑपरेशन मुस्कान-XI शुरू कर रही है। एक सब-इंस्पेक्टर और चार पुलिस कांस्टेबल, जिसमें एक महिला पुलिस कांस्टेबल शामिल है, की विशेष टीमें बनाई गई हैं। बाल श्रम और तस्करी में फंसे बच्चों की पहचान करने और उन्हें बचाने/पुनर्वास करने के लिए कुल 11 टीमें बनाई गई हैं।

इस अभिसरण बैठक में, साइबराबाद की डीसीपी (डब्ल्यू एंड सीएसडब्ल्यू) श्रीमती के. सृजाना ने कहा कि "हम लापता बच्चों और अज्ञात बच्चों की पहचान करने के लिए चेहरे की पहचान करने वाले सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन 'दर्पण' का उपयोग करेंगे - जो विभिन्न कारणों से अपने परिवारों से अलग हो गए थे।" साइबराबाद की डीसीपी (महिला एवं बाल सुरक्षा विंग) श्रीमती के. सृजाना टीमों के संचालन की निगरानी करेंगी। साइबराबाद के एएचटीयू के पुलिस निरीक्षक बी. जेम्स बाबू ने कहा, "हितधारक विभाग के अधिकारियों के सहयोग से ऑपरेशन मुस्कान-XI जुलाई के अंत तक जारी रहेगा।" पुलिस ने पहले के मामलों के आंकड़ों के आधार पर उन क्लस्टरों/हॉटस्पॉट की पहचान की है जहां पहले बच्चों को जबरन श्रम कराते पाया गया था। टीमें अन्य हितधारक विभागों के साथ मिलकर बचाव और पुनर्वास कार्य का समन्वय करेंगी।

अभिसरण बैठक में साइबराबाद की डीसीपी (डब्ल्यू एंड सीएसडब्ल्यू) श्रीमती के. सृजाना, इस अवसर पर बाल कल्याण समिति, रंगा रेड्डी जिला से के. नरेंद्र रेड्डी, बाल कल्याण समिति, मेडचल जिला से राजा रेड्डी और रंगा रेड्डी जिला की जिला कल्याण अधिकारी श्रीलता भी उपस्थित थी। रंगा रेड्डी जिले के बाल रक्षा भवन की समन्वयक तिरुमलादेवी, स्वैच्छिक कार्रवाई संघ के राज्य समन्वयक एंडे वेंकटेश्वरलू, मेडचल जिले के जिला बाल संरक्षण अधिकारी मोहम्मद इम्तियाज रहीम और रंगारेड्डी जिले के जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रवीण कुमार भी उपस्थित थे। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारियों में रंगा रेड्डी जिले की उप जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजया पूर्णिमा, संगारेड्डी जिले के दोनों उप जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शशांक और डॉ. मल्लेश्वरी, साथ ही मेडचल के सहायक श्रम अधिकारी साई सुमन और एएचटीयू, साइबराबाद के पुलिस निरीक्षक बी. जेम्स बाबू के साथ-साथ एएचटीयू साइबराबाद के कर्मचारी और अन्य लोग भी शामिल थे। के. श्रीजना, डीसीपी (डब्ल्यू एंड सीएसडब्ल्यू), साइबराबाद ने सभी हितधारक विभागों से ऑपरेशन मुस्कान-XI टीमों के साथ सहयोग और समन्वय करने का अनुरोध किया। उपस्थित सभी अधिकारियों ने ऑपरेशन के लिए अपना पूर्ण समर्थन और सहयोग का आश्वासन दिया।

## तेज रफ्तार कार सुराराम झील में गिरी

### कोई हताहत नहीं

हैदराबाद, 2 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार को एक अजीबोगरीब घटना में, एक तेज रफ्तार कार नियंत्रण से बाहर हो गई और शहर के बाहरी इलाके सुराराम में कट्टा मैसम्मा चेरुवु से जा टकराई। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है तथा संदेह है कि चालक की ओर से लापरवाही से वाहन चलाने के कारण यह दुर्घटना हुई।

यह हादसा उस समय हुआ जब कार दुलापल्ली से शापुर नगर की ओर जा रही थी। जानकारी के अनुसार, जब कार झील के किनारे पहुंची, तो ड्राइवर ने स्टीयरिंग पर से नियंत्रण खो दिया और कार झील के किनारे लगी लोहे की रेलिंग से टकरा गई। उसी गति से कार झील में जा गिरी। हालांकि, कार में सवार लोग इस घटना में सुरक्षित बच गए।

घटना के तुरंत बाद यात्री वाहन छोड़कर मौके से भाग गए। एक मोटर चालक से सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला तथा उसे पुलिस थाने ले गई। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या घटना के समय चालक शराब के नशे में था।

# नशीले पदार्थों और गांजे के खतरे को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई हो : डॉ. जितेन्द्र

### डीजीपी ने एएसपी के साथ समीक्षा बैठक की

हैदराबाद, 2 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस महानिदेशक डॉ. जितेन्द्र ने बुधवार को डीजीपी कार्यालय में राज्य के विभिन्न उप-विभागों में कार्यरत सहायक पुलिस अधीक्षकों (एएसपी) के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान डीजीपी ने अपने-अपने क्षेत्रों में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की और पुलिसिंग में अपने 32 वर्षों से अधिक के विशाल अनुभव के आधार पर उपयुक्त निर्देश जारी किए।

उन्होंने अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पुलिस थानों के नियमित निरीक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इस तरह के निरीक्षण से पीड़ितों के साथ कैसा व्यवहार किया जा रहा है, इसका आकलन करने और मामले की जांच करने के कौशल को मजबूत करने में मदद मिलती है। डॉ. जितेन्द्र ने युवा आईपीएस अधिकारियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सक्रिय रूप से संलग्न होने की सलाह दी और कहा कि आज उनके कार्य उनकी सेवा के अगले तीन दशकों के लिए उनकी प्रभावशीलता को परिभाषित करेंगे।

उन्होंने जोर देकर कहा कि आईपीएस अधिकारियों पर जनता और संस्थानों द्वारा लगातार नजर रखी जाती है और उनके आचरण में लोक कल्याण के लोकतांत्रिक मूल्य को प्रतिबिंबित करना चाहिए। उन्होंने ए.एस.पी. को उच्चतम स्तर की ईमानदारी, अनुशासन और किसी भी अवज्ञाकारी कृत्य के प्रति शून्य सहनशीलता बनाए रखने की सलाह दी है। तेलंगाना में जल्द ही स्थानीय निकाय चुनाव होने की संभावना के मद्देनजर उन्होंने ए.एस.पी. को ग्राम पुलिस अधिकारी प्रणाली शुरू करने और अपने अधिकार क्षेत्र में नियमित रूप से पुलिस थानों का औचक निरीक्षण करने को कहा है। डी.जी.पी. ने विशेष रूप से 194 बी.एन.एस.एस. (174 सी.आर.पी.सी.) के तहत दर्ज संदिग्ध या अप्राकृतिक मृत्यु के मामलों में ए.एस.पी. द्वारा निष्पक्ष जांच पर्यवेक्षण पर जोर दिया है। प्रौद्योगिकी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि बेहतर संचार प्रणाली से पुलिस थानों की बेहतर निगरानी की सुविधा मिलेगी। उन्होंने राज्य में नशीले पदार्थों और गांजे के खतरे को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई का आह्वान किया। उन्होंने आगे सुझाव दिया कि प्रमुख अपराधियों की पहचान करके और उन्हें लक्षित करके, नशीले पदार्थों से संबंधित अपराधों को प्रभावी ढंग से समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को कॉलेजों के फिर से खुलने के मद्देनजर ग्राम-स्तरीय अधिकारियों की नियुक्ति और एंटी-रैगिंग समितियों के गठन की दिशा में कदम उठाने की भी सलाह दी। अतिरिक्त डी.जी.पी. (कानून और व्यवस्था) महेश एम. भागवत ने ए.एस.पी. को निरीक्षण के दौरान अधीनस्थ कर्मचारियों को उचित मार्गदर्शन करने और मामलों की जांच करते समय उचित परिश्रम करने की सलाह दी। एडीजीपी ने डकैती, लूट और चोरी में लिप्त संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत सख्त कदम उठाने का आह्वान किया ताकि इन गिरोहों को नियंत्रण में रखा जा सके। एडीजी ने दोहराया कि नागरिकों को सीधे भर्ती किए गए युवा एएसपी से बहुत उम्मीदें हैं और उन्हें पेशेवर पुलिसिंग का प्रदर्शन करना चाहिए। समीक्षा बैठक में मल्टी-जोन आईजीपी एस. चंद्रशेखर रेड्डी और तफसीर इकबाल आईपीएस, एआईजी रमण कुमार और सहायक पुलिस अधीक्षक शिवम उपाध्याय, अविनाश कुमार, एस. शेषाद्रि रेड्डी, काजल, एस. चित्तरंजन, बी. चैतन्य रेड्डी, पी. चेतन नितिन, विक्रांत कुमार सिंह, शुभम प्रकाश, राजेश मीना शामिल हुए।



## टास्क फोर्स ने कैब ड्राइवर से 1.9 लाख रुपये का गांजा जब्त किया

हैदराबाद, 2 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। टास्क फोर्स (दक्षिण-पश्चिम) टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर बुधवार को कंचनबाग में मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को पकड़ा और 1.9 लाख रुपये मूल्य का 7.5 किलोग्राम गांजा जब्त किया। पुलिस ने बताया कि बालापुर का कार चालक मोहम्मद आमिर अतिरिक्त आय के लिए नशीले पदार्थों की तस्करी करता था। वह हफीजबाबा नगर के एक ड्रग डीलर मोहम्मद इस्माइल से नशीले पदार्थ खरीदता था और उसे अपने परिचित उपभोक्ताओं को ऊंचे दामों पर बेचता था। आमेर को कंचनबाग पुलिस को सौंप दिया गया है, जबकि इस्माइल को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

## लापता श्रमिकों को लेकर असमंजस, बचाव कार्य धीमा

संगारेड्डी, 2 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। सिगाची क्लोरो केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड में सुस्त और खराब समन्वित बचाव अभियान के कारण विस्फोट के 48 घंटे बाद भी लापता कर्मचारियों के परिवार के सदस्य परेशानी में फंसे हुए हैं। भारी बारिश और अधिकारियों की उदासीनता के कारण बचाव कार्य और भी मुश्किल हो गया। शोक संतप्त रिश्तेदार विस्फोट स्थल, पटानचेरूवु के सरकारी अस्पताल के शवगृह और विभिन्न निजी अस्पतालों के बीच चक्कर लगाते रहे, जहां घायलों का इलाज चल रहा था।

विस्फोट के दिन यूनिट में मौजूद कर्मचारियों की संख्या के बारे में स्पष्टता की कमी ने भ्रम को और बढ़ा दिया। सिगाची प्रबंधन द्वारा बनाए गए एक नए उपस्थिति पत्रक में, जो बुधवार को सामने आया, 162 कर्मचारियों को ड्यूटी पर सूचीबद्ध किया गया। हालांकि, जिला प्रशासन की रिपोर्ट में यह आंकड़ा 143 बताया गया। जिला प्रशासन के अधिकारी चल रहे बचाव प्रयासों से स्पष्ट रूप से अनुपस्थित थे, जो केवल राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और अग्निशमन सेवा (एचवाईडीआरएए), और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) द्वारा किए जा रहे थे।

# तेज गति से चल रहा है सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का काम



हैदराबाद, 2 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य तेजी से चल रहा है, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) भवन का काम पहले ही पूरा हो चुका है। निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और एयर कॉनकोर्स, मल्टी-लेवल कार पार्किंग, फुट ओवर ब्रिज, लिफ्ट, उत्तर की ओर मुख्य भवन और दक्षिण की ओर विद्युत सब-स्टेशन आदि पर काम चल रहा है। रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास परियोजना के तहत नई आरपीएफ बिल्डिंग का निर्माण पूरा हो गया है। यह एक अस्थायी बुकिंग कार्यालय के साथ-साथ पूरे हो चुके घटकों में से एक है, जबकि दक्षिण की ओर बेसमेंट निर्माण, नींव का काम और काजीपेट छोर पर नया फुट ओवर ब्रिज जैसे अन्य कार्य भी प्रगति पर हैं।

एससीआर अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण की ओर नींव से संबंधित अधिकांश निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। पुनर्विकास कार्यों के हिस्से के रूप में, 2025 के अंत या 2026 की पहली तिमाही तक पूरा करने के लिए लगभग 720 करोड़ रुपये की लागत से गिरधारीलाल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को काम सौंपा गया था। स्टेशन की मांग को पूरा करने के लिए पहले से मौजूद 11 केवी के स्थान पर 33 केवी क्षमता के दो विद्युत सबस्टेशन बनाए जाएंगे। पुनर्विकसित स्टेशन में स्टेशन भवन के उत्तरी भाग में 6-मंजिल वाली बहु-स्तरीय कार पार्किंग होगी। वर्तमान में, नींव और अन्य कार्यों का 50 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। एससीआर के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि पुनर्विकास कार्यों की योजना इस तरह बनाई जा रही है कि यात्रियों को कम से कम असुविधा हो। उन्होंने कहा कि नए स्टेशन भवन में आधुनिक वास्तुकला और रेल यात्रियों के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं होंगी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य की प्रगति पर लगातार नजर रखी जा रही है और सभी निर्माण कार्यों को सभी सुरक्षा उपायों का ध्यान रखते हुए करने के निर्देश दिए गए हैं।

पूर्व तट रेलवे
निविदा सूचना सं. VSKP-ELECTG-25-26-WC-12, दिनांक : 25.06.2025
कार्य का नाम: 02 वर्ष के लिए सीनियर सेक्शन इंजीनियर / ELG / विजयनगरम, श्रीकाकुलम रोड, रायगड़ा, उत्तर/विशाखपट्टणम एवं एसएस-III /विशाखपट्टणम के अधिकार क्षेत्र के अधीन नेल्लिमार्ला (NML), दुसी (DSI), श्रीकाकुलम रोड (CHE), नौपाडा (NWP), कोटबोम्माली (KBM), रायगड़ा (RGDA), आरआरआई ग्राउंड टैंक (विशाखपट्टणम), मगेथिगड्डा एवं विशाखपट्टणम रेलवे स्टेशन के पुराने ग्राउंड टैंक में में पम्प सेट एवं संबंधित DG सेट का परिचालन, यदि कोई हो।
निविदा मूल्य (₹): 1,01,79,747.80, EMD (₹): 2,00,900.00, पूरा होने की अवधि : 02 वर्ष।
निविदा बंद होने की तिथि व समय : दिनांक : 24.07.2025 को 1330 बजे, निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक : 24.07.2025 को 1600 बजे।
निविदा दस्तावेज के संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
निविदाकारों को इस निविदा के लिए जारी कोई भी शुद्धिपत्र के लिए वेबसाइट देखना जरूरी है।
वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (G), वाल्टियर
PR-309/Q/25-26

**कैसे लगा बाहुबली का टैग?**

- 2002 में पोटा के तहत जेल
- 2013 में ट्रिपल मर्डर केस के आरोपी
- डीएसपी जिया उल हक की हत्या का आरोप
- प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली और लखनऊ में करीब 47 केस

**पॉलिटिकल करियर**

- 1993 को पहली बार कुंडा से विधायक बने
- लगातार 7 बार कुंडा से विधायक बने
- 5 बार यूपी कैबिनेट में जगह मिली

**किन सीटों पर प्रभाव**

- प्रतापगढ़, कौशांबी, सुल्तानपुर, रायबरेली, जौनपुर
- क्षत्रिय वोट बैंक पर मजबूत पकड़

**अभी सियासी वजूद**

प्रतापगढ़ से विधायक राजा भैया का किसी से गठबंधन नहीं है। जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) पार्टी बनाई। इसके अध्यक्ष हैं।

# हमारे बप्पा को कमरे में बंद कर दिया

## लखनऊ पहुंचीं राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह ने किया विस्फोटक दावा





लखनऊ, 2 जुलाई (एजेंसियां)। यूपी के बाहुबली और कुंडा रियासत से संबंध रखने वाले राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह फिर चर्चाओं में हैं। दरअसल कल रात लखनऊ में भानवी सिंह अपने बुजुर्ग माता-पिता से मिलने के लिए अपनी छोटी बहन साध्वी सिंह के घर गईं। मगर यहां उनके लिए गेट नहीं खोला गया। बताया जा रहा है कि भानवी सिंह के साथ उनकी बड़ी बहन भी थीं। इसके बाद मौके पर पुलिस आ गई और बवाल हो गया। अब इस पूरे मामले को लेकर भानवी सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर अपना पक्ष रखा है। उन्होंने कहा है कि वह सिर्फ अपने माता-पिता से मिलने गई थीं। दोनों बुजुर्ग हैं। उनका ये भी कहना है कि उनकी छोटी बहन ने उनके पिता को कमरे में बंद कर दिया था।

**भानवी सिंह ने क्या कहा?**

सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट करते हुए भानवी सिंह ने लिखा, हमारी बड़ी बहन और हम कल अपने बुज़ुर्ग माता-पिता से मिलने उनके घर गए। हमने शांति से दरवाज़ा खटखटाया, घंटी बजाई, लेकिन दरवाज़ा खोलने के बजाय हमारी छोटी बहन ने फिर से पुलिस बुला ली। उन्होंने आगे लिखा, यह पहली बार नहीं है। पहले भी वो पुलिस और मीडिया को बुलाकर झूठा प्रचार करती रही है जैसे कि हमारी बडी बहन और हम अपने ही माँ-बाप से मिलने कोई हाई वोल्टेज ड्रामा करने गए हों।

**बप्पा को कमरे में बंद कर दिया गया- भानवी सिंह**

भानवी सिंह ने आगे लिखा, हमारे बप्पा (पिता) को कमरे में बंद कर दिया गया था, और चूंकि वे सुन नहीं सकते, उन्हें पता भी नहीं चला कि हमारी बडी बहन और हम मिलने आए थे। मां ने कामवाली से कहा कि वो हमारी बडी बहन और हमसे मिलना चाहती हैं, लेकिन उन्हें भी रोका गया। दरवाज़ा नहीं खोला गया। अपनी बात रखते हुए भानवी सिंह ने आगे लिखा,हम अब दो वीडियो साझा कर रहे जिसमें कामवाली सच्चाई बता रही है, और एक ऑडियो क्लिप जिसमें हमारी बडी बहन बहुत विनम्रतापूर्वक दरवाज़े पर खड़े होकर बार-बार कह रही हैं कि हम लोग को अम्मा - बप्पा से मिलने दिया जाए। क्या अपने बुज़ुर्ग माता-पिता से मिलने जाना अब अपराध है? क्या पुलिस और मीडिया का इस तरह से दुरुपयोग उचित है? भानवी सिंह ने साफ लिखा कि तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश नहीं किया जाए। वहां कोई हाई बोल्टेज ड्रामा नहीं हुआ था। भानवी सिंह ने लिखा कि वह लोग सिर्फ अपने माता-पिता से मिलना चाहते हैं। सम्मानपूर्वक और शांति से। कृपया इसे राजनीति या नाटक न बनाएं।

**कल रात लखनऊ में हुआ क्या था?**

दरअसल भानवी सिंह कल रात लखनऊ के सिल्वर ओक अपार्टमेंट अपनी बहन साध्वी सिंह और मां से मिलने पहुंची। मगर उनके लिए घर का दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद वहां खूब हंगामा हुआ। उन्होंने काफी देर तक अपार्टमेंट के बाहर खड़े होकर विरोध जताया। भानवी सिंह का दावा है कि उसकी बहन ने पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत करवाया और भानवी सिंह को वापस भेज दिया। भानवी सिंह की बहन साध्वी सिंह का आरोप है कि राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह लगातार घर पर आकर मां-बाप और उन्हें धमकाती हैं। वह प्रॉपर्टी लेने के लिए भी लगातार धमकियां दे रही हैं। फिलहाल इस पूरे मामले को लेकर अब भानवी सिंह का भी पक्ष सामने आ गया है। आपको ये भी बता दें कि भानवी सिंह का अपने पति राजा भैया से भी विवाद चल रहा है और दोनों का तलाक केस भी कोर्ट में हैं। यहां भी भानवी सिंह ने राजा भैया के ऊपर कई गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसमें उनके अन्य महिलाओं के साथ संबंधों का भी आरोप है।

## झांसी में टीटीई को जीआरपी जवानों ने पीटा

झांसी, 2 जुलाई (एजेंसियां)। झांसी में ट्रेन का टिकट मांगने पर पुलिसवालों ने टीटीई को बेरहमी से पीटा। जीआरपी के जवान बिना टिकट ही हीराकुंड एक्सप्रेस के एसी कोच में सफर कर रहे थे, तभी टीटीई पहुंचा और उनसे टिकट दिखाने को कहा। यह सुनते ही पुलिसवाले भड़क गए। उन्होंने टीटीई को गालियां दीं और मारपीट शुरू कर दी। ललितपुर में उन्होंने अपने साथियों को बुला लिया। टीटीई को जबरन ट्रेन से उतारकर पीटा और थाने ले गए। वहां उससे छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर जबरन राजीनामा लिखवा लिया। इस घटना के चलते ट्रेन बिना टीटीई के ही जबलपुर तक गई। अब इस मामले में रेल अधिकारियों ने एडीजी जीआरपी को पत्र लिखा है। उन्होंने आरोपी जवानों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## नीतीश और पीएम मोदी को लालू ने बताया 'डिलीवरी बॉय' कहा- 'बिहार की गलियों में जुमलेबाज अब खूब घूमेंगे'



पटना, 2 जुलाई (एजेंसियां)। जेडीयू कार्यालय और कई अन्य जगहों पर बीते मंगलवार को एक पोस्टर लगाया गया था जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दोनों दिख रहे थे। दोनों नेताओं की साथ में तस्वीर लगाकर यह संदेश देने की कोशिश की गई कि एनडीए में कोई खटपट नहीं है। इस बीच आज (बुधवार) लालू प्रसाद यादव ने पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार पर हमला बोला है।

**फ्री डिलीवरी करने वाले जुमलेबाज अब खूब घूमेंगे: लालू यादव**

आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने एक्स पर अपने पोस्ट में नीतीश कुमार और मोदी की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है, चुनाव के वक्त बिहार की गलियों में झूठे वादों की फ्री डिलीवरी करने वाले जुमलेबाज अब खूब घूमेंगे। तस्वीर में पीएम मोदी और नीतीश कुमार को डिलीवरी बॉय बनाकर दिखाया गया है।

**'एक के बैग में अच्छे दिन दूसरे के बैग में विशेष राज्य का दर्जा'**

लालू की ओर से शेयर की गई तस्वीर पर लिखा गया है, झूठे वादों की फ्री डिलीवरी। बिहार की गलियों में दो डिलीवरी बॉय देखे गए। एक के बैग में अच्छे दिन और दूसरे के बैग में विशेष राज्य का दर्जा, 10 साल से डिलीवरी पेंडिंग है, लेकिन दोनों कह रहे ऑर्डर तो कंफर्म है। बता दें कि चुनाव से पहले एनडीए और महागठबंधन दोनों ओर से लगातार एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी की जा रही है।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव हर दिन पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार पर हमला करते रहते हैं। नीतीश कुमार के 20 साल के कामकाज पर भी सवाल उठाते रहते हैं। अब लालू प्रसाद यादव ने तंज कसा है। 'अच्छे दिन' और 'विशेष राज्य' को लेकर अब लालू प्रसाद यादव ने सीधा हमला किया है।

## बाबा की सरकार गिरेगी

### आद्रा नक्षत्र की बात कहकर अफजाल अंसारी ने कर दिए बड़े दावे



गाजीपुर, 2 जुलाई (एजेंसियां)। यूपी के गाजीपुर में हवाई अड्डे की जमीन पर रक्षा संपदा विभाग की बुलडोजर कार्रवाई के बाद राजनीति तेज हो गई है। गाजीपुर से सपा सांसद अफजाल अंसारी पीड़ितों से मिलने उनके गांव पहुंचे। इस दौरान सपा सांसद ने बेघर हुए लोगों से मुलाकात की। सांसद अफलाज अंसारी ने इस कार्रवाई को पूरी तरह से कानून के खिलाफ और अमानवीय करार दिया। इसी के साथ उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना भी साधा। उन्होंने कहा कि बाबा की बुलडोजर कार्रवाई ही अब उनकी सरकार गिराएगी। उन्होंने ये भी कहा कि आद्रा नक्षत्र चल रहा है। इस समय किसी पक्षी का घोंसला भी नहीं छुआ जाता। मगर इन लोगों ने लोगों को ही बेघर कर दिया। सपा सांसद अफजाल अंसारी ने कहा, बिना किसी नोटिस के लोगों को उजाड़ा गया। यह पूरी प्रक्रिया असंवैधानिक है। हम इस मुद्दे को संसद में भी उठाएंगे और अगर जरूरत पड़ी तो कोर्ट भी जाएंगे, लेकिन इन बेघर हुए गरीब परिवारों को न्याय दिला कर ही रहेंगे। सांसद अफजाल अंसारी ने प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा, अभी आद्रा नक्षत्र चल रहा है। ऐसे समय में तो एक चिड़िया का घोंसला भी नहीं छुआ जाता, लेकिन सरकार ने तो पूरा गांव उजाड़ दिया। यह सरकार अब हर सीमा पार कर चुकी है।

ऊपर वाला सब देख रहा है और जनता आने वाले समय में इसका जवाब देगी। सपा सांसद ने सवाल उठाते हुए कहा, जब यह जमीन सरकारी थी, तो फिर यहां सरकारी योजनाओं के तहत बने घर, पंचायत भवन और स्कूलों की अनुमति कैसे मिली? उन्होंने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।

## लखनऊ, गोरखपुर और वाराणसी में खपाया जा रहा चीन का सोना

### हर महीने कमा रहे 15 से 20 करोड़



लखनऊ, 2 जुलाई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश से लगते नेपाल बॉर्डर से हो रही सोने की तस्करी को लखनऊ के साथ ही गोरखपुर, वाराणसी में खपाया जा रहा है। लग्जरी बसों और अवैध ट्रेवलर से तस्कर इन्हें तय अड्डों पर पहुंचाकर हर माह करीब 15 से 20 करोड़ की कमाई कर रहे हैं। जून में बरामद 20 करोड़ के अवैध सोने की खेप की कड़ी मुंबई, आगरा और पंजाब तक भी जुड़ी। यहां की मंडी भी चीन के सोने से चमक रही है। इस पूरे खेल में टैक्स के रूप में सरकार को बड़ी चपत लगाई जा रही है, लेकिन यहां कार्रवाई के नाम पर बस मौन है।

**केस एक:** मथुरा निवासी प्रमोद से एक किलो सोने की छड़ बरामद हुई थी, जिसे वह सिद्धार्थनगर से लेकर जा रहा था। यह सोना नेपाल से सिद्धार्थनगर पहुंचा था।

**केस दो:** इसी वर्ष वाराणसी निवासी संजय से बड़ी मात्रा में सोना बरामद हुआ, जिसे वह बहराइच के रुपईडीहा से लेकर जा रहा था।

**केस तीन:** पश्चिम बंगाल के मेदनीपुर निवासी 30 वर्षीय लालू महीश को डीआरआई ने सोने के साथ बीते वर्ष गिरफ्तार किया था। यह सोना उसे लखनऊ के सराय माली खां चौक पर देना था।

डीआरआई ने 10 मई 2025 को मुंबई निवासी हितेश, राजेश कुमार और विजय कुमार के पास से 18 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया। तीनों बिहार संपर्क क्रांति ट्रेन से ट्रॉली बैग में कपड़ों के अंदर सोना छिपाकर ले जा रहे थे। यह सोना हांगकांग से नेपाल पहुंचा और फिर वहां से नेपाल होते हुए बिहार लाया गया। मुंबई में इसे पिघलाकर राजस्थान के कोटा में आभूषण तैयार किया जाना था। इसके बाद उसे पंजाब, हिमाचल व लखनऊ के अलग-अलग व्यापारियों को बेचना था।

सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार ट्रेन पर सख्ती के बाद तस्करों ने अब सड़क मार्ग को अपनाया है। चीन से सोना पहले नेपाल और फिर वहां से महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, बहराइच व श्रावस्ती के रास्ते पर्यटक परमिट के नाम पर चलने वाली अवैध लग्जरी बसों और ट्रेवलर से भारत में दाखिल हो रहा है। सीमावर्ती जिलों से पंजाब, चंडीगढ़, गुजरात, राजस्थान, हैदराबाद व गोवा के लिए चलने वाले अवैध वाहनों को तस्करों ने माध्यम बना लिया है। इस रूट से तस्करों को एक किलो सोना में करीब 14.48 लाख का मुनाफा हो रहा है।

**आंकड़ों में हाल**

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अनुसार भारत में वित्तीय वर्ष 2024 में 4,869.6 किलोग्राम तस्करी का सोना जब्त किया गया। ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन की रिपोर्ट के अनुसार नेपाल से हर साल करीब 10 टन सोने की तस्करी भारत में की जाती है।

तस्करी के सोने की शुद्धता 99.9 फीसदी होती है। इसकी बाजार में शुद्धता उच्चतम स्तर पर मानी जाती है। पूर्व आईबी अधिकारी संतोष सिंह बताते हैं कि काठमांडू और पोखरा सहित नेपाल के विभिन्न शहरों से चलने वाली बसें टूरिस्ट परमिट का दुरुपयोग कर रही हैं। ये बसें सोनौली व रुपईडीहा बॉर्डर से होकर दिल्ली तक नियमित यात्री सेवा चला रही हैं। टूरिस्ट परमिट केवल पर्यटन गतिविधियों के लिए जारी किया जाता है। तस्करी में इनके भी उपयोग की सूचना पूर्व में मिल चुकी है।

## 10 करोड़ के आईटीसी घोटाले में राज्य कर विभाग के डिप्टी व असिस्टेंट कमिश्नर निलंबित

लखनऊ, 2 जुलाई (एजेंसियां)। फर्जी कंपनी बनाकर 10.76 करोड़ रुपये का बोगस इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) लेने के मामले में शासन ने राज्य कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर मनीष कुमार और असिस्टेंट कमिश्नर रितेश कुमार बरनवाल को निलंबित कर दिया। दोनों अधिकारियों पर इस मामले में फर्म के साथ मिलीभगत का आरोप है। रायबरेली में इस वर्ष जनवरी में राजधानी इंटरप्राइजेज नाम से कंपनी का पंजीयन कराया गया था। विभाग की टीम ने 15 फरवरी को जांच की तो वहां कोई नहीं मिला।

फर्जीवाड़े की आशंका के बाद 24 फरवरी को राजधानी इंटरप्राइजेज का पंजीयन निलंबित कर दिया गया। इसके बाद भी फर्म ने फर्जीवाड़ा जारी रखा और बोगस इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) जनरेट करते हुए दिल्ली की शिव इंटरप्राइजेज को 57.35 करोड़ की सप्लाई दिखाकर 10.76 करोड़ रुपये की आईटीसी ट्रांसफर करा ली। जांच में बिना माल की आपूर्ति किए ही फर्जी आईटीसी की पुष्टि हो गई।

जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि फर्म ने पंजीयन के लिए फर्जी बिजली बिल लगाया था। इसके बाद सहायक आयुक्त रितेश बरनवाल ने मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले की जांच शासन स्तर से भी की गई। जांच में डिप्टी कमिश्नर मनीष कुमार और असिस्टेंट कमिश्नर रितेश बरनवाल की फर्म के साथ मिलीभगत का खुलासा हुआ। इसके बाद मंगलवार को दोनों अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

वहीं आगे की जांच के लिए अपर आयुक्त राज्य कर सैमुअल पाल एन को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

## इकरा हसन हुईं डीप फेक का शिकार

### सपा सांसद का एआई वीडियो वायरल करने वाले लड़कों ने कान पकड़ मांगी माफी



शामली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। सोशल मीडिया पर तकनीक का खतरनाक उपयोग सामने आया है। समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन चौधरी का एक डीप फेक वीडियो रात वायरल कर दिया गया। यह वीडियो एआई तकनीक के जरिये बनाया गया था, जिसे दो नाबालिग बच्चों ने एक फर्जी फेसबुक अकाउंट इकरा हसन चौधरी एमपी के नाम से अपलोड किया।

वीडियो सामने आते ही उनके समर्थकों में गुस्सा फैल गया। सांसद समर्थक इमरान नदवी ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर वीडियो से फोटो काटकर उत्तर प्रदेश पुलिस को टैग कर शिकायत की। डीजीपी के आदेश पर शामली पुलिस ने मामले की जिम्मेदारी साइबर सेल को सौंप दी है। अब वीडियो और फर्जी अकाउंट्स की जांच शुरू कर दी गई है।

एसपी शामली रामसेवक गौतम ने कहा है कि आरोपियों की पहचान होते ही गिरफ्तारी कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, घटना की गंभीरता को देखते हुए मेवात क्षेत्र की एक सरपंच सामने आई हैं। उन्होंने बच्चों से माफी मंगवाकर खुद एक माफीनामा वीडियो जारी किया है, जिसमें पूरे मेवात की ओर से खेद प्रकट किया गया है। साथ ही सोशल मीडिया से वायरल किए गए पुराने वीडियो को हटवाया गया है। नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका के गांव आमका से दो युवकों ने एआई ऐप की मदद से वीडियो बनाया। सिर्फ यह एक मामला नहीं है।

फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इकरा हसन चौधरी के नाम से सैकड़ों फर्जी अकाउंट सक्रिय हैं। इनमें सांसद की फोटो और वीडियो का एडिटेड कंटेंट अपलोड किया जाता है। कुछ दिन पहले सांसद की ओर से पुलिस अधिकारियों को फर्जी अकाउंट्स की सूची सौंपी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।

## 'वो मुस्लिम बहुल इलाकों से गुजरते हैं', कांवड़ यात्रा नेम प्लेट विवाद पर इमरान मसूद का बड़ा बयान

लखनऊ, 2 जुलाई (एजेंसियां)। यूपी में कांवड़ यात्रा मार्ग पर नेम प्लेट विवाद पर सियासत तेज होती जा रही है। समाजवादी पार्टी समेत तमाम विरोधी दलों ने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। यूपी की सहारनपुर सीट से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि ये देश मोहब्बत का देश है, नफरत का नहीं। मुसलमान भी कावड़ यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करते हैं लेकिन इन्हें इससे परेशानी होती है। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि यह लोग साझा संस्कृति, साझा विरासत को नष्ट करना चाहते हैं। जो लोग भक्ति में सराबोर आते हैं, उनकी सेवा में सभी लोग लगे रहते हैं। वो मुस्लिम बहुल क्षेत्रों से भी होकर गुजरते हैं। मुसलमान भी उनकी सेवा करने का काम करते हैं। इनको इससे भी परेशानी होती है। इमरान मसूद ने कहा कि यह मोहब्बत का देश है, नफरत का नहीं है। पिछली बार भी इन्होंने कोशिश की थी लेकिन, पिछली बार भी लोगों ने उनकी कोशिशों को फेल कर दिया था,

## अब सैंपल आने पर रिपोर्ट होगी सार्वजनिक सूचना पट पर किया गया जाएगा चश्पा, मिलावटखोर होंगे बेनकाब



गोंडा, 2 जुलाई (एजेंसियां)। जिले की डीएम नेहा शर्मा ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि दुकानदारों की सैंपलिंग रिपोर्ट आने पर उसे सार्वजनिक किया जाएगा। उन्होंने जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता तथा मिलावट की रोकथाम के साथ औषधियों की उपलब्धता एवं गुणवत्ता नियंत्रण एवं जन-जागरूकता संबंधी बिंदुओं पर गहनता से मंथन किया। डीएम ने स्पष्ट रूप से कहा कि आमजन को शुद्ध व गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं औषधि उत्पाद उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए संबंधित विभाग नियमित जांच अभियान चलाएं। दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देशित किया कि होटल, मिठाई की दुकानों, किराना दुकानों, डेयरियों व अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों की नियमित रूप से सैंपलिंग कराई जाए। रिपोर्ट को समयबद्ध तरीके से प्रयोगशालाओं में भेजा जाए। इसके साथ ही उन्होंने सभी दुकानदारों को लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र अनिवार्य रूप से दुकान में प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। औषधि निरीक्षक को निर्देशित करते हुए डीएम ने कहा कि नकली, अवैध व एक्सपायरी दवाओं की बिक्री पर सख्त निगरानी रखी जाए।

उन्होंने मेडिकल स्टोर संचालकों के लाइसेंस की समीक्षा करने तथा नियमों के अनुसार कार्य कर रहे स्टोरों की सूची अपडेट करने को भी कहा। इसके साथ ही आमजन को जागरूक करने के लिए विद्यालयों, ग्राम सभाओं तथा शहरी क्षेत्रों में जागरूकता शिविरों एवं कार्यशालाओं के आयोजन का भी प्रस्ताव पारित किया गया। कहा कि स्वस्थ समाज की नींव शुद्ध खाद्य एवं औषधियों पर निर्भर करती है।

## 'ज्यूडिशियल सिस्टम सड़ चुका है 40 साल में 400 तारीख फिर भी नहीं मिला न्याय', कोर्ट पर भड़के एससी अधिवक्ता

जौनपुर, 2 जुलाई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के जौनपुर में 40 साल में 400 से ज्यादा तारीखें मिलने के बावजूद भी जब एक पीड़ित को न्याय नहीं मिल पाया तो ज्यूडिशियल सिस्टम पर सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय भड़क गए। उन्होंने कहा कि ज्यूडिशियल सिस्टम एकदम सड़ चुका है। ये मामला उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी जगमोहन यादव से जुड़ा हुआ है।

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने जौनपुर के जिस मामले का जिक्र करते हुए ज्यूडिशियल सिस्टम को सड़ा हुआ बताया। वह मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के तरहटी गांव के रहने वाले उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी जगमोहन यादव से जुड़ा है। इस गांव के निवासी शिव मंदिर के प्रबंधक और पुजारी विजय उपाध्याय का आरोप है कि शिव मंदिर के नाम से दर्ज साढ़े सात बीघा जमीन को पूर्व डीजीपी जगमोहन यादव ने अपने भाई बृजलाल यादव के बेटे निशांत के नाम दर्ज करा ली थी। मंदिर की जमीन न सिर्फ फर्जीवाड़ा करके अपने नाम दर्ज कराई गई। बल्कि उसे बलपूर्वक कब्जा भी कर लिया गया। पीड़ित इस मामले में अधिकारियों के पिछले 40 सालों से चक्कर काट रहा है। लेकिन उसकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। कहा जा रहा है कि पूर्व डीजीपी जगमोहन यादव सपा मुखिया रहे मुलायम सिंह और अखिलेश यादव के बेहद करीबी हैं। पीड़ित की जब जौनपुर में कोई सुनवाई नहीं हुई तो उसने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

कोर्ट के निर्देश के बाद जब मामले की जांच हुई तो जो जमीन जगमोहन यादव के भतीजे के नाम दर्ज हुई थी। वह फर्जी पाई गई। फर्जीवाड़ा समाने आने के बाद अधिकारियों ने अपनी गर्दन बचाने के लिए निशांत यादव के नाम दर्ज जमीन वाले उस आदेश को निरस्त कर दिया। बताया जा रहा है कि फर्जीवाड़ा उजागर होने के बावजूद पूर्व डीजीपी के परिवार से मामला जुड़ा होने के चलते इस मामले में कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है। आज भी शिव मंदिर की ज़मीन का कब्ज़ा मंदिर के प्रबंधक और पुजारी को वापस नहीं मिल पाया है। पीड़ित न्याय की आस में पिछले 40 सालों से जौनपुर में अधिकारियों के यहां चक्कर काट रहा है। ये मामला चकबंदी कार्यालय में ही लंबित है। पीड़ित के अधिवक्ता अजय उपाध्याय ने टीवी9 से बातचीत में बताया कि शिव मंदिर की साढ़े सात बीघा जमीन फर्जीवाड़ा करके बलपूर्वक पूर्व डीजीपी जगमोहन यादव ने कब्जा करने के बाद दूसरी चकबंदी में गलत तरीके से तथ्यों को छिपाकर जमीन अपने भतीजे निशांत यादव के नाम दर्ज भी करा दी गई। उन्होंने आगे बताया कि इसकी जानकारी होने पर जब आपत्ति की गई तो भी कोई सुनवाई नहीं हुई।

इलाहाबाद हाईकोर्ट जाने के बाद कोर्ट के आदेश पर जब चकबंदी विभाग के अधिकारियों को तलब किया गया तो निशांत यादव के नाम दर्ज करने के आदेश को निरस्त करते हुए चकबंदी अधिकारियों ने फाइल को सीओ सदर के यहां ट्रांसफर कर दिया। फर्जीवाड़ा करके गलत तरीके से जमीन निशांत यादव के नाम दर्ज कराने के मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।

## कपड़े उतरवाकर चेकिंग करने के मामले पर भड़के एसटी हसन, पहलगाम के आतंकियों से की तुलना

मुरादाबाद, 2 जुलाई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा से पहले ढाबे पर काम करने वाले कर्मचारी के कपड़े उतरवाकर चेंकिंग करने की कोशिश की गई। इस घटना पर सियासत भी तेज हो गई है। मुरादाबाद से समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद एसटी हसन ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और ऐसा करने वालों की तुलना पुलवामा की घटना के आतंकियों से कर डाली।

उन्होंने कहा कि आज धर्म की राजनीति की जा रही है। सपा नेता एसटी एसन ने कांवड यात्रा मार्ग पर दुकानों पर नेम प्लेट और उनकी चैकिंग को लेकर हुई घटना पर कहा कि उन्हें ये अधिकार किसने दिया है कि वो ढाबों पर काम करने वालों की चैकिंग करें। ऐसे लोगों और पहलगाम में हमला करने वाले आतंकियों इन दोनों के बीच क्या अंतर है जिन्होंने धर्म पूछकर गोली मारी थी। ये भी आतंकी हैं, आज धर्म की राजनीति की जा रही है।

## क्रेडिट कार्ड कैश ऑफर के नाम पर लाखों की ठगी, भोजपुरी एक्टर दिलीप कुमार साहू गिरफ्तार

मुंबई, 2 जुलाई (एजेंसियां)। मुंबई में दहिसर साइबर पुलिस ने एक बड़ी ठगी का खुलासा करते हुए भोजपुरी अभिनेता और यूट्यूबर दिलीप कुमार साहू (41) को उत्तर प्रदेश के कौशांबी से गिरफ्तार किया है। साहू पर मुंबई के बोरीवली निवासी एक व्यक्ति से साढ़े तीन लाख रुपये की ठगी करने का आरोप है। आरोपी को 28 जून को ट्रांजिट रिमांड पर मुंबई लाया गया। जांच में सामने आया है कि साहू ने कांदिवली, गोरेगांव समेत शहर के अन्य इलाकों में भी इसी तरह की ठगी की वारदातों को अंजाम दिया है। उसके खिलाफ कौशांबी में भी शिकायतें दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित व्यक्ति बेस्ट में ड्राइवर है और बोरीवली पूर्व में रहता है। पीड़ित ने बताया कि मई महीने में वह कांदिवली वेस्ट स्थित पोइसर डिपो जाते समय सड़क किनारे एक पोस्टर देखा, जिस पर लिखा था, क्रेडिट कार्ड से कैश लीजिए, साथ ही एक मोबाइल नंबर भी दिया गया था। ऐसे दिया झांसा वहीं 13 मई को पीड़ित ने उस नंबर पर संपर्क किया, जहां खुद को दिलीप कुमार साहू बताने वाले व्यक्ति ने सिर्फ 2.5 फीसदी कमीशन पर कैश देने का झांसा दिया। भरोसा जताकर पीड़ित ने अपने क्रेडिट कार्ड की डिटेल्स, सीवीवी और ओटीपी तक व्हाट्सएप पर शेयर कर दी।

पहले ट्रांजेक्शन में 20 हजार रुपये की स्वाइप पर पीड़ित को 19,500 रुपये मिले, जिससे उसका भरोसा और बढ़ गया। इसके बाद 16 मई को पीड़ित ने दो अलग-अलग क्रेडिट कार्ड्स से कुल 3.5 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। लेकिन इस बार उसे एक भी रुपया वापस नहीं मिला। बार-बार संपर्क करने पर भी साहू टालमटोल करता रहा। आखिरकार पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई

# 3 महीने में 1000 किसान आत्महत्या कर चुके

## पीएम मोदी के विदेश दौरों पर बोले संजय राउत ट्रैवल और टूरिज्म का राजदूत बन जाना चाहिए



मुंबई, 2 जुलाई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बुधवार सुबह 8 बजे 5 देशों की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। पीएम की इन्हीं 5 देशों की यात्रा को लेकर अब विपक्ष ने निशाना साधना शुरू कर दिया है। उद्धव गुट की शिवसेना के सांसद संजय राउत ने पीएम मोदी 5 देशों की यात्रा को लेकर टिप्पणी की है। संजय राउत ने पीएम मोदी की यात्रा पर तीखा हमला करते हुए कहा, पीएम मोदी भारत में कब रहते हैं, वो तो दौरे पर ही रहते हैं, उनके पास पर्यटन और यात्रा मंत्रालय भी होना चाहिए। संजय राउत ने पीएम पर निशाना साधते हुए कहा, उन्हें ट्रैवल और टूरिज्म का राजदूत बन जाना चाहिए। उन्हें बताना चाहिए मन की बात में कि हमारे भारत की जनता को कौन से देश में जाना चाहिए, कहां रहना चाहिए। क्या खाना चाहिए। कौन से होटल में रहना चाहिए? संजय राउत ने आगे कहा, मोदी जी देश में है कहां? महाराष्ट्र में 3 महीने में 1 हजार किसानों की आत्महत्या हो गई है। यह मोदी जी को मालूम है? अब तक पहलगाम हत्या के जो हत्यारे हैं। उसको हम भूल नहीं पा रहे हैं। क्या यह मोदी जी को पता है?

**पहलगाम हमले को लेकर पूछे सवाल**

संजय राउत ने इस दौरान पहलगाम हमले का जिक्र किया। उन्होंने पहलाम हमले को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, अब तक पहलगाम हत्या के जो हत्यारे हैं। उसको हम भूल नहीं पा रहे हैं।

**पीएम की 5 देशों की यात्रा**

पीएम मोदी की इन 5 देशों की यात्रा का मकसद ग्लोबल साउथ के कई प्रमुख देशों के साथ भारत के संबंधों को मजबूत बनाना है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, 8 दिनों की इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी ब्राजील, घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया जाएंगे। इस दौरान पीएम ब्राजील में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी शामिल होंगे। यात्रा के पहले चरण में पीएम मोदी घाना पहुंचेंगे। जहां वो 2 दिन (2-3 जुलाई) के लिए घाना का दौरा करेंगे। यह पीएम की पहली घाना की द्विपक्षीय यात्रा है।

हालांकि, पिछले तीन दशकों में पहली बार भारत का कोई प्रधानमंत्री घाना की यात्रा पर जा रहा है। घाना की यात्रा के बाद पीएम मोदी 3 से 4 जुलाई तक त्रिनिदाद एंड टोबैगो की 2 दिन की यात्रा करेंगे। यात्रा के तीसरे चरण में पीएम मोदी 4 से 5 जुलाई तक अर्जेंटीना के दौरे पर रहेंगे। वहीं, पीएम अपनी इस यात्रा के चौथे चरण में ब्राजील में रहेंगे। अपनी यात्रा के अंतिम चरण के तहत पीएम अफ्रीकी देश नामीबिया जाएंगे।

## नाबालिग लड़के ने किशोरी को इमारत से धक्का देकर मार डाला

### आत्महत्या साबित करने की साजिश भी रची

मुंबई, 2 जुलाई (एजेंसियां)। पुलिस ने एक नाबालिग लड़के के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। उस पर कथित तौर पर मुंबई में एक इमारत की छत से 15 वर्षीय लड़की को धक्का देकर मौत के घाट उतारने का आरोप है। उसने इसे आत्महत्या साबित करने की साजिश भी रची। एक अधिकारी ने बताया कि 16 वर्षीय आरोपी और पीड़िता दोस्त थे। लड़की एक अंतरराष्ट्रीय स्कूल की छात्रा थी और मुलुंड इलाके में अपनी मां के साथ रहती थी। भांडुप पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि 24 जून को लड़की भांडुप (पश्चिम) इलाके में एक हाउसिंग सोसाइटी में लड़के से मिलने पहुंची और अपनी पढ़ाई के सिलसिले में जारी तनाव के बारे में उससे बात की। इसके बाद लड़का उसे इमारत के डी-विंग की छत पर पानी की टंकी के ऊपर ले गया। उन्होंने बताया कि जब लड़का-लड़की बातचीत कर रहे थे, तो उनकी बातचीत डेटिंग को लेकर तीखी बहस में बदल गई। बहस के दौरान लड़के ने कथित तौर पर लड़की को धक्का दिया, जिससे किशोरी इमारत से गिरकर मर गई। इसके बाद लड़के ने लड़की का मोबाइल फोन छत से फेंक दिया, जो इमारत के ई-विंग के पास जा गिरा। एक सुरक्षा गार्ड ने डक्ट क्षेत्र में लड़की का शव देखा और पुलिस को सूचित किया। जांच के दौरान लड़के ने पुलिस को बताया कि लड़की ने पढ़ाई के तनाव के कारण 30वीं और 31वीं मंजिल के बीच की खिड़की से कूदकर आत्महत्या कर ली।

# 'कोरोना वैक्सीन और अचानक होने वाली मौतों के बीच कोई संबंध नहीं'

### आईसीएमआर-एम्स के शोध में दावा



नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और एम्स ने मिलकर एक अध्ययन किया है, जिसके आधार पर दावा किया गया है कि देश में हो रहीं अचानक मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन नहीं है। देश में 40 साल से कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक के मामले बढ़े हैं और खासकर कोरोना महामारी के बाद इनमें खासी बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी इस बात की पुष्टि की है कि कोरोना वैक्सीन और युवाओं में दिल का दौरा पड़ने में कोई संबंध नहीं है।

**कर्नाटक के सीएम के बयान पर सरकार की सफाई**

दरअसल कर्नाटक के हासन जिले में दिल का दौरा पड़ने से कई युवाओं की मौत हुई है, जिसके बाद कर्नाट के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपने एक बयान में दिल का दौरा पड़ने के लिए कोरोना वैक्सीन को जिम्मेदार बताया था, लेकिन केंद्र सरकार ने उनके दावे को खारिज कर दिया है।

सिद्धारमैया ने मंगलवार को कहा कि जल्दबाजी में कोरोना वैक्सीन को मंजूरी दी गई और फिर तेजी से वैक्सीन का वितरण किया गया, ऐसे में हो सकता है कि अचानक हो रही मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन भी हो सकती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि 'अगर किसी को भी सीने में दर्द, या सांस लेने में तकलीफ की समस्या हो तो तुरंत नजदीकी अस्पताल में अपना चेकअप कराएं और लक्षणों को बिल्कुल भी नजरअंदाज न करें।'

## 'घर पर कोई नहीं है, फांसी लगा लो; पुरानी साड़ी का इस्तेमाल करो', युवक की आत्महत्या के बाद महिला पर केस

ठाणे, 2 जुलाई (एजेंसियां)। ठाणे में एक युवक की आत्महत्या मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस ने फोन चैट के आधार पर महिला पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने एक 21 वर्षीय महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जिस पर ठाणे में एक युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। पुलिस को उसके व्हाट्सएप चैट का पता चला है, जिसमें उसने युवक को आत्महत्या करने के लिए उकसाया था।

मानपाड़ा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि 26 जून को डोंबिवली (पूर्व) के सागव में वरचापाड़ा इलाके में 21 वर्षीय साहिल सहदेव ठाकुर अपने घर में फांसी पर लटका हुआ मिला।

# जानिए उस वकील के बारे में जो कोर्ट सुनवाई के दौरान पी रहे थे बियर, पड़ गया भारी



अहमदाबाद, 2 जुलाई (एजेंसियां)। गुजरात हाईकोर्ट में एक मामले पर वर्चुअल सुनवाई चल रही थी। इसी बीच एक ऐसी तस्वीर सामने आई जिसने सभी को चौंका दिया। एक वकील सुनवाई के दौरान बियर पीते हुए नजर आए। इसी के बाद अब वकील पर एक्शन लिया गया है। गुजरात हाईकोर्ट में 26 जून को सुनवाई के दौरान सीनियर वकील वर्चुअल सुनवाई के बीच में बियर पीते साफ दिखाई दिए।

इसी के बाद कोर्ट ने सोमवार को उन पर एक्शन लिया। सीनियर वकील भास्कर तन्ना के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। जस्टिस एएस सुपेहिया और आरटी वच्छानी की बेंच ने तन्ना की इस हरकत को अपमानजनक करार दिया। इसी के साथ उन पर एक्शन लेते हुए उन्हें वर्चुअल मोड से पेश होने पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि आदेश को मुख्य न्यायाधीश के सामने रखा जाएगा। कोर्ट ने कहा, अगला आदेश पारित होने तक, हम भास्कर तन्ना को इस पीठ के सामने वर्चुअल मोड के जरिए उपस्थित होने पर प्रतिबंधित लगाते हैं। हम मुख्य न्यायाधीश को इसकी जानकारी देंगे। वर्चुअल सुनवाई का एक वीडियो सामने आया है। 26 जून को जस्टिस संदीप भट्ट के सामने वकील तन्ना को मग से बीयर पीते हुए देखा गया। डिवीजन बेंच ने कहा कि तन्ना की यह कथित हरकत बार के युवा सदस्यों को प्रभावित करती है जो वरिष्ठ वकीलों को रोल मॉडल के रूप में देखते हैं। बेंच ने कहा, इस तरह का कृत्य निस्संदेह युवा वकील को प्रभावित करता है क्योंकि बार वरिष्ठ वकील को रोल मॉडल और सलाहकार के रूप में लेता है। तन्ना का आचरण इस अदालत की तरफ से उन्हें दिए गए वरिष्ठ वकील के विशेषाधिकार को अपवित्र करता है। साथ ही बेंच ने यह भी कहा, हमारी राय में, उन्हें दिए गए वरिष्ठ वकील के टाइटल पर फिर से विचार करने की जरूरत है। अदालत ने कहा कि तन्ना के इस "घृणित और जघन्य" हरकत के बहुत व्यापक परिणाम होंगे और अगर इसे नजरअंदाज किया गया या इसकी अवहेलना की गई तो यह कानून के शासन के लिए विनाशकारी होगा। इसमें कहा गया, हम रजिस्ट्री को वरिष्ठ वकील भास्कर तन्ना के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का निर्देश देते हैं। रजिस्ट्री अगली सुनवाई की तारीख से पहले एक रिपोर्ट पेश करेगी। हाईकोर्ट ने रजिस्ट्री को तन्ना को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया और उन्हें बेंच के सामने वर्चुअल रूप से उपस्थित होने पर रोक लगा दी। साथ ही वकील पर अवमानना कार्यवाही की सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी।

## इंदौर के सरकारी स्कूल में नाबालिग बच्चियों के साथ शोषण

### एसडीएम की रिपोर्ट में हुआ खुलासा, 9 साल बाद भी एफआईआर नहीं; पीएमओ ने लिया संज्ञान

इंदौर, 2 जुलाई (एजेंसियां)। इंदौर जिले के खुड़ैल क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल में नाबालिग छात्राओं के शोषण का मामला सामने आया है। दो शिक्षकों पर अश्लील बातें करने, मारपीट करने और छात्राओं की लैंगिक गरिमा के खिलाफ अमानवीय व्यवहार करने के आरोप हैं। ये खुलासा महिला एसडीएम नीता राठौर की जांच रिपोर्ट में हुआ है। अब तक किसी भी थाना में एफआईआर दर्ज नहीं होने के कारण इस मामले में हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की जा रही है। आरटीआई एक्टिविस्ट और समाजसेवी जितेन्द्र सिंह यादव ने 6 मई 2016 को इंदौर के पुलिस अधीक्षक, महिला थाना और थाना खुड़ैल में लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में आरोप था कि स्कूल के दो शिक्षक नाबालिग छात्राओं से अश्लील व दोअर्थी बातें करते हैं,

# दलाई लामा बोले- गादेन फोडरंग ट्रस्ट के पास भावी पुनर्जन्म को मान्यता देने का एकमात्र अधिकार



धर्मशाला, 2 जुलाई (एजेंसियां)। दलाई लामा के पुनर्जन्म को लेकर आज से तीन दिन तक महामंथन हो रहा है। बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा तिब्बत की चार प्रमुख बौद्ध परंपराओं के धर्मगुरुओं के साथ चर्चा करेंगे। दलाई लामा पहले ही चीन से बाहर किसी स्वतंत्र समाज में पुनर्जन्म की बात कर चुके हैं। जबकि चीन ने दलाई लामा के बयान का खंडन किया था, चीन उत्तराधिकारी नियंत्रित करने में जुटा है । इस दौरान दलाई लामा संस्था की निरंतरता की पुष्टि करने वाला एक वक्तव्य सामने आया है। इस वक्तव्य के अनुसार 24 सितंबर 2011 को तिब्बती आध्यात्मिक परंपराओं के प्रमुखों की एक बैठक में दलाई लामा ने तिब्बत में और उसके बाहर रहने वाले साथी तिब्बतियों, तिब्बती बौद्ध धर्म के अनुयायियों और तिब्बत और तिब्बतियों से जुड़े लोगों के सामने एक बयान दिया था, जिसमें पूछा था कि क्या दलाई लामा की संस्था जारी रहनी चाहिए।

उन्होंने कहा, '1969 में ही मैंने स्पष्ट कर दिया था कि संबंधित लोगों को यह तय करना चाहिए कि भविष्य में दलाई लामा के पुनर्जन्म को जारी रखा जाना चाहिए या नहीं।' दलाई लामा ने यह भी कहा, 'जब मैं लगभग नब्बे वर्ष का हो जाऊंगा तो मैं तिब्बती बौद्ध परंपराओं के उच्च लामाओं, तिब्बती जनता और तिब्बती बौद्ध धर्म का पालन करने वाले अन्य चिंतित लोगों से परामर्श करूंगा, ताकि इस बात का पुनर्मूल्यांकन किया जा सके कि दलाई लामा की संस्था जारी रहनी चाहिए या नहीं।'

हालांकि दलाई लामा ने इस मुद्दे पर कोई सार्वजनिक चर्चा नहीं की है, लेकिन पिछले 14 वर्षों में तिब्बत की आध्यात्मिक परंपराओं के नेताओं, निर्वासित तिब्बती संसद के सदस्यों, विशेष आम सभा की बैठक में भाग लेने वालों, केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के सुदस्यों, गैर सरकारी संगठनों, हिमालयी क्षेत्र, मंगोलिया, रूसी संघ के बौद्ध गणराज्यों और मुख्य भूमि चीन सहित एशिया के बौद्धों ने उन्हें कारणों के साथ पत्र लिखकर आग्रह किया है कि किया है कि दलाई लामा की संस्था जारी रहे। विशेष रूप से तिब्बत में रहने वाले तिब्बतियों से से विभिन्न माध्यमों से संदेश मिले हैं जिनमें यही अपील की गई है। इन सभी अनुरोधों के अनुसार, वह पुष्टि कर रहे हैं कि दलाई लामा की संस्था जारी रहेगी। भावी दलाई लामा को मान्यता देने की प्रक्रिया 24 सितंबर 2011 के बयान में स्पष्ट रूप से स्थापित की गई है, जिसमें कहा गया है कि ऐसा करने की जिम्मेदारी केवल परम पावन दलाई लामा के कार्यालय, गादेन फोडरंग ट्रस्ट के सदस्यों पर होगी।

उन्हें तिब्बती बौद्ध परंपराओं के विभिन्न प्रमुखों और दलाई लामाओं की वंशावली से अविभाज्य रूप से जुड़े विश्वसनीय शपथबद्ध धर्म रक्षकों से परामर्श करना चाहिए। उन्हें तदनुसार पिछली परंपरा के अनुसार खोज और मान्यता की प्रक्रियाओं को पूरा करना चाहिए।

# दीपक और दिव्या को बड़ा झटका

### रोहतक के मगन हत्याकांड में अग्रिम जमानत याचिका खारिज पुलिस करेगी गिरफ्तारी



रोहतक, 2 जुलाई (एजेंसियां)। रोहतक जिले के डोभ गांव में हुए मगन सुसाइड कांड में मुख्य आरोपियों दीपक और दिव्या को अदालत से बड़ा झटका लगा है। बुधवार को रोहतक की अदालत ने दोनों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अब पुलिस दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ करेगी और मामले में आगे की जांच को गति देगी। मगन उर्फ अजय सुहाग ने 18 जून 2025 को अपने गांव डोभ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से पहले मगन ने सोशल मीडिया पर दो वीडियो पोस्ट किए थे, जिसमें उसने अपनी पत्नी दिव्या और उसके कथित प्रेमी दीपक पर गंभीर आरोप लगाए। मगन ने दावा किया था कि दोनों उस पर अपने पिता की हत्या करने और पुश्तैनी जमीन बेचकर मुंबई में फ्लैट खरीदने का दबाव डाल रहे थे। साथ ही, दीपक के कथित प्रमोशन के लिए 5 लाख रुपये की मांग की जा रही थी। मगन ने यह भी बताया कि दिव्या ने उसे अपने प्रेमी दीपक के साथ अश्लील वीडियो भेजे, जिससे वह मानसिक रूप से टूट गया।अदालत में बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान, दीपक और दिव्या की अग्रिम जमानत याचिका पर विचार किया गया। अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया कि दोनों पर मगन को आत्महत्या के लिए उकसाने का गंभीर आरोप है, और उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत मौजूद हैं।

मगन के मोबाइल फोन की फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है, जिसमें अश्लील वीडियो और अन्य सबूत मिलने की संभावना है। अदालत ने इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी। मगन के पिता रणवीर सिंह ने अदालत के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि मेरे बेटे को इंसाफ मिलना चाहिए। जिन लोगों ने उसे इस कदर प्रताड़ित किया कि उसने अपनी जान दे दी, उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। रणवीर ने पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रोहतक पुलिस की एक टीम पहले ही मुंबई पहुंच चुकी है, जहां दीपक और दिव्या की लोकेशन मिलने की सूचना थी। पुलिस अब आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर लेगी, ताकि उनसे मगन के मोबाइल और रुपये की बरामदगी की जा सके।

## मध्य प्रदेश में अगले 4 दिन तक होगी भारी बारिश, 18 जिलों में जारी किया गया अलर्ट



भोपाल, 2 जुलाई (एजेंसियां)। देश में मॉनसून की एंट्री होने के साथ ही अलग-अलग राज्यों में जोरदार बारिश देखने को मिल रही है। इस बीच मध्य प्रदेश के भोपाल, नीमच, नर्मदापुरम, रतलाम और उज्जैन में भी जोरदार बारिश हो रही है। इस कारण मध्य प्रदेश के 18 जिलों में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है। अलर्ट के मुताबिक, 8 जिलों में अगले 24 घंटे के दौरान 8 इंच तक पानी होने की संभावना जताई गई है। बता दें कि बारिश के पहले दौर में ही भोपाल के निचले इलाके जलमग्न हो गए थे। भीषण बारिश के कारण ओल्ड भोपाल रेलवे स्टेशन के पास अल्पना तिराहे के इलाके में घुटने तक जलजमाव देखने को मिला था। बता दें कि लगातार हो रही बारिश और जलजमाव के कारण बाढ़ का पानी होटलों और दुकानों तक में घुस गया। इसके अलावा कई गाड़ियां पानी में फंसने की वजह से बंद हो गई थीं। इसके अलावा मध्य प्रदेश की डिटेल में अगर बात करें तो बुधवार की सुबह से ही भोपाल, सीहोर, रायसेन, उज्जैन, नर्मदापुरम, रतलाम में बारिश हो रही है। इस कारण कई सड़कें जलमग्न हो चुकी हैं। इन इलाकों में हो रही जोरदार बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। भारी बारिश के कारण नीमच-कोटा हाईवे को बंद कर दिया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 4 दिन तक मध्यप्रदेश में ऐसा ही मौसम बना रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, मॉनसून टर्फ मध्य प्रदेश से गुजर रही है।

साथ ही एक लो प्रेशर एरिया भी इस इलाके में एक्टिव है। इस कारण मध्य प्रदेश में जोरदार बारिश देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, राज्य के कुछ जिलों में अति भारी बारिश होगी। इन जिलों में डिंडौरी, नीमच, मंदसौर, बालाघाट, सीधी, रतलाम, सिंगरौली और मंडला शामिल हैं। इसके अलावा कई जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी कर दिया गया है। भोपाल में लगातार हो रही बारिश के कारण शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं।

## हिमाचल प्रदेश में मॉनसून ने ढाया कहर, बादल फटने की घटनाओं में 10 लोगों की मौत

मंडी, 2 जुलाई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में बुधवार को भी मॉनसून का कहर जारी रहा। पिछले 24 घंटों में बादल फटने की 10 और घटनाएं सामने आईं। इस बीच अधिकारियों ने दो और शवों को बरामद किया है, जिसके बाद बारिश और भूस्खलन से संबंधित घटनाओं में मरने वालों की संख्या 10 हो गई। बता दें कि इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हिमाचल प्रदेश का मंडी जिला हुआ है। यहां अचानक बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की कई घटनाएं देखने को मिली, इस कारण मंडी में भीषण तबाही मची है। क्षेत्र में लगातार भारी बारिश के कारण ब्यास नदी का पानी भी उफान पर है, इस वजह से मंडी जिले को बाढ़ का भी सामना करना पड़ रहा है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जिसमें अगले कुछ दिनों में अत्यधिक भारी बारिश, भूस्खलन और अचानक बाढ़ की चेतावनी दी गई है।

अधिकारियों ने निवासियों को सतर्क रहने और संवेदनशील क्षेत्रों में यात्रा करने से बचने की सलाह दी है। मंडी के थुनाग, करसोग के कुट्टी बाईपास, करसोग के पुराना बाजार, करसोग के रिक्की, गोहर के स्यांज, गोहर के बस्सी, गोहर के तलवाड़ा, धर्मपुर के स्याथी और धर्मपुर के भदारना समेत कई इलाकों में बादल फटने से नुकसान की खबर है। भीषण बारिश, बादल फटने और भूस्खलन के कारण बुधवार की सुबह 10 बजे तक हिमाचल प्रदेश की 282 सड़कें बंद रहीं।

इसके अलावा 1361 बिजली के ट्रांसफार्मर और 639 जलापूर्ति योजनाएं प्रभावित हुई हैं। मंडी जिले में सबसे ज्यादा 182 सड़कों के बंद होने की सूचना मिली है। इसके बाद कुल्लू में 37, शिमला में 33 और सिरमौर में 12 सड़कें बंद हैं।

## 16 साल के छात्र को बार-बार ले जाती थी 5 स्टार होटल करती थी गंदा काम, इंग्लिश की लेडी टीचर गिरफ्तार



मुंबई, 2 जुलाई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुंबई से एक प्रतिष्ठित स्कूल में पढ़ाने वाली महिला टीचर की गंदी हरकत सामने आई है। उसने एक साल तक 16 साल के छात्र के साथ शारीरिक संबंध बनाए। छात्र ने बाद में परिजनों को पूरी कहानी सुनाई तो कुछ दिन वो शांत रहे क्योंकि तब वो उसी के स्कूल में पढ़ रहा था। फिर जब परीक्षाएं खत्म हुईं तो परिवार ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। फिलहाल महिला टीचर को अरेस्ट कर लिया है। उससे पूछताछ जारी है। बताया ये भी जा रहा है कि इंग्लिश की इस टीचर ने कई मौकों पर छात्र का यौन शोषण किया था। इसके अलावा वह उसे शराब परोसती थी और फाइव स्टार होटलों में ले जाती थी।

पुलिस ने बताया है कि यौन शोषण का यह सिलसिला एक साल से ज्यादा समय तक चला। जब परिवार ने छात्र के व्यवहार में बदलाव देखा, तो उसने कथित तौर पर खुलकर यौन शोषण की बात बताई। हालांकि, परिवार को लगा कि स्कूल पास करने में कुछ ही महीनों का समय बाकी है, तो वो चुप रहे। उन्हें उम्मीद थी कि टीचर बच्चे का पीछा छोड़ देगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पुलिस ने बताया कि इस साल छात्र बोर्ड की परीक्षा पास कर गया, लेकिन वह डिप्रेशन में था। मामले ने दोबारा तूल तब पकड़ा, जब टीचर ने घरेलू नौकर के जरिए बच्चे से फिर संपर्क साधने की कोशिश की। उसने संदेश भिजवाया कि वह मिलना चाहती है। पुलिस ने कहा- तब परिवार ने हमारे पास आने का फैसला किया और केस दर्ज कराया। टीचर की उम्र 40 साल बताई जा रही है और वह शादीशुदा है। साथ ही उसका एक बच्चा भी है। जबकि, पीड़ित छात्र 11 कक्षा में था और 16 साल का था। शिकायत में कहा गया है कि वह दिसंबर 2023 में हाई स्कूल के वार्षिक समारोह के दौरान डांस ग्रुप बनाने के समय वह कई बार छात्र के संपर्क में आई। तब वो उसके प्रति आकर्षित हो गई। जनवरी 2024 में उसने पहली बार छात्र के सामने संबंधों का प्रस्ताव रखा।

छात्र ने शुरुआत में दूरी बनाना शुरू कर दी। इसके बाद टीचर ने स्कूल से अन्य उसकी एक महिला मित्र का सहारा लिया और बात आगे बढ़ाई। इस मामले में दोस्त के खिलाफ भी केस दर्ज हुआ है। उसने कथित तौर पर पीड़ित छात्र से कहा था कि वो दोनों एक दूसरे के लिए बने हैं और उम्रदराज महिलाओं और लड़कों के बीच रिलेशनशिप आम बात है।

# अमर कथा सुनते समय सो गई माता पार्वती



बाबा अमरनाथ की यात्रा के लिए पहला जत्था 2 जुलाई को रवाना हो गया। 3 जुलाई गुरुवार से बाबा अमरनाथ के दर्शन शुरू होंगे। श्रद्धालु पवित्र अमरनाथ की गुफा के मंदिर में पहुंचकर बाबा बर्फानी के दर्शन करेंगे। बाबा अमरनाथ कोई और नहीं, भगवान शिव हैं। माता पार्वती ने भगवान भोलेनाथ से अमरत्व के रहस्य के बारे में पूछा तो उन्होंने पवित्र गुफा में अमरत्व की कथा सुनाई, लेकिन बीच में माता पार्वती सो गईं। फिर अमरनाथ की गुफा में उस अमर कथा को किसने सुना?

**अमर कथा से पूर्व शिवजी ने किए ये त्याग**

भगवान शिव माता पार्वती को अमरत्व की कथा एकांत में सुनाना चाहते थे, इसलिए उन्होंने एकांत गुफा की तलाश की। उस गुफा में जाने से पहले भगवान भोलेनाथ ने अपने प्रिय वस्तुओं का त्याग कर दिया। उन्होंने गणेश जी, वासुकी, नंदी, चंद्र देव और पंचतत्वों का त्याग कर दिया। वे रास्ते में जाते समय सबसे पहले नंदी को पहलगाम में, चंद्र देव को चंदनवाड़ी में, शेषनाग झील के पास वासुकी को, गणेश जी को महागुनस पर्वत पर और पंचतत्वों को पंचतरणी में त्याग दिया था। इस समय जब आप अमरनाथ यात्रा करते हैं तो भी ये जगहें आज भी मौजूद हैं।

**अमरनाथ की कथा**

शिवपुराण में अमरनाथ की कथा वहां से शुरू होती है, जब माता पार्वती महादेव से पूछती हैं कि आप तो अजर, अमर, अविनाशी और अजन्मा हैं। न आपका कोई अंत है और न ही प्रारंभ। लेकिन शिव के लिए शक्ति को ही बार बार क्यों जन्म लेना पड़ता है? हर बार उनको ही जन्म लेकर कठोर तप और परीक्षा क्यों देनी होती है? आपको पति स्वरूप में पाने के लिए कठोर तपस्या करनी पड़ती है? आपके अमर होने का रहस्य क्या है?

माता पार्वती भगवान शंकर से अमरत्व का रहस्य जानने का हठ करने लगीं। तो आदिशक्ति के इस हठ से महादेव विवश हो गए। तब उन्होंने माता पार्वती को अमर कथा सुनाने का निर्णय लिया। उन्होंने यह कथा सुनाने के लिए एक एकांत और शांत गुा का चुनाव किया। वे अपने सभी प्रिय गणों, पुत्र गणेश और पंचतत्वों को त्यागकर माता पार्वती के साथ उस गुफा में चले गए।

**माता पार्वती के साथ शुक भी सुन रहा था कथा**

उस एकांत गुफा में भगवान भोलेनाथ ने अमर कथा सुनानी प्रारंभ की। महादेव उनको कथा सुनाते तो माता पार्वती बीच बीच में हुंकार भरती थीं, इसका अर्थ था कि वह कथा ध्यान से सुन रही हैं। कथा सुनते-सुनते माता पार्वती सो गईं। उस गुफा में एक शुक था, जो उस कथा को सुन रहा था। जब माता पार्वती सो गईं, तो उस शुक ने कथा के बीच बीच में हुंकार भरना शुरू कर दिया।

महादेव कथा सुना रहे थे, लेकिन एक जगह उनको ऐसा लगा कि देवी पार्वती सो गई हैं। फिर उनका ध्यान इस ओर गया कि जब पार्वती जी सो गई हैं, तो कथा के बीच में हुंकार कौन भर रहा था। इस अमर कथा को और किसने सुन लिया? भगवान शिव के आंखों से शुक का बचना असंभव था।

**शिव जी के डर से 12 साल तक गर्भ में रहा शुक**

वे समझ गए कि यह अमर कथा इस शुक्र ने सुनी है। इससे भगवान शिव अत्यंत क्रोधित हो गए। उन्होंने उस शुक का वध करने के लिए त्रिशूल छोड़ दिया। मृत्यु के डर से शुक तीनों लोकों में भागने लगा। वह भागते-भागते वेद व्यास के आश्रम में पहुंचा। वहां पर उसने अपना लघु रूप धारण किया और वेद व्यास जी की पत्नी के मुख से होकर पेट में चला गया। वह 12 साल तक उनके गर्भ में रहा।

**भगवान श्रीकृष्ण के कहने पर बाहर आए शुक देव**

भगवान श्रीकृष्ण को यह बात पता चली तो वे वेद व्यास के आश्रम गए। उन्होंने जब आश्वासन दिया तो शुक गर्भ से बाहर आए। वही व्यास जी के पुत्र शुक देव कहे गए। गर्भ में ही उनको वेदों, पुराणों, उपनिषदों आदि का ज्ञान प्राप्त कर लिया था।


**दो कबूतरों की कथा**

इस कथा में यह भी कहा जाता है कि शुक की जगह दो कबूतरों ने वह अमर कथा सुनी थी। वे दो कबूतर कथा के बीच-बीच में हुंकार भर रहे थे। यह जानकर शिवजी क्रोधित हुए तो उन दो कबूतरों ने भगवान शिव से क्षमा मांगी। तब उन्होंने दोनों कबूतरों को आशीर्वाद दिया कि तुम दोनों इस पवित्र गुफा में शिव और शक्ति के प्रतीक माने जाओगे, यहीं पर वास करोगे। शिव भक्तों की मान्यता है कि अमरनाथ गुफा में आज भी वे दोनों कबूतर देखे जाते हैं।

**अमरनाथ गुफा में दर्शन देते हैं बाबा बर्फानी**

इस पवित्र अमरनाथ गुफा में बाबा बर्फानी हर साल दर्शन देते हैं। हर साल इस गुफा में हिम निर्मित शिवलिंग के दर्शन होते हैं। इसके दर्शन के लिए सावन माह में भक्तों की भीड़ लगती है। इस गुफा तक पहुंचे की यात्रा ही अमरनाथ यात्रा के नाम से प्रसिद्ध है। सावन पूर्णिमा को अमरनाथ यात्रा का समापन होता है।

# कौन है देवताओं के गुरु बृहस्पति क्यों कहा जाता है भगवान विष्णु का अंशावतार



हिंदू धर्म में जब बात आती है ज्ञान, धर्म और सद्गुणों की, तो एक नाम सबसे पहले आता है, बृहस्पति। बृहस्पति को देवताओं का गुरु कहा जाता है और नवग्रहों में सबसे प्रमुख ग्रह भी यही हैं। बृहस्पति को गुरु ग्रह भी कहा जाता है, जिनकी बुद्धि, नीतिशास्त्र और वेदज्ञान पर स्वयं इंद्र तक निर्भर रहते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बृहस्पति ना केवल देवताओं के सलाहकार हैं, बल्कि उनका सीधा संबंध भगवान विष्णु से भी जुड़ा है?

**कौन हैं गुरु बृहस्पति?**

बृहस्पति ग्रह, जिनको गुरु, देवगुरु या ब्रह्मणस्पति भी कहा जाता है, अंगिरा ऋषि के पुत्र हैं और इनकी माता का नाम सुरूपा है। गुरु ग्रह के पुत्र का नाम कच है, जो असुरों के गुरु शुक्राचार्य के आश्रम में शिक्षा के लिए गए थे। गुरु ग्रह का रूप पीतवर्ण, वक्षस्थल पर रत्नमाला, कमण्डल और वेदधारी है। यह नवग्रहों में 'बृहस्पति ग्रह' के अधिपति माने जाते हैं और गुरुवार का दिन इन्हीं को समर्पित होता है। वैदिक ज्योतिष में गुरु ग्रह को ज्ञान, धर्म, शिक्षा, संतान, विवाह, न्याय, और गुरुओं का कारक माना जाता है। इनकी शुभता से व्यक्ति को राजकीय मान, संतान सुख, और धार्मिक उन्नति प्राप्त होती है। गुरु ग्रह वृष, कर्क, धनु और मीन में शुभ फल देते हैं।

**भगवान विष्णु के अंशावतार गुरु बृहस्पति**

शास्त्रों के अनुसार बृहस्पति जी को भगवान विष्णु का अंशावतार या उनका अंश रूप माना गया है। बृहस्पति जी, धर्म, वेद, ज्ञान और नीति के देवता हैं और ये सभी गुण भगवान विष्णु के ही अंश हैं। भगवान विष्णु सहिष्णुता, धैर्य, नीति और ज्ञान के स्वामी हैं, ये गुण बृहस्पति के माध्यम से संसार में कार्य करते हैं। वेदों में इनका वर्णन वाणी के अधिपति, बुद्धि के जनक और शांतिदाता के रूप में हुआ है। देवताओं के सभी यज्ञ, निर्णय, मंत्र और युद्धनीतियों में गुरु बृहस्पति की सलाह अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

**धर्म और नीति का संगम**

जहां बृहस्पति धर्म और सदाचार के प्रतीक हैं, वहीं विष्णु पालनकर्ता और धर्म की रक्षा करने वाले। भगवान विष्णु के हर अवतार में बृहस्पति की नीति और ज्ञान की छाया देखी जा सकती है। विष्णु के सहस्त्रनामों में भी 'बृहस्पतिः' नाम आता है यानी जो गुरु समान हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि भगवान विष्णु की लीला में बृहस्पति का बौद्धिक मार्गदर्शन सदा शामिल रहा है। रामायण में ऋषि वशिष्ठ और महाभारत में कृष्ण के रणनीतिक पक्ष में जो धर्म और नीति का पक्ष आता है, वह ब्रह्म ज्ञान की परंपरा से आता है, जिसके मूल में बृहस्पति की विद्या है। कुछ ग्रंथों में यहां तक वर्णन है कि भगवान राम और श्रीकृष्ण ने अपने-अपने समय में गुरु बृहस्पति की उपासना कर मार्गदर्शन प्राप्त किया था।

**गुरुवार को गुरु बृहस्पति की पूजा क्यों की जाती है?**

गुरुवार का दिन बृहस्पति ग्रह को समर्पित होता है, जो विवाह, शिक्षा, नौकरी, धन और संतान के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। गुरु बृहस्पति की पूजा करने से परिवार में सुख-शांति बनी रहती है, वाणी में मिठास और प्रभाव बढ़ता है। सरकारी नौकरी, शिक्षक या न्यायिक सेवा में सफलता मिलती है। कुंडली में बृहस्पति दोष से मुक्ति मिलती है, जिससे भाग्य का पूरा साथ मिलता है। साथ ही वैवाहिक जीवन में सामंजस्य बना रहता है, जिससे सभी तरह के तनाव से मुक्ति मिलती है।

**गुरु बृहस्पति मंत्र**

**ॐ बृं बृहस्पतये नमः या ॐ गुरवे नमः**

# देवशयनी एकादशी: भगवान के सोने से पहले कर लें ये तुलसी उपाय



## जागने तक नहीं होगी धन की कमी! लक्ष्मी करेंगी कृपा

आचार्य आनंद भारद्वाज के अनुसार इस बार यह देवशयनी एकादशी और खास होने वाली है। क्योंकि इस दिन कई शुभ योग का निर्माण हो रहा है।

कब मनाई जाएगी देवशयनी एकादशी?

वैदिक पंचांग के अनुसार, आषाढ़ शुक्ल एकादशी की तिथि 5 जुलाई को शाम 6 बजकर 58 मिनट से प्रारंभ होकर 6 जुलाई की रात 9 बजकर 14 मिनट तक रहेगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, व्रत रखने का उत्तम दिन 6 जुलाई है। इस दिन भगवान श्रीहरि विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। जीवन में आ रही परेशानियों से मुक्ति मिलती है।

6 जुलाई को देवशयनी एकादशी है, यानी अब कुछ ही दिन बचे हैं। मान्यता है कि इस एकादशी के बाद श्रीहरि विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं और 4 महीने का चातुर्मास शुरू हो जाता है। इस दौरान कोई शुभ काम जैसे शादी-मुंडन, गृह प्रवेश, नया व्यापार आदि नहीं शुरू किए जाते। वहीं, एकादशी पर तुलसी पूजा का भी खास महत्व है। लेकिन, देवशयनी एकादशी पर तुलसी पूजा जरूर करनी चाहिए। वहीं, श्रीहरि की योग निद्रा से पहले किया गया एक तुलसी उपाय बेहद लाभकारी माना गया है।

मान्यता है कि देवशयनी एकादशी के अगले दिन से चातुर्मास की शुरुआत होती है। इस दिन से भगवान विष्णु चार महीने की योग निद्रा में चले जाते हैं। चार महीने तक सृष्टि की देखभाल भगवान शिव संभालते हैं। तभी तो इस तिथि के अलगे दिन सावन शुरू हो जाता है। अगले चार महीने तक इस दौरान विवाह जैसे मांगलिक कार्य वर्जित होते हैं। साधना, उपवास व संयम को विशेष महत्व दिया जाता है। उज्जैन के

**जरूर करें यह उपाय**

बहुत प्रयास के बाद भी वैवाहिक जीवन सुखमय नहीं चल रहा है तो देवशयनी एकादशी के दिन तुलसी के पौधे को 16 श्रृंगार की सामग्री अर्पित करें। यह बहुत ही लाभकारी है।

इससे वैवाहिक जीवन में खुशहाली आती है। अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मिलता है।

घर में कलह मची है। शांति नहीं बनी रहती तो देवशयनी एकादशी के दिन तुलसी के पौधे पर कलावा चढ़ाएं। इससे घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव कम होता है, जिससे सुख-समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

नौकरी या व्यापार में अगर बहुत प्रयास के बाद भी विघ्न-बाधा आ रही है तो देवशयनी एकादशी को तुलसी के पास 11, 21 या 51 दीपक जलाकर तुलसी चालीसा का पाठ करना चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से बाधाएं दूर होती हैं।

# कोशिश के बाद भी नहीं मिल रही पसंदीदा या सरकारी नौकरी

## तो इन मंत्रों के जप से जल्द होगा समाधान



आज की प्रतिस्पर्धा भरी दुनिया में हर युवा का सपना होता है कि उसके पास एक अच्छी नौकरी हो। ताकि वह अपनी और अपने परिवार की इस मंहगाई के दौर में जरूरतों को पूरा कर सकें। वहीं अगर नौकरी सरकारी हो, तो यह सोने पे सुहागा की तरह होता है। कड़ी मेहनत करने के बाद भी काफी समय से नौकरी नहीं मिल रही है तो ज्योतिष शास्त्र में इसके कुछ उपाय बताए गए हैं। ज्योतिष में ऐसे कुछ मंत्रों के बारे में बताया गया है, जिनको हर सुबह शाम जपने मात्र से ना केवल आपकी नौकरी की समस्या का समाधान होगा बल्कि जीवन में कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। आइए जानते हैं पसंदीदा नौकरी या सरकारी नौकरी प्राप्त करने के लिए कौन से मंत्रों का जप करें...

**ॐ गं गणपतये नमः**

गणेशजी को विघ्नहर्ता और सफलता का देवता माना जाता है। किसी भी प्रतियोगी परीक्षा, इंटरव्यू या आवेदन की प्रक्रिया की शुरुआत इस मंत्र से करें। मंत्र जप करने से मन मजबूत होगा और रास्ते साफ महसूस होंगे। गणेशजी की कृपा से आपकी इच्छा भी जल्द पूरी होगी।

**ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः**

ग्रहों के राजा सूर्य आत्मबल और नेतृत्व के प्रतीक हैं। इस मंत्र का जप करने से सरकारी पदों, प्रशासनिक सेवाओं (IAS, PCS) या आर्मी-पुलिस जैसी नौकरी के इच्छुक युवाओं के लिए बेहद लाभकारी माना गया है।

**ऊँ ऐं क्लीं श्रीं नमः**

यह एक अत्यंत प्रभावशाली बीज मंत्र है जिसे बुधवार को प्रारंभ करें। यह बुद्धि और संवाद की शक्ति देता है, जिससे इंटरव्यू और परीक्षा में सफलता संभव होती है। इस मंत्र को हर दिन 108 बार जप करें।

**ॐ हनुमते नमः**

जब मन में डर, असफलता का भय या पिछली हार की टीस हो तो यह मंत्र हनुमानजी से शक्ति और साहस पाने का रास्ता बनाता है। हर दिन सुबह 108 बार इस मंत्र का जप करें।

**ॐ शं शनैश्चराय नमः, ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः**

शनिदेव के इन मंत्रों का जप करने से नौकरी प्राप्ति में जो भी बाधाएं चल रही हैं, वह दूर हो जाएंगी। साथ ही शनिदेव की कृपा से आपकी मदद के लिए कई लोग भी आएंगे।

**ॐ ह्रीं क्लीं श्रीं लक्ष्मी नारायणाय नमः**

सरकारी नौकरी या पसंदीदा नौकरी प्राप्त करने के लिए इस मंत्र का जप करना बेहद उत्तम माना जाता है। इस मंत्र को सूर्य को अर्घ्य देने के बाद 108 बार अवश्य करें।

# यहीं पले, यहीं बढ़े लेकिन कहां से गए परमधाम?

## प्रभु राम ने इसी जगह से छोड़ी दुनिया



यूपी के अयोध्या का नाम आते ही मन में प्रभु राम की तस्वीर उभरती होगी, जहां प्रभु बाल लीलाएं किया करते थे। भगवान की स्मृतियों को समेटे हुए अयोध्या में कई ऐसे दर्शनीय स्थल आज भी हैं, जो अपने आप में अद्भुत हैं। मंदिर और मूर्तियों की नगरी अयोध्या पूरे विश्व में प्रभु राम के जन्मस्थान के रूप में पहचानी जाती रही है। अयोध्या में करीब 10000 मठ-मंदिर हैं। प्रत्येक मठ-मंदिर में प्रभु राम और माता जानकी की उपासना होती है, लेकिन इसी अयोध्या में प्रभु राम के जीवन से जुड़ी कुछ ऐसी जगहें जो आज भी त्रेतायुग का अहसास कराती हैं। ऐसा ही एक जगह है, जहां प्रभु राम लंका विजय करने के बाद अपने परमधाम गए थे। आइये जानते हैं कि प्रभु राम कहां से अपने परमधाम गए थे और वह जगह कहां है।

**मुक्ति पाने की इच्छा**

अयोध्या में एक स्थान गुप्तार घाट है। धार्मिक मान्यता है कि जब प्रभु राम अपने धाम को जाने लगे तो वह सरयू नदी के तट पर स्थित गुप्तार घाट से ही गए थे। इस बात की पुष्टि रामायण में भी मिलती है। गुप्तार घाट पर कई छोटे-छोटे मंदिर हैं, जिनके दर्शन से ही भक्तों को आनंद की प्राप्ति होती है। इस दिव्य स्थल पर श्रद्धालु मुक्ति पाने की इच्छा लेकर भी आते हैं। अयोध्या आने वाले श्रद्धालु यहां हरियाली का आनंद लेते हैं और सरयू में स्नान कर पुण्य भी अर्जित करते हैं।

# कैसे होते हैं V अक्षर के नाम वाले लोग?

ज्योतिष शास्त्र में व्यक्ति के नाम के पहले अक्षर से उसके स्वभाव, सोच, करियर और जीवन की दिशा का अंदाजा लगाया जाता है। जिन लोगों का नाम अंग्रेजी के V अक्षर से शुरू होता है, वे जीवन में एक अलग ही प्रकार की ऊर्जा और व्यक्तित्व लेकर चलते हैं। भले ही इनका स्वभाव शांत दिखाई दे, लेकिन इनके भीतर एक जबरदस्त जुनून और नेतृत्व क्षमता छिपी होती है। चलिए जानते हैं ज्योतिष की दृष्टि से V नाम वाले लोगों के बारे में विस्तार से।

V अक्षर से नाम वाले लोग बहुत ही आत्मविश्वासी होते हैं। वे अपनी बात को बिना डरे और पूरी स्पष्टता से सामने रखने में यकीन रखते हैं। इनका व्यक्तित्व इतना प्रभावशाली होता है कि लोग इनकी ओर खुद-ब-खुद आकर्षित हो जाते हैं। चाहे वह प्रोफेशनल लाइफ हो या पर्सनल, ये लोग अपने दम पर सबकुछ मैनेज करने की क्षमता रखते हैं। इनका अंदाज कुछ हटकर होता है, और ये भीड़ में भी अलग नजर आते हैं। ये लोग जिस काम को ठान लें, उसे पूरा किए बिना चैन नहीं लेते।

**रिश्तों में ईमानदार लेकिन भावुक**

इनका दिल बहुत साफ और भावुक होता है। रिश्तों में ये ईमानदारी को सबसे ज्यादा महत्व देते हैं। एक बार किसी से जुड़ जाएं तो पूरी निष्ठा से उसे निभाते हैं। लेकिन भावनात्मक रूप से बहुत जल्दी प्रभावित हो जाते हैं, जिससे कई बार इन्हें धोखा भी मिल जाता है। प्यार और दोस्ती में ये पूरी तरह समर्पित रहते हैं, लेकिन दूसरों से भी वैसी ही उम्मीद रखते हैं। जब ये उम्मीद टूटती है, तो ये भीतर से टूट जाते हैं, लेकिन बाहर से खुद को बहुत स्ट्रॉन्ग दिखाते हैं।

**करियर और पैसा: लीडर बनने की क्षमता**

V नाम वाले लोग जिंदगी में हमेशा कुछ बड़ा करने की चाह रखते हैं। ये किसी के अधीन काम करने की बजाय खुद नेतृत्व करना पसंद करते हैं। बिजनेस, मैनेजमेंट, आर्ट, मीडिया या टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में ये बहुत अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। पैसों के मामले में ये काफी समझदार होते हैं और अपने भविष्य को लेकर प्लानिंग करके चलते हैं। हालांकि, कई बार जल्दबाजी में निर्णय ले लेते हैं, जो इन्हें भारी पड़ सकता है। इनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी चुनौती होती है ज्यादा जिद्दी और कठोर होना। V नाम वाले लोग एक बार अगर किसी बात पर अड़ जाएं, तो किसी की नहीं सुनते। कई बार यह जिद उनके रिश्तों और करियर में बाधा बन जाती है। इसके अलावा, अपने इमोशन्स को व्यक्त ना कर पाना भी इनके लिए मानसिक तनाव का कारण बनता है। दूसरों की बातों को नज़र अंदाज़ कर देना, और हमेशा खुद को सही मानना इनकी एक कमजोरी है।

# वास्तुशास्त्र के अनुसार कैसा हो आपके घर का किचन?

वास्तु के अनुसार रसोईघर के लिए आग्नेय कोण (दक्षिण-पूर्व दिशा) सबसे उत्तम माना जाता है। यह अग्नि तत्व का कोना होता है और रसोई के लिए सबसे शुभ है। यदि इस दिशा में संभव न हो, तो उत्तर-पश्चिम (वायव्य कोण) भी एक विकल्प हो सकता है, लेकिन दक्षिण-पूर्व को प्राथमिकता दें। उत्तर-पूर्व (ईशान) और दक्षिण-पश्चिम (नैऋत्य) दिशा में रसोईघर बनाने से बचें, क्योंकि यह गंभीर वास्तु दोष पैदा कर सकता है।

खाना बनाते समय आपका मुख पूर्व दिशा की ओर होना सबसे अच्छा होता है। यह स्वास्थ्य और ऊर्जा के लिए शुभ माना जाता है. यदि पूर्व संभव न हो, तो उत्तर दिशा की ओर मुख करके भी खाना बनाया जा सकता है। दक्षिण या पश्चिम दिशा की ओर मुख करके खाना बनाने से बचें। गैस स्टोव रसोई के आग्नेय कोण (दक्षिण-पूर्व) में रखें, भले ही रसोई किसी और दिशा में हो. इसे इस तरह रखें कि खाना बनाते समय आपका मुख पूर्व दिशा में रहे। चूल्हे को कभी भी सीधे दरवाजे के सामने या खिड़की के नीचे नहीं रखना चाहिए. पानी का सिंक और नल ईशान कोण (उत्तर-पूर्व दिशा) में होना चाहिए। अग्नि और जल तत्व को एक साथ नहीं रखना चाहिए, इसलिए सिंक को गैस स्टोव से दूर रखें। इन दोनों के बीच पर्याप्त दूरी होनी चाहिए।

रेफ्रिजरेटर को दक्षिण-पश्चिम, उत्तर या उत्तर-पश्चिम दिशा में रखा जा सकता है। इसे कभी भी उत्तर-पूर्व दिशा में न रखें। माइक्रोवेव, टोस्टर जैसे बिजली के उपकरण आग्नेय कोण (दक्षिण-पूर्व) में रखे जा सकते हैं।

# 'डर था कोई बेटी को सच में ना मार दे', झूठी मौत वाली खबर पर पूनम पांडे की मां ने दी प्रतिक्रिया



पूनम पांडे एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जो अपने विवादों और अनोखे अंदाज के लिए सुर्खियों में रहती हैं। एक्ट्रेस ने पिछले साल 2024 में खुद के मौत की खबर फैलाई थी, जिसने मीडिया में सनसनी मचा दी थी। हालांकि, बाद में उन्होंने बताया कि है यह सब एक झूठ था। इस वजह से अभिनेत्री को खूब आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। अब एक्ट्रेस की मां ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। चलिए सुनते हैं कि उन्होंने क्या कहा।

### गांव में मीडिया वाले आए

हाल ही में अभिनेत्री पूनम पांडे और उनकी मां इंस्टेंट बॉलीवुड के साथ एक बातचीत में शामिल हुईं। इस दौरान एक्ट्रेस की मौत वाली झूठी खबर को लेकर सवाल किया गया। इसके जवाब में उनकी मां ने कहा कि पूनम पांडे की झूठी मौत की खबर सुनकर मीडिया वाले उनके गांव में पहुंच गए थे। और गांव के लोग भी अच्छा-खराब बोल रहे थे। इसके आगे एक्ट्रेस की मां ने बताया कि सभी को डर था कि कहीं पूनम पांडे को कुछ ना हो जाए। झूठी मौत की खबर पता होने के बाद भी उनकी मां परेशान थीं और उन्हें लग रहा था कि सच में उनकी बेटी को कोई ना मार दे। हालांकि, मां के ये कहने पर एक्ट्रेस ने कहा कि भारत में ऐसे थोड़ी ना कोई मार सकता है।

### इस कारण से फैलाई थी मौत की झूठी खबर


अभिनेत्री पूनम पांडे के मैनेजर ने उनके अधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा कि 1 फरवरी 2024 को सर्वाइकल कैंसर की वजह से 32 साल की पूनम पांडे की मौत हो गई है। लेकिन अगले दिन उन्होंने कहा कि यह सर्वाइकल बीमारी के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए पब्लिक स्टंट था। हालांकि इसकी काफी आलोचना हुई।

### पूनम पांडे के बारे में

पूनम पांडे एक भारतीय मॉडल और फिल्म अभिनेत्री हैं, जिन्हें बॉलीवुड और तेलुगू सिनेमा में उनके कामों के लिए जाना जाता है। उन्होंने एक मॉडल के रूप में अपना करियर शुरू किया। अभिनेत्री को काम से ज्यादा विवादों के लिए जाना जाता है।

# क्या वीर पहाड़िया को डेट कर रही हैं तारा सुतारिया?





तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। खबरें हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हाल ही में दोनों स्टार्स की लेटेस्ट सोशल मीडिया पोस्ट्स के बाद डेटिंग की खबरें और भी तेज हो गई हैं। हालांकि, इस मामले में तारा और वीर की तरफ से अब तक कोई रिएक्शन सामने नहीं आया है।

वीर पहाड़िया ने मंगलवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें वह इटली के एक यॉट पर पोज देते हुए नजर आ रहे थे। उनके पीछे एक बड़ा सा पहाड़ दिखाई दे रहा था। इसके कुछ ही देर बाद तारा सुतारिया ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें पहाड़ और समुद्र का खूबसूरत नज़ारा दिखाई दे रहा था। इन दोनों पोस्ट्स के सामने आने के बाद फैंस कयास लगाने लगे कि तारा और वीर साथ में वेकेशन पर गए हैं।

### दोनों रैंप वॉक पर साथ आए थे नजर

बता दें, इससे पहले वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया ने लैक्मे फैशन वीक के दौरान एक साथ रैंप वॉक किया था। इसके बाद दोनों को एक पॉश रेस्टोरेंट में डिनर करते हुए स्पॉट किया गय। यहीं से दोनों के डेटिंग रूमर्स की शुरुआत हो गई।

### बादशाह के साथ भी जुड़ चुका है तारा का नाम

बता दें, रियलिटी शो 'इंडियन आइडल 15' के सेट से बादशाह और तारा सुतारिया के बीच डेटिंग की खबरें शुरू हुईं। जब शिल्पा शेट्टी ने मजाकिया अंदाज में तारा सुतारिया का नाम लेकर बादशाह को चिढ़ाया था। इस पर रैपर शर्मा गए, जिसके बाद से सोशल मीडिया पर कयास लगाए जाने लगे कि तारा और बादशाह एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।

### 2023 में हुआ था तारा और अदार का ब्रेकअप

बता दें, तारा सुतारिया ने पहले एक्टर आदर जैन को डेट किया था। दोनों चार साल तक रिलेशनशिप में रहे थे। हालांकि, साल 2023 में दोनों का ब्रेकअप हो गया था। इसके बाद आदार ने अलेखा आडवाणी के साथ शादी कर ली थी, जो पहले तारा की बेस्ट फ्रेंड थीं।

### सारा अली खान को भी डेट कर चुके हैं वीर

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे के नाती वीर पहाडिया सारा अली खान को डेट कर चुके हैं। 2018 में एक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में सारा अली खान ने इस रिश्ते को लेकर खुलकर बात की। सारा ने इंटरव्यू में कहा था, वह (वीर) इकलौता लड़का है, जिसे मैंने डेट किया है। उनके अलावा मेरी जिंदगी में कोई ब्वॉयफ्रेंड नहीं रहा।

# पहचाना कौन है ये एक्टर, करण जौहर की फिल्म में बनेगा विलेन? वरुण धवन के कमेंट ने खींचा ध्यान



बॉलीवुड के मशहूर निर्माता-निर्देशक करण जौहर अपनी फिल्मों में नए कलाकारों को मौका देने के लिए जाने जाते हैं। वहीं कई बार करण जौहर की फिल्मों की कास्टिंग लोगों को इसलिए भी हैरान कर देती है क्योंकि उनकी फिल्मों में एक्टर्स के अलग-अलग अंदाज देखने को मिलते हैं। जैसा 'किल' फिल्म में राघव जुयाल का देखने को मिला। अब ऐसा लगता है कि करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शन को एक नया विलेन मिल गया है। इसके लिए एक्टर ने अपने लुक में जबरदस्त बदलाव किया है, जिसके बाद फैंस एक्टर को पहचान भी नहीं पा रहे हैं।

### मनीष पॉल का खतरनाक लुक

बॉलीवुड में कई कलाकार ऐसे हैं जिन्होंने टीवी की दुनिया से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। इन्हीं कलाकारों में शामिल हैं, मनीष पॉल। मनीष पॉल पिछले दिनों करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म 'जुग जुग जीयो' में कियारा आडवाणी के भाई के रोल में नजर आए थे। अब मनीष पॉल ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में मनीष पॉल को पहचानना भी मुश्किल हो रहा है। लेकिन मनीष की तस्वीरों से ज्यादा ध्यान खींचा है इन तस्वीरों पर उनके कैप्शन ने।

### मनीष के कैप्शन ने खींचा सबका ध्यान

जितना हैरान लोग मनीष पॉल के इस लुक को देखकर हुए हो रहे हैं। उतना ही चौंका रहा है, उन्हें मनीष पॉल का कैप्शन। दरअसल, मनीष पॉल ने अपने कैप्शन में रायमिंग करते हुए एक फनी कैप्शन लिखा है। एक्टर ने लिखा, 'किसी ने मुझे किया कॉन, मेरे बालों को किया गॉन। क्या होगा मेरा कर्मा, डिसाइड करेगा धर्मा।' इसके साथ ही मनीष पॉल ने करण जौहर को मेंशन करते हुए पूछा है क्या कहते हो केजो? मनीष पॉल का ये कैप्शन अब हर किसी का ध्यान खींच रहा है और हर किसी के मन में अब बस ये ही सवाल चल रहा है क्या मनीष पॉल करण जौहर की अगली फिल्म में नजर आने वाले हैं? क्या मनीष करण की अगली फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आने वाले हैं?

### वरुण धवन समेत कई सेलेब्स ने किया कमेंट

मनीष पॉल की इस पोस्ट पर कई सेलेब्स के भी कमेंट आ रहे हैं। लेकिन इन सभी कमेंट्स में वरुण धवन के कमेंट ने सबका ध्यान खींचा। वरुण ने कमेंट करते हुए लिखा, 'इसके लिए बहुत ज्यादा उत्साहित हूं। लेकिन बताऊंगा नहीं।'

वरुण के इस कमेंट से ये साफ होता है कि मनीष पॉल का ये लुक किसी फिल्म के लिए है और वो जल्द ही किसी जबरदस्त किरदार में नजर आने वाले हैं। वहीं मलाइका अरोड़ ने कमेंट करते हुए लिखा, 'शानदार, ये लुक वाकई अच्छा है।'

इसके अलावा कोरियोग्राफर टेरेंस लुईस, प्रज्ञा कपूर, शमा शिकंदर, रोहित रॉय और विक्की जैन समेत कई और सेलेब्स ने भी मनीष की पोस्ट पर कमेंट किया है।

### जुग जुग जीयो में नजर आए थे मनीष

मनीष पॉल इससे पहले भी कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। वो 2022 में आई करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म 'जुग जुग जीयो' में भी नजर आए थे। वो इस फिल्म में कियारा आडवाणी के भाई के किरदार में दिखाई दिए थे।

# आइटम सॉन्ग को लेकर हुमा कुरैशी का खुलासा, बोलीं- 'गलत जगह आ गई'



हुमा कुरैशी ने हाल ही में अपनी नई फिल्म मालिक के डांस नंबर 'दिल थाम के' और बॉलीवुड में अपनी छवि के बारे में बात की। हाल ही में हुमा ने आइटम सॉन्ग को लेकर अपनी राय पेश की है।

हुमा कुरैशी अक्सर गंभीर भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं, लेकिन उनका कहना है कि लोग उन्हें केवल ऐसे किरदारों तक सीमित क्यों करते हैं। हाल ही में हुमा 'मालिक' के गाने 'दिल थाम के' में नजर आईं। यह फिल्म उनके लिए एक नया मौका है।

### हुमा का नजरिया

हुमा हमेशा से हर तरह की भूमिकाएं निभाना चाहती हैं। हुमा का कहना है कि, कुछ गाने भी होते हैं जो बहुत से पुरुषों के नजरिए वाले गाने होते हैं। जहां आप जानते हैं कि महिलाओं को वस्तु के रूप में पेश किया जा रहा है, और यह किसी उद्देश्य से किया जा रहा है। और एक महिला के रूप में, आपको यह एहसास होता है कि 'गलत जगह आ गई'। हुमा ने आइटम सॉन्ग को लेकर आगे कहा, लोग मुझे गंभीर किरदारों में बांध देते हैं। मैं सोचती हूं कि यह नियम किसने बनाया? मैं गंभीर भी कर सकती हूं और ग्लैमरस भी।

### डांस नंबर के बारे में...

हुमा का मानना है कि कुछ गाने महिलाओं को गलत तरीके से पेश करते हैं, जिससे उन्हें असहजता होती है। लेकिन अगर गाना महिला की खूबसूरती और आत्मविश्वास का जश्न मनाता है, तो इसमें कोई बुराई नहीं। मालिक में उनके डांस नंबर को वे ऐसा ही मानती हैं, जो उनकी कामुकता और आकर्षण को खूबसूरती से दिखाता है।

### हुमा का वर्कफ्रंट

हुमा जल्द ही जॉली एलएलबी 3 में दिखेंगी, जिसमें अक्षय कुमार, अरशद वारसी, अमृता राव, सौरभ शुक्ला और अन्नू कपूर भी हैं। यह कोर्टरूम ड्रामा 19 सितंबर को रिलीज होगी, जिसमें अक्षय और अरशद की कानूनी जंग देखने को मिलेग0ी।

# शादी करने जा रहा टीवी का ये चहेता कपल कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक ने किया कन्फर्म?

टीवी के सबसे चहेते कपल्स में शुमार करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश एक बार फिर अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं। फैंस जहां लंबे समय से दोनों की शादी का इंतजार कर रहे हैं, वहीं अब रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स 2 में कुछ ऐसा हुआ जिसने सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया कि क्या अब वाकई 'तेजरन' शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं?

### कृष्णा ने छेड़ी करण की शादी की बात

प्रोमो में देखा गया कि कृष्णा अभिषेक ने पंडितों से कहा कि ये करण हैं अब शादी करने जा रहा है। जिसपर पंडित जी ने कहा कि शादी के बिना जीवन अधूरा है। इसके बाद कृष्णा मजाक करते हुए फिर कहते हैं कि अगर एक शादी से जीवन अधूरा है, तो क्या तीन-चार कर लेनी चाहिए? इसपर पंडित जी ने हंसते हुए जवाब दिया कि शादी केवल एक बार होनी चाहिए। कृष्णा के इस सवाल-जवाब के बाद सेट पर मौजूद सभी हंसने लगे, लेकिन फैंस ने इसे 'तेजरन वेडिंग हिंट' के तौर पर लेना शुरू कर दिया है।

### फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं

प्रोमो के रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर फैंस ने जमकर रिएक्शन दिए। किसी ने लिखा, 'तेजरन की शादी जल्द होनी चाहिए', तो किसी ने उन्हें 'परफेक्ट कपल' बताते हुए नजर न लगने की दुआ की। फैंस अब करण और तेजस्वी से जल्द ऑफिशियल अनाउंसमेंट की उम्मीद कर रहे हैं।



### करण-एल्विश की जोड़ी बनी विनर?

वहीं अगर शो के फिनाले की बात करें, तो रिपोर्ट्स के मुताबिक करण कुंद्रा और यूट्यूबर एल्विश यादव इस सीजन के विजेता बने हैं। इनके बाद अली गोनी और रीम शेख को सेकेंड पोजिशन मिला, जबकि राहुल वैद्य और रुबीना दिलैक तीसरे स्थान पर रहे। शो को जज किया शेफ हरपाल सिंह सोखी ने और होस्टिंग की भारती सिंह ने।

### क्या शादी की ओर बढ़ रहे हैं तेजरन?

भले ही अभी तक करण और तेजस्वी की शादी को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन इस शो में हुई इस बात ने एक बार फिर उनके रिश्ते को लेकर उम्मीदें जगा दी हैं। फैंस को अब बस उसी पल का इंतजार है जब ये जोड़ी अपने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत करेगी।

# कभी पत्रकार, तो कभी वेश्या की बहन का निभाया किरदार, कोंकणा सेन शर्मा की खूब हुई तारीफ

कोंकणा सेन शर्मा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' की रिलीज को लेकर तैयार हैं। फिल्म 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ऐसे में हम आपको बता रहे हैं कि कोंकणा सेन शर्मा ने किन फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी की है।

### पेज थ्री

साल 2003 में रिलीज हुई फिल्म 'पेज थ्री' में पत्रकारिता की कहानी दिखाई गई है। फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा एंटरटेनमेंट बीट की पत्रकार होती हैं। हालांकि असली पत्रकारिता क्या होती है इसके बारे में उन्हें फिल्म में अतुल कुलकर्णी बताते हैं। फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा की अदाकारी की खूब तारीफ हुई थी।

### लिपस्टिक अंडर माय बुर्का

साल 2016 में रिलीज हुई इस फिल्म में चार महिलाओं की कहानी दिखाई गई है। इन महिलाओं में से कोंकणा सेन शर्मा भी एक हैं। फिल्म में उन्होंने एक शादीशुदा महिला का किरदार निभाया है। वह घर-घर जाकर सामान बेचती हैं। वह अपना करियर बनाना चाहती हैं लेकिन उनका पति उनका इस्तेमाल सिर्फ अपनी यौन इच्छाओं को पूरी करने के लिए करता है। कोंकणा ने इस किरदार को बखूबी निभाया है।

### लाइफ इन अ मेट्रो

साल 2007 में रिलीज हुई फिल्म 'लाइफ इन अ मेट्रो' में कई लोगों की प्रेम कहानियां



दिखाई गई हैं। फिल्म में एक कहानी कोंकणा सेन शर्मा और इरफान खान की है। फिल्म में इरफान खान, कोंकणा को नौकरी दिलाने में मदद करते हैं। इसके बाद दोनों में प्यार हो जाता है। फिल्म के आखिर में कोंकणा इरफान से शादी के लिए प्रपोज करती हैं। फिर दोनों की शादी होती है। फिल्म में कोंकणा की संजीदा अदाकारी की खूब तारीफ हुई।

### लागा चुनरी में दाग

साल 2007 में रिलीज हुई फिल्म 'लागा चुनरी में दाग' वेश्यावृत्ति पर बनी है। फिल्म में रानी मुखर्जी ने एक वेश्या का किरदार निभाया है। कोंकणा सेन शर्मा ने रानी मुखर्जी की छोटी बहन का किरदरा निभाया है। फिल्म में दिखाया गया है कि जैसे रानी मुखर्जी अपनी खुशियों को कुर्बान करके कोंकणा की मदद करती हैं वैसे ही कोंकणा सेन शर्मा भी अपनी बड़ी बहन का सपोर्ट करती हैं।

### लक बाय चांस

साल 2009 में रिलीज हुई फिल्म 'लक बाय चांस' में कोंकणा सेन शर्मा ने अहम किरदार निभाय है। फिल्म में फिल्मी दुनिया में मची होड़ के बारे में दिखाया गया है। इसमें कोंकणा सेन शर्मा ने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है जो अभिनेत्री बनना चाहती है। हालांकि उसके साथ धोखा हो जाता है। इस फिल्म की और कोंकणा सेन शर्मा की खूब तारीफ हुई थी।

# सलमान के शो पर नजर आ सकती हैं अनोखी मेहमान, यूएई की हबूबू की देश में चर्चा

**बॉलीवुड** अभिनेता सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला सबसे चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस 19 इस बार धमाकेदार वापसी के लिए तैयार है। इस बार कुछ ऐसा होने वाला है, जो आजतक नहीं हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब इस शो के लिए पहले प्रतियोगी का नाम सामने आ चुका है, जिनके बारे में जान आप हैरान हो जाएंगे।

### इंसानों से भी आगे है ये कंटेस्टेंट

'बिग बॉस 19' में इस बार कुछ बिल्कुल अनोखा होने वाला है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि इस शो की पहली कंटेस्टेंट का नाम फाइनल हो चुका है, जिसका नाता भारत से नहीं बल्कि यूएई से है।

'बिग बॉस 19' में इस बार यूएई की एआई रोबोट डॉल 'हबूबू' आने वाली है, जो बिग बॉस के घर में प्रतियोगियों में से एक के रूप में प्रवेश करेगी। ऐसा पहली बार होगा, जब



इंसानों से परे कोई चीज इंसानों के बीच समय बिताएगा।

### कौन है हबूबू?

हबूबू कोई साधारण रोबोट नहीं है। यूएई में डिजाइन की गई यह रोबोट अपनी अनोखी विशेषताओं, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और हिंदी सहित सात भाषाओं में बातचीत करने के लिए जानी जाती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बताया गया है कि ये सभी प्रकार के कार्यों में सक्षम है।

### कब आ रहा बिग बॉस 19?

सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस का 19वां सीजना अगस्त महीने में आने की उम्मीद है। हालांकि, अभी तक इसका आधिकारिक एलान नहीं हुआ है। इस नए सीजन के लिए कई सेलेब्स का नाम सामने आया, लेकिन किसी पर आधिकारिक मुहर नहीं लगी है।



## सावधान ! बॉडी बनाने के लिए आप भी करते हैं स्टेरॉयड का इस्तेमाल तो इन अंगों को पहुंच सकता है नुकसान



आज के समय में लोग फिट फाट दिखने के लिए नई नई जीचों का सहारा लेते हैं. ऐसे में जो लोग जिम जाते हैं वो स्टेरॉयड का सेवन करते हैं. स्टेरॉयड के सेवन से बॉडी में जल्द बदलाव दिखने लगते हैं. बॉडी बिल्डर्स और वेट लिफ्टर्स स्टेरॉयड का जमकर इस्तेमाल करते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि यहीं स्टेरॉयड आपकी बॉडी के कुछ अंगों के लिए कितना खतरनाक साबित हो सकता है.

जी हां जो स्टेरॉयड आपकी बॉडी को सुडौल या फिट और मसल्स वाली बॉडी बनाने में मदद



करता है वहीं स्टेरॉयड आपके शरीर के लिए हानिकारक भी हो सकता है. एक शोध की मानें तो हृदय रोग के खतरे को भी बढ़ा सकता है, जो कि जानलेवा भी हो सकता है. आइए जानते हैं कि ये हमारे शरीर को क्या क्या नुकसान पहुंचा सकता है.

**स्टेरॉयड से होने वाले नुकसान-**

**हार्मोन सिस्टम पर प्रभाव-**

स्टेरॉयड को लेने से हमारे शरीर के हार्मोन्स में परिवर्तन होता है, जिससे हमारे शरीर में परिवर्तन दिखने लगता है. इससे शरीर के बालों में भारी बढ़ोतरी, गंजापन, क्लिट का बड़ा हो जाना, आवाज भारी आदि परेशानियां हो सकती हैं.

**इम्यून सिस्टम पर असर-**


जहां स्टेरॉयड के सेवन से शरीर में बदलाव दिखते हैं तो ये वहीं आपके इम्यून रेस्पॉन्स पर असर डालता है. ये आपके इम्यून रेस्पॉन्स को कम कर देता है. यह अवस्था हमारे शरीर को नुकसान पहुंचा सकती है.

**दिल को खतरा-**

लीड्स यूनिवर्सिटी का रिसर्च प्लोस मेडिसीन नामक पत्रिका में प्रकाशित एक रिपोर्ट की मानें तो स्टेरॉयड का कम डोज भी दिल की बीमारी के खतरे को बढ़ा सकता है. नेशनल इंस्टिट्यूट ऑन ट्रक ऑफ यूज द्वारा प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार स्टेरॉयड हाई ब्लड प्रेशर का कारण बनता है. ये हार्ट वेंट्रीकल्स के फंक्शन को धीमा कर देता है, जिससे दिल से संबंधित बीमारियां जैसे की हार्ट अटैक, आर्टरी डैमेज और स्ट्रोक की संभावना बनी रहती है.

**लीवर डैमेज-**

नेशनल इंस्टिट्यूट ऑन ड्रग



एब्यूज के अनुसार स्टेरॉयड लीवर डैमेज का कारण बन सकता है. इतना ही नहीं ये ट्यूमर और पेलिओसिस हेपटिस जैसी परेशानी खड़ी कर सकता है. इसके चलते लीवर में खून के सिस्ट बनने लगते हैं, जिसके फट जाने पर इंटरनल ब्लीडिंग शुरू हो जाती है. कभी कभी इसके चलते लोगों की जान तक चली जाती है.

**शुगर लेवल-**

स्टेरॉयड का मुख्य कार्य होता है शरीर में होने वाले इंफ्लेमेशन को कम करना. इससे मधुमेह से पीड़ित लोगों को खासकर बचकर रहना चाहिए. उनके द्वारा इसके सेवन से शुगर लेवल काफी बढ़ जाता है. इसके अधिक सेवन से रोग प्रतिरोधक क्षमता पर भी असर पड़ता है।

## आयुर्वेद के अनुसार हेल्दी रहने के लिए आदत सुधारें

**आयुर्वेद हमारे** देश की पुरानी चिकित्सा पध्दति है। यह सिर्फ बीमारियों का इलाज ही नहीं करती है बल्कि जिंदगी जीने का सही तरीका भी सिखाती है। आयुर्वेद में कई ऐसी आदतों का जिक्र हैं, जिन्हें अगर आप फॉलो करती हैं तो बीमारियां आपसे कोसो दूर रहेंगी और आप एक हेल्दी लाइफ जी पाएंगी। हेल्दी रहने के लिए क्या खाना चाहिए, किस समय खाना चाहिए,सोने-जागने के कौन से नियम फॉलो करने चाहिए और मॉर्निंग रूटीन किस तरह का होना चाहिएस, इन सब चीजों के बारे में आयुर्वेद में विस्तार से बात की गई है। आयुर्वेद के अनुसार, आपको हेल्दी रहने के लिए रोज कुछ काम जरूर करने चाहिए। इस बारे में आयुर्वेदिक डॉक्टर नीतिका कोहली बता रही हैं।



**आयुर्वेद में हेल्दी रहने के लिए बताए गए हैं ये तरीके**

आयुर्वेद के अनुसार, हेल्दी रहने के लिए ब्रह्ममुहूर्त में जागना चाहिए। आपने अक्सर अपने घर के बड़े-बुजुर्गों को यह कहते लुना होगा कि वे सूरज उगने के समय के आस-पास जाग जाया करते थे।

ऐसा करना वाकई स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा होता है। आप भी सुबह सूरज उगने के समय के आस-पास जागने की कोशिश करें।

दिन में एक वक्त का खाना जमीन पर बैठकर खाएं। डाइजेशन को सुधारने का यह सबसे अच्छा तरीका है।

पैरों को क्रॉस कर, सुखासन में जमीन पर बैठें और खाना खाएं।

अगर आपको डाइजेशन की समस्या है, तो खाने के बाद सौंफ और मिश्री खाना शुरू करें।

इससे आपका पाचन अच्छा होगा और आपको खाने के बाद भारीपन महसूस नहीं होगा।

दिन में कम से कम 1 घंटा सभी गैजेट्स से दूर रहें। इससे आपकी हेल्थ पर अच्छा असर पड़ेगा।

इस 1 घंटे में न तो फोन चलाएं न ही किसी तरह से किसी और गैजेट के सम्पर्क में रहें।

हर मील के बाद कम से कम 100 कदम चलें। इसे शतपावली कहा जाता है।

आयुर्वेद के हिसाब से हर बार खाना खाने के बाद आपको 100 कदम जरूर चलना चाहिए।

दिन की शुरुआत में अक्सर लोग चाय या कॉफी पीते हैं। इसकी जगह आपको दिन की शुरुआत गुनगुने पानी से करनी है।

इससे न केवल आपका डाइजेशन( डाइजेशन को ठीक करने के टिप्स) सुधरेगा बल्कि शरीर में एनर्जी भी बनी रहेगी।

वातावरण में मौजूद धूल और प्रदूषण का सीधा असर हमारी त्वचा पर होता है। इसलिए स्किन का खास ख्याल जरूर रखना चाहिए। अभ्यंग, स्किन हेल्थ के लिए बहुत अच्छा होता है।

आयुर्वेद के अनुसार, त्वचा की तेल से मसाज करनी चाहिए। इससे स्किन को पोषण मिलता है। हालांकि तेल का चुनाव आपको एक्सपर्ट की सलाह से करना चाहिए।

आयुर्वेद की मानें तो सुबह उठकर अपनी जीभ को साफ करना बहुत जरूरी है। कॉपर या सिल्वर के यू-शेप स्क्रैपर से आपको रोजाना अपनी जीभ को साफ करना चाहिए। इससे टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं।

प्रोसेस्ड फूड से दूरी बनाएं। आयुर्वेद इन्हें एंप्टी फूड्स मानता है। इससे शरीर को कोई न्यूट्रिशन नहीं मिलता है बल्कि इन्हें पचाने में मुश्किल होती है।

## तेजी से घट रहा है वजन, तो हो सकता है इन बीमारियों का संकेत

अचानक और बिना किसी स्पष्ट कारण के वजन कम होना, वास्तव में एक गंभीर स्वास्थ्य चेतावनी हो सकती है। कई बार लोग वजन कम होने को गलतफहमी में अच्छी फिटनेस का संकेत मान लेते हैं। यदि आप अपनी डाइट, व्यायाम या जीवनशैली में कोई बदलाव नहीं कर रहे हैं, फिर भी आपका वजन तेजी से घट रहा है, तो यह निश्चित रूप से चिंता का विषय है। यह किसी अंदरूनी शारीरिक समस्या का संकेत हो सकता है, जिसे नजरअंदाज करना खतरनाक साबित हो सकता है।

यदि आपका वजन अनायास ही अपने सामान्य वजन का 5-10% या उससे अधिक कम हो रहा है, तो इसे बिल्कुल भी हल्के में न लें। यह शरीर का एक महत्त्वपूर्ण संदेश है जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। आइए इस लेख में हम ऐसी चार प्रमुख बीमारियों के बारे में विस्तार से जानेंगे, जिनके लक्षणों में तेजी से वजन घटना शामिल है।

**टाइप-1 डायबिटीज**

टाइप-1 डायबिटीज में शरीर पर्याप्त इंसुलिन नहीं बना पाता है, जिससे ब्लड शुगर लेवल बढ़ता है और शरीर फैट और मांसपेशियों को ऊर्जा के लिए तोड़ने लगता है। इससे वजन तेजी से घटता है। अन्य लक्षणों में अत्यधिक प्यास, बार-बार पेशाब और थकान शामिल हैं। रक्त शर्करा की नियमित जांच और डॉक्टर की सलाह से इंसुलिन थेरेपी शुरू करें। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें, साथ ही संतुलित आहार लें और दिनचर्या में नियमित व्यायाम शामिल करें।

**हाइपरथायरायडिज्म**

थायराइड ग्रंथि का अति सक्रिय होना (हाइपरथायरायडिज्म) मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे वजन तेजी से कम होने लगता है। इसके साथ घबराहट, असहनीय गर्मी होना, और इन्सोम्निया जैसे लक्षण दिखते हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर थायराइड फंक्शन टेस्ट (TSH, T3, T4) कराएं। डॉक्टर की सलाह से दवाएं लें।

**कैंसर**


कुछ प्रकार के कैंसर, जैसे फेफड़े, अग्न्याशय या पेट का कैंसर, अनायास वजन घटने का कारण बन सकते हैं। कैंसर कोशिकाएं शरीर की ऊर्जा का उपयोग करती हैं और भूख कम करती हैं। अन्य लक्षणों में थकान, दर्द और पाचन समस्याएं शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत ऑन्कोलॉजिस्ट से संपर्क करें और स्क्रीनिंग टेस्ट (जैसे CT स्कैन, बायोप्सी) कराएं।

**क्रोनिक डायरिया या आंतों की बीमारियां**

क्रोहन रोग, अल्सरेटिव कोलाइटिस या सेलियक रोग जैसी आंतों की बीमारियां पोषक तत्वों के अवशोषण को रोकती हैं, जिससे वजन कम होता है। बार-बार दस्त, पेट दर्द और थकान इसके प्रमुख लक्षण हैं। ये लक्षण दिखने पर गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट से सलाह लें और ग्लूटेन-मुक्त या फाइबर युक्त आहार डाइट में शामिल करें। नियमित जांच और दवाएं जरूरी हैं।

## गुस्से में लगती है ज्यादा भूख? हो सकता है ये गंभीर कारण

हमारे बीच कुछ लोग ऐसे होते हैं जो बिना सोचे समझे कुछ भी खा लेते हैं. कुछ लोगों को भूख लगी हो या नहीं बिना सोचे समझे बार-बार खाने का मन करता है. इनमें कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो दुखी होने पर ज्यादा खाते हैं तो कुछ लोग ऐसे होते हैं जो खुशी में अपनी डाइट से ज्यादा खा जाते हैं. इसे 'इमोशनल ईटिंग' कहते हैं. अधिकतर लोगों को ये परेशानी होती है. कई बार यहीं 'इमोशनल ईटिंग' आपके वजन बढ़ने का सबसे बड़ा कारण बनती है. आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं.



**क्या है इमोशनल ईटिंग?**

हम में से कई लोग ऐसे होते हैं जो स्ट्रेस और नेगेटिव इमोशंस से उबरने के लिए अपनी डाइट से अधिक खाना खाने लगते हैं. कई बार हमें गुस्सा आने पर हमारा ध्यान सिर्फ खाने पर जाता है और हम बिना सोचे समझे खाने लगते हैं. ऐसी सिचुएशन में स्ट्रेस होते ही कुछ खाने की क्रेविंग होने लगती है. कई लोग गुस्से में, डर, थकान और खुशी में भी ज्यादा खाना खा लेते हैं. इसे ही इमोशनल ईटिंग कहते हैं. इमोशनल ईटिंग के चलते हम ओवरइटिंग कर लेते हैं और ये कई परेशानियों का कारण बनती है.

**इमोशनल ईटिंग के कारण-**

-किसी स्थिति से बाहर आने की कोशिश करना

-खाने की चीजें होती हैं वीकनेस

-कई बार लड़ाई-झगड़ा होने पर गुस्से में लोग खाने को चबाकर गुस्सा निकालते हैं

-ज्यादा और मनपसंद खाने से आपको सांत्वना तो मिलती है

**इमोशनल ईटिंग से नुकसान-**

– ज्यादा खाने से सेहत को नुकसान पहुंचता है

-वेट गेन होता है

-ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की समस्या पैदा हो जाती है

-इमोशनल ईटिंग परेशानियों से डील करने का ग़लत तरीका है

**इमोशनल ईटिंग को ऐसे करें कंट्रोल-**

-गुस्से में भूख लगने पर हेल्दी फूड का ऑप्शन चुनें

-जैसे ही खाने की तरफ बढ़ें याद रखें कि अधिक खाने से वजन बढ़ता है -खाने की क्रेविंग होने पर किसी दूसरे काम में व्यस्त हो जाएं

-खाने के समय तय कर लें. इसके अनुसार ही खाना खाएं -मूड ठीक रखने के विकल्प तलाशें

-मेडिटेशन करें

## क्या आप भी बारिश के मौसम में खाते हैं चाय-पकौड़े? जान लें सेहत के लिए है कितना नुकसानदायक

मानसून का मौसम अपने साथ बारिश की फुहारें और ठंडी हवाएं लेकर आता है। इस मौसम में बहुत से लोग चाय और गर्मागर्म पकौड़ों खाना पसंद करते हैं। चाय-पकौड़ा बारिश के मौसम में हमारे देश का सबसे लोकप्रिय स्नैक माना जाता है। पर क्या आपने कभी सोचा है कि ये आपकी सेहत के लिए कितना नुकसानदायक हो सकता है।

दरअसल, नमी और उमस वाली गर्मी में हमारा पाचन तंत्र कमजोर हो जाता है, जिससे भारी और तली-भुनी चीजों को पचाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में, चाय और पकौड़े की यह आदत गैस्ट्रिक समस्याओं, अपच और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा सकती है। समग्र स्वास्थ्य पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। आइए, इस लेख में जानते हैं कि यह स्नैक्स हमारे



स्वास्थ्य को किस तरह प्रभावित कर रहा है।

**पाचन तंत्र पर असर**

पकौड़े तेल में तले जाते हैं, जिसे पचाना बहुत मुश्किल होता है। मानसून में पाचन शक्ति (अग्नि) स्वाभाविक रूप से कमजोर होती है, और तले हुए खाद्य पदार्थ अपच, गैस और ब्लोटिंग का कारण बनते हैं। चाय या कॉफी में मौजूद कैफीन आयरन के अवशोषण को रोकते हैं, जिससे खून की कमी का खतरा बढ़ सकता है। यह पेट में एसिडिटी और जलन भी पैदा करता है। बार-बार चाय-पकौड़े खाने से पाचन तंत्र प्रभावित होता है।

**कोलेस्ट्रॉल और हृदय स्वास्थ्य को नुकसान**

पकौड़ों को तलने में इस्तेमाल होने वाला तेल, खासकर अगर दोबारा गर्म किया हो, तो सैचुरेटेड और ट्रांस फैट बढ़ाता है। यह कोलेस्ट्रॉल के लेवल को बढ़ाता है और हृदय रोगों का जोखिम पैदा कर सकता है।

**इंफेक्शन का खतरा**

मानसून में नमी के कारण बैक्टीरिया और फंगस तेजी से पनपते हैं। सड़क किनारे बिकने वाले पकौड़े अक्सर अस्वच्छ परिस्थितियों में बनते हैं, जिससे फूड पॉइजनिंग, डायरिया और टाइफाइड जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

**वजन बढ़ने की समस्या**

पकौड़े उच्च कैलोरी वाले होते हैं, और बार-बार खाने से वजन बढ़ सकता है। चाय में चीनी की मात्रा और पकौड़ों का तेल मोटापे का कारण बनते हैं। मानसून में कम शारीरिक गतिविधि के कारण कैलोरी बर्न करना मुश्किल होता है, जिससे मोटापा और मधुमेह का जोखिम बढ़ जाता है।

**स्वस्थ विकल्प और टिप्स**

चाय-पकौड़ों के बजाय हर्बल टी, जैसे तुलसी, अदरक या दालचीनी वाली चाय, पिएं, जो इम्यूनिटी बढ़ाती है। पकौड़ों की जगह भुने हुए मखाने, उबले चने या भुनी सब्जियां खाएं। इस मौसम में भोजन को अच्छी तरह पकाएं और स्वच्छता का ध्यान रखें। यदि पाचन या अन्य समस्याएं हों, तो डॉक्टर से सलाह लें।


## नोज पिन की फैंसी डिजाइंस, जो आपके लुक में लगा देंगी चार चांद

**औरतों की खूबसूरती** को बढ़ाने के लिए ज्वेलरी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सबसे ज्यादा ज्वेलरी महिलाएं अपने फेस पर ही पहनती हैं। इनमें से कुछ ज्वेलरी ऐसी भी हैं, जिनका धार्मिक महत्व भी होता है। इनमें से एक होती है नोज पिन। नाक में नथ या पिन पहनने से महिलाओं की खूबसूरती में भी चार चांद लग जाते हैं।

बाजार में आपको नोज पिन की कई ट्रेडिशनल डिजाइंस देखने को




मिल जाएंगी, मगर अब नोज पिन की डिजाइन में भी कई फैंसी लुक आ गए हैं। आज हम आपको ऐसी ही कुछ नोज पिंस डिजाइन दिखाएंगे, जो आपको बाजार में आसानी से मिल जाएंगी। आप



चाहें तो गोल्ड, सिल्वर या आर्टिफीशियल किसी भी तरह की नोज पिन खरीद सकती हैं।

**धार्मिक चिन्हों वाली नोज पिन**

बाजार में आपको धार्मिक चिन्हों वाली जैसे- ओम, स्वास्तिक आदि चिन्हों वाली नोज पिन बहुत ही आसानी से मिल जाएगी। आप इस तरह के चिन्ह



वाली नोज पिन आपको सोने या चांदी में भी मिल जाएंगी। अगर आप आर्टिफिशियल नोज पिन खरीदना चाहती हैं, तो आपको यह भी मार्केट में किसी भी ज्वेलरी शॉप में मिल जाएगी। इन तरह की नोज पिन आप किसी भी एथनिक आउटफिट के साथ पहन सकती हैं।

**जोडिएक वाली नोज पिन**

आप अपने जोडिएक साइन के अनुसार भी नोज पिन पहन सकती हैं। आपको बाजार में कई तरह की डिजाइनर जोडिएक नोज पिन मिल जाएंगी। इतना ही नहीं, आपके लकी नंबर, लकी कलर या फिर एस्ट्रो के मुताबिक भी आपको बाजार में नोज पिन मिल जाएगी। इस तरह की नोज पिन में आपको गोल्ड और सिल्वर दोनों में डिजाइंस मिल जाएंगी। आप चाहें तो जंक ज्वेलरी या फिर स्टाइलिश ट्रेंडी ज्वेलरी में भी इस तरह की नोज पिन खरीद सकती हैं।

**बोहो लुक वाली नोज पिन**

बोहो लुक को आजकल महिलाएं बहुत ज्यादा पसंद कर रही हैं। इस लुक में आपको बाजार में तरह-तरह की ज्वेलरी मिल जाएंगी, मगर बोहो लुक में नोज पिन सबसे ज्यादा प्रचलित है। आप इस तरह की नोज पिन किसी भी आर्टिफिशियलज्वेलरी शॉप से खरीद सकती हैं। इस तरह की बोहे नोज पिन आपको 100 रुपए से 250 रुपए तक मिल जाएंगी।

**बंजारा लुक वाली नोज पिन**

टीवी सीरियल 'कसौटी जिंदगी की' पार्ट-2 में हिना खान ने कोमोलिका का किरदार निभाया था। तब से बंजारा लुक वाली ज्वेलरी काफी फैशन में है। इस तरह की ज्वेलरी में आपको तरह-तरह की नोज पिन मिल जाएंगी। आप उन्हें एथनिक और वेस्टर्न दोनों तरह के आउटफिट्स के साथ पहन सकती हैं। आपको बाजार में इस तरह की ज्वेलरी 50 रुपए से 300 रुपए तक मिल जाएंगी।

**हैवी लुक वाली नोज पिन**

हैवी लुक वाली नोज पिन में भी कई सारी डिजाइंस आपको बाजार में मिल जाएंगी। आप गोल्ड, सिल्वर और आर्टीफीशियल किसी में भी आपको हैवी लुक वाली नोज पिन मिल जाएगी, जिसे कैरी करके आपको परफेक्ट एथनिक लुक मिल सकता है।



## ऑर्थोग्रिट से संभव है गठिया का उपचार : आचार्य बालकृष्ण

पतंजलि के वैज्ञानिकों ने जोड़ों के दर्द यानि गठिया या जिसे आर्थराइटिस भी कहा जाता है, के उपचार में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। आयुर्वेद आधारित औषधि ऑर्थोग्रिट पर किया गया पतंजलि का यह नवीन शोध अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल में प्रकाशित हुआ है। यह अध्ययन दर्शाता है कि ऑर्थोग्रिट गठिया के कारण होने वाली सूजन को कम करने, कार्टिलेज के घिसाव को रोकने तथा जोड़ों की कार्यक्षमता को बनाए रखने में प्रभावशाली है।

आज के समय में शायद ही कोई ऐसा वृद्ध व्यक्ति हो जो घुटनों के दर्द से पीड़ित न हो। वर्तमान चिकित्सा पद्धतियाँ केवल लक्षणों पर कार्य करती हैं, जड़ पर नहीं। आयुर्वेद प्रत्येक रोग के मूल कारण को पहचानकर उसका समाधान प्रस्तुत करता है। ऑर्थोग्रिट इसी आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान का संगम है, जो गठिया जैसी असाध्य मानी जाने वाली बीमारी को भी मूल रूप से समाप्त करने की क्षमता रखता है।

उन्होंने बताया कि ऑर्थोग्रिट वचा, मोथा, दारूहल्दी, पिप्पलमूल, अश्वगंधा, निर्गुंडी, पुनर्नवा आदि प्राकर्तिक जड़ी - बूटियों से निर्मित है जोकि सनातन संस्कृति में प्राचीनकाल से ही जोड़ो के दर्द, सूजन आदि में लाभकारी पाएं गए है।

पतंजलि अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने इस अवसर पर कहा गठिया एक ऐसी पुरानी बीमारी है जो विश्वभर में करोड़ों लोगों को प्रभावित करती है। हमने इस शोध में मानव कार्टिलेज कोशिकाओं पर अध्ययन किया है।

ऑर्थोग्रिट ने मानव कार्टिलेज कोशिकाओं को सूजन के दुष्प्रभावों से बचाया, उसे कम किया। यह शोध स्पष्ट करता है कि ऑर्थोग्रिट न केवल गठिया के लक्षणों को कम करता है, बल्कि बीमारी की प्रगति को रोकने में भी कारगर है।




# सेंसेक्स 288 अंक गिरकर 83,410 पर बंद

## निफ्टी भी 88 अंक लुढ़का

मुंबई, 2 जुलाई (एजेंसियां)। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन आज (बुधवार, 2 जुलाई) सेंसेक्स 288 अंक गिरकर 83,410 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 88 अंक की गिरावट रही, ये 25,453 पर बंद हुआ। सेंसेक्स दिन के ऊपरी स्तर से सेंसेक्स में करीब 700 अंक और निफ्टी में करीब 200 अंक की गिरावट रही।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 14 में तेजी और 16 में गिरावट रही। टाटा स्टील, एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट 3.60% तक चढ़े। बजाज फिनसर्व, एलएण्डटी और बजाज फाइनेंस 2% तक गिरे। एनएसई का रियल्टी इंडेक्स 1.44%, बैंकिंग और फाइनेंशियल सर्विसेज भी 1% तक गिरे। आईटी, मेटल, फार्मा और ऑटो शेयरों में तेजी रही।

# आज सोने-चांदी के दाम में गिरावट



नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। सोने के दाम में आज यानी 2 जुलाई को मामूली बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 50 बढ़कर रुपये 97,480 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले इसका दाम 97,430 रुपये पर था।

वहीं चांदी की कीमत 275 रुपये घटकर 1,06,688 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,06,963 रुपये पर थी। वहीं 18 जून को चांदी ने 1,09,550 रुपये और सोने ने 99,454र‍ुपये का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 24 कैरेट सोने की कीमत 99,040 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,800

**मुंबई :** 24 कैरेट सोने की कीमत 98,890 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,650

**कोलकाता :** 24 कैरेट सोने की कीमत 98,890 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,650

**चेन्नई :** 24 कैरेट सोने की कीमत 98,890 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,650

**भोपाल :** 24 कैरेट सोने की कीमत 98,940 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,700

**इस साल अब तक 21,318 रुपये महंगा हुआ**

सोना इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 21,318 रुपए बढ़कर 97,480 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 20,671 रुपए बढ़कर 1,06,688 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

**सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें**

हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (बीआईएस) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी एचयूआईडी कहते हैं।

ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है-एजेड4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

# एशियन पेंट्स के खिलाफ जांच का आदेश

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने एशियन पेंट्स के खिलाफ जांच का आदेश दिया है। कंपनी पर आरोप है कि वह पेंट बनाने और बेचने के बाजार में अपनी दबदबे वाली स्थिति का गलत फायदा उठा रही है। सीसीआई ने डायरेक्टर जनरल (डीजी) को इस मामले की पूरी जांच करने और 90 दिनों के भीतर अपनी जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

सीसीआई का यह कदम ग्रासिम इंडस्ट्रीज (बिरला पेंट्स डिवीजन) की शिकायत के बाद आया है। ग्रासिम ने अपनी शिकायत में एशियन पेंट्स पर आरोप लगाया था कि वह ऐसे 'एक्सक्लूजनरी प्रैक्टिसेस' (प्रतिद्वंद्वियों को बाहर रखने के तरीके) अपना रही है ताकि पेंट सेगमेंट में ग्रासिम की एंटी और ग्रोथ रुक जाए।

# उबर, ओला और रैपिडो की सवारी पड़ने वाली है भारी

## > सरकार ने दिया दोगुना किराया वसूलने का 'परमिट'



नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। अगर आप भी उबर, ओला, रैपिडो और इनड्राइव से सफर करते हैं तो आने वाले दिनों में आपको ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ेंगे। सरकार ने राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म के लिए नए नियम बनाए हैं। अब ये कंपनियां पीक आवर्स में बेस फेयर से दोगुना तक चार्ज कर सकती हैं। पहले यह लिमिट 1.5 गुना थी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इस बारे में नए नियम जारी किए हैं। इन नियमों के अनुसार नॉन-पीक आवर्स में किराया बेस फेयर का कम से कम 50% होना चाहिए। सरकार ने सभी राज्य सरकारों को कहा है कि वे इन नियमों को तीन महीने के अंदर लागू करें।

मंत्रालय के मुताबिक इसका मकसद यह है कि यात्रियों को ज्यादा डिमांड के समय उचित कीमत पर राइड मिले और कंपनियां मनमानी छूट न दे सकें। अलग-अलग तरह की गाड़ियों जैसे टैक्सी, ऑटो-रिक्शा और बाइक टैक्सी के लिए बेस फेयर राज्य सरकारें तय करेंगी। अगर किसी राज्य ने अभी तक बेस फेयर तय नहीं किया है, तो राइड-हेलिंग कंपनी को राज्य सरकार को अपना किराया बताना होगा। दिल्ली और मुंबई में टैक्सी का बेस फेयर लगभग 20-21 रुपये प्रति किलोमीटर है, जबकि पुणे में यह 18 रुपये है।

**राइड कैंसल करने पर जुर्माना**

राइड कैंसिलेशन के मामले में अगर ड्राइवर ऐप पर राइड एक्सेप्ट करने के बाद बिना किसी खास वजह के उसे कैंसिल करता है, तो उस पर किराये का 10% जुर्माना लगेगा, जो कि अधिकतम 100 रुपये हो सकता है। यह जुर्माना ड्राइवर और राइड-हेलिंग कंपनी दोनों को मिलकर भरना होगा। इसी तरह, अगर कोई यात्री बुक की गई राइड को कैंसिल करता है, तो उस पर भी जुर्माना लगेगा। नए नियमों के अनुसार, राइड-हेलिंग कंपनियों के साथ काम करने वाले सभी ड्राइवरों के लिए इंश्योरेंस कवर अनिवार्य कर दिया गया है। हर ड्राइवर को 5 लाख रुपये का हेल्थ इंश्योरेंस और 10 लाख रुपये का टर्म इंश्योरेंस मिलना चाहिए। मंत्रालय ने यह भी साफ किया है कि ड्राइवर को यात्री को लेने जाने से पहले खाली गाड़ी चलाने का चार्ज (डेड माइलेज चार्ज) नहीं लगेगा, जब तक कि पिक-अप की दूरी 3 किलोमीटर से कम न हो। अगर पिक-अप की दूरी 3 किलोमीटर से कम है, तो ड्राइवर यात्री के घर से ही किराया लगा सकता है।

**ड्राइवरों पर सख्ती**

यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए राइड-हेलिंग कंपनियों को व्हीकल लोकेशन और ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) लगाने होंगे। इस डिवाइस से मिलने वाला डेटा कंपनी के सिस्टम के साथ-साथ राज्य के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को भी भेजा जाएगा। सर्विस की क्वालिटी बनाए रखने के लिए राइड-हेलिंग कंपनियों को हर साल सभी ड्राइवरों के लिए रिफ्रेशर ट्रेनिंग करानी होगी। इसके अलावा, जिन ड्राइवरों की रेटिंग कंपनी के साथ उनके कार्यकाल के दौरान सबसे निचले 5% में आती है, उन्हें हर तीन महीने में रिफ्रेशर कोर्स करना होगा। जो ड्राइवर ऐसा नहीं करेंगे, उन्हें राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म पर काम करने से रोक दिया जाएगा।

## देश के सबसे बड़े बैंक ने लिया एक्शन

# अनिल अंबानी की कंपनी का लोन अकाउंट बनेगा फ्रॉड !



नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। दिग्गज उद्योगपति अनिल अंबानी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस के लोन खाते को 'फ्रॉड' घोषित करने का फैसला किया है। यह मामला अगस्त 2016 से चल रहा है। एसबीआई ने 23 जून 2025 को एक पत्र में यह बात कही है। यह पत्र कंपनी को 30 जून को मिला। रिलायंस कम्युनिकेशंस ने बाजार नियमों के तहत एक आधिकारिक फाइलिंग में इसकी पुष्टि की।

यह पत्र कंपनी और उसके उसके डायरेक्टर रहे अनिल अंबानी को भेजा गया है। इसमें कहा गया है कि एसबीआई ने कंपनी के लोन खाते को फ्रॉड के रूप में रिपोर्ट करने का फैसला किया है। साथ ही आरबीआई के नियमों के मुताबिक अनिल अंबानी का नाम आरबीआई को रिपोर्ट करने का फैसला किया है। हालांकि यह सब अचानक नहीं हुआ। एसबीआई ने दिसंबर 2023, मार्च 2024 और फिर सितंबर 2024 में कंपनी को कारण बताओ नोटिस भेजे थे। बैंक का कहना है कि उसने कंपनी के जवाबों पर विचार किया। कंपनी यह समझाने में विफल रही कि उसने लोन की शर्तों का उल्लंघन क्यों किया। बैंक ने यह भी कहा कि कंपनी खाते के संचालन में अनियमितताओं के बारे में उसके सवालों का जवाब देने में विफल रही। इसके बाद बैंक की फ्रॉड आइडेंटिफिकेशन कमेटी ने अंतिम फैसला लिया। समिति ने निष्कर्ष निकाला कि लोन को धोखाधड़ी के रूप में टैग करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। अगला कदम रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी के नामों को आरबीआई को भेजना है।

रिलायंस कम्युनिकेशंस अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस ग्रुप का हिस्सा है। फिलहाल एसबीआई और अनिल अंबानी ने इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं की। रिलायंस कम्युनिकेशंस 2019 से ही कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया में है। यह पहला मौका नहीं है जब किसी बैंक ने रिलायंस कम्युनिकेशंस के लोन को फ्रॉड घोषित करने की कोशिश की है। केनरा बैंक ने नवंबर 2024 में ऐसा किया था। लेकिन फरवरी 2025 में, बॉम्बे हाई कोर्ट ने केनरा बैंक की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी।

# टूथपेस्ट, कपड़े, जूते और बर्तन सस्ते हो सकते हैं

## सरकार इन आइटम्स का जीएसटी स्लैब 12% से घटाकर 5% करने की तैयारी कर रही

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। टूथपेस्ट, बर्तन, कपड़े, जूते जैसे आम आदमी के इस्तेमाल में आने वाले आइटम्स जल्द ही सस्ते हो सकते हैं। इस साल की शुरुआत में इनकम टैक्स में कई रियायतें देने के बाद केंद्र सरकार अब मिडिल-क्लास और लोअर-इनकम फैमिली को गुड्स एंड सर्विस टैक्स यानी जीएसटी में कटौती कर राहत देने की तैयारी कर रही है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार 12% जीएसटी स्लैब को पूरी तरह से खत्म करने या वर्तमान में 12% टैक्स वाले आइटम्स को 5% स्लैब में ला सकती है। सूत्रों के अनुसार, इस रिस्ट्रक्चरिंग यानी बदलाव में मिडिल-क्लास और इकोनॉमिकली वीकर सेक्शन के यूज में आने वाले आइटम्स शामिल होंगे। अगर प्रस्तावित बदलाव लागू होते हैं, तो इनमें से कई आइटम्स सस्ते हो जाएंगे। सरकार इजी-टु-कंप्लाय यानी आसान जीएसटी पर भी विचार कर रही है। सूत्रों के अनुसार, इस कदम से सरकार पर 40,000 करोड़ रुपए से 50,000 करोड़ रुपए का बोझ पड़ेगा, लेकिन वह शुरुआती असर को झेलने के लिए तैयार है। इससे खपत में बढ़ोतरी हो सकती है। केंद्र का मानना है कि कम कीमतों से बिक्री बढ़ेगी, जिससे टैक्स-बेस बढ़ेगा और लॉन्ग टर्म जीएसटी कलेक्शन में ग्रोथ होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में एक इंटरव्यू में जीएसटी रेट्स में संभावित बदलावों का संकेत देते हुए कहा था कि सरकार जरूरी वस्तुओं पर मिडिल-क्लास को राहत देने पर विचार कर रही है। केंद्र के दबाव के बावजूद राज्यों के बीच आम सहमति नहीं बन पाई है। जीएसटी के तहत दरों में बदलाव के लिए जीएसटी काउंसिल से रिकमेंडेशन की जरूरत होती है, जहां हर राज्य को मतदान का अधिकार है। वर्तमान में पंजाब, केरल, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल से विरोध की खबरें आ रही हैं।

# टॉप-20 उद्योगपतियों की संपत्ति सेंसेक्स से ज्यादा बढ़ी

मुंबई, 2 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के टॉप-20 उद्योगपतियों के लिए 2025 की पहली छमाही शानदार रही। इस दौरान शेयर बाजार में उथल-पुथल के बावजूद इनका औसत रिटर्न 15.6% रहा। दूसरी तरफ सेंसेक्स ने 7.11% रिटर्न दिया। सोलर इंडस्ट्रीज के को फाउंडर और चेयरमैन सत्यनारायण नुवाल की संपत्ति सबसे ज्यादा 78.4% बढ़ी। उनकी कंपनी विस्फोटक, डेटोनेटर, ड्रोन और गोला-बारूद बनाती है।

टॉप-20 में से 14 की संपत्ति में कम से कम 8.5% बढ़ोतरी हुई। केवल 6 उद्योगपतियों की संपत्ति 4% से 25% घटी है। इस दौरान आरजे कॉर्प के चेयरमैन रवि जयपुरिया की संपत्ति 24.6% घटी है। दिविज लैबोरेटरीज दवाओं का प्रमुख कच्चा माल एपीआई में विशेषज्ञता के लिए जानी जाती है। मुरली अमेरिकी वैज्ञानिक से उद्यमी बनने के लिए मशहूर हैं। मुरली दिवि ने मुनाफे की जगह इनोवेशन, हाई क्वालिटी और बिजनेस में स्थिर ग्रोथ पर ध्यान केंद्रित किया। आयशर मोटर्स रॉयल एनफील्ड के लिए जानी जाती है। 500-800 सीसी के बाइक बाजार में हिस्सेदारी 96% है।

# 112 ग्रामीण जिलों में प्रति व्यक्ति औसत आय 2000 डॉलर के पार

## बढ़ेगी खरीदारी



नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। ग्रामीण भारत में आर्थिक प्रगति के मजबूत संकेत दिख रहे हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज की रिपोर्ट के अनुसार, 112 ग्रामीण जिलों में प्रति व्यक्ति औसत आय अब 2,000 डॉलर को पार कर गई है। इन इलाकों में 29.1 करोड़ लोग रहते हैं। आय वृद्धि से स्मार्टफोन, वाहन और ब्रांडेड सामान जैसे गैर जरूरी उत्पादों और सेवाओं की मांग में वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश जैसे राज्य अपनी मजबूत अर्थव्यवस्थाओं और विकास योजनाओं के कारण ग्रामीण उत्थान की इस कहानी का नेतृत्व कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश को छोड़कर लगभग हर राज्य में ग्रामीण प्रति व्यक्ति आय 2,000 डॉलर से अधिक है। ग्रामीण उद्योग क्षेत्र का मूल्य 2024-25 में 29 लाख करोड़ था। यह तीन वर्षों में 7.1 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। विनिर्माण क्षेत्र में 5 फीसदी की धीमी वृद्धि रही। निर्माण (8.7 प्रतिशत), यूटिलिटी (6.9 प्रतिशत) और खनन (13.5 प्रतिशत) ने अच्छा प्रदर्शन किया। औद्योगिक क्षेत्र में 10.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ यूपी सबसे आगे रहा। तमिलनाडु और राजस्थान दूसरे स्थान पर रहे। ग्रामीण सेवा क्षेत्र में प्रति व्यक्ति औसत आय अब ज्यादातर राज्यों में 3,000 डॉलर के पार है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में 61 लाख करोड़ रुपये का योगदान देने वाली कृषि अन्य क्षेत्रों की तुलना में धीमी गति से बढ़ी।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था की इंक्रीमेंटल ग्रोथ में भारत की हिस्सेदारी 6.7%, अकेले एसबीआई का योगदान 1.1%

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। भारत ने वित्त वर्ष 25 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धिशील वृद्धि में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया और अकेले भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की वृद्धिशील वृद्धि में 1.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

रिपोर्ट में वैश्विक आर्थिक मोर्चे पर भारत के मजबूत प्रदर्शन पर प्रकाश डाला गया है, जिसने वित्त वर्ष 25 के दौरान वैश्विक जीडीपी में कुल वृद्धि में 297 बिलियन अमरीकी डॉलर जोड़े। इसमें कहा गया है, वैश्विक स्तर पर, भारत ने वित्त वर्ष 25 में वृद्धिशील वैश्विक जीडीपी में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया। वित्त वर्ष 25 में विश्व अर्थव्यवस्था में 4,118 बिलियन अमरीकी डॉलर की वृद्धि हुई और इसमें भारत की हिस्सेदारी 297 बिलियन अमरीकी डॉलर थी। इसका मतलब है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में कुल वृद्धि में भारत का योगदान लगभग 7 प्रतिशत था, जो वैश्विक विकास में अग्रणी योगदानकर्ताओं में से एक के रूप में इसके बढ़ते महत्व और ताकत को दर्शाता है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि भारत के योगदान में से, अकेले एसबीआई ने अपनी संपत्ति के आकार के माध्यम से 44 बिलियन अमरीकी डॉलर जोड़े। एसबीआई का यह योगदान वित्त वर्ष 25 में वैश्विक जीडीपी में कुल वृद्धि का लगभग 1.1 प्रतिशत है।

शोध रिपोर्ट में कहा गया है, एसबीआई वैश्विक जीडीपी में लगभग 1.1 प्रतिशत और भारत के जीडीपी में लगभग 16 प्रतिशत जोड़ता है। दूसरे शब्दों में, अकेले एसबीआई का प्रदर्शन वैश्विक जीडीपी वृद्धि में कुछ छोटी अर्थव्यवस्थाओं के योगदान के आकार से मेल खाता है।

# पीएनबी में न्यूनतम बैलेंस न होने पर अब जुर्माना नहीं

## विदेश मंत्री जयशंकर अमेरिकी ऊर्जा सचिव से मिले

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने बचत खाते में न्यूनतम जमा नहीं होने पर अब सभी तरह के जुर्माने को खत्म कर दिया है। नया नियम एक जुलाई से लागू हो गया है। पीएनबी के एमडी-सीईओ अशोक चंद्रा ने कहा, यह निर्णय समावेशी बैंकिंग के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इन शुल्कों को माफ करने से ग्राहकों पर वित्तीय दबाव कम होगा। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग यानी सीसीआई ने पेंट्स के विनिर्माण और बिक्री के बाजार में अपनी मजबूत स्थिति का दुरुपयोग करने के मामले में एशियन पेंट्स के खिलाफ जांच का आदेश दिया है। जांच 90 दिनों में पूरी करनी है। यह निर्देश बिड़ला की ग्रासिम इंडस्ट्रीज की ओर से दायर शिकायत के बाद जारी किया गया है। ग्रासिम का आरोप है कि एशियन पेंट्स अपने वितरकों के साथ अनुबंध में ऐसे शर्तें जोड़ रही है, जिससे वे बिड़ला ओपस पेंट्स को न बेच सकें। जो डीलर केवल एशियन पेंट्स के साथ विशेष डील कर रहे हैं, उन्हें विशेष छूट और विदेश यात्राओं की सुविधा दी जा रही है। जो डीलर दोनों कंपनियों के पेंट्स बेच रहे हैं, उन्हें एशियन पेंट्स निशाना बना रही है। इसमें क्रेडिट सीमा को घटाना, ज्यादा लक्ष्य देना और कम ग्राहक देने जैसे मामले शामिल हैं। ग्रासिम ने पिछले साल फरवरी में बिड़ला ओपस पेंट्स ब्रांड के तहत सजावटी पेंट्स के क्षेत्र में कदम रखा था।

# दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य- | मिथुन में |
| चंद्र- | कन्या में |
| मंगल | सिंह में |
| बुध- | कर्क में |
| गुरु- | मिथुन में |
| शुक्र- | वृष में |
| शनि- | मीन में |
| राहु- | कुंभ में |
| केतु- | सिंह में |

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मिथुन | 04-32 बजे |
| कर्क | 06-45 बजे |
| सिंह | 08-56 बजे |
| कन्या | 11-03 बजे |
| तुला | 13-10 बजे |
| वृश्चिक | 15-18 बजे |
| धनु | 17-32 बजे |
| मकर | 19-42 बजे |
| कुंभ | 21-29 बजे |
| मीन | 23-07 बजे |
| मेष | 00-43 बजे |
| वृष | 03-12 बजे |

श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य दक्षिणायन ऋतु- वर्षा
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000 — सूर्योदय 05-49
भोग्य कलि वर्ष-426874 — सूर्यास्त 18-50
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126

दिशाशूल - दक्षिण - जीरा खाकर घर से निकले
तिथि- अष्टमी 14-07 तक उपरान्त नवमीं
मास- आषाढ़ शुक्ल, गुरुवार 03 July
नक्षत्र- हस्त 13-50 तक उपरान्त चित्रा
योग- परिघ 18-35 तक उप शिव
करण- बव 14-07 तक उप बालव
विशेष-
व्रत-त्योहार-

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है। सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 13:59 से 15:37 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05:49 - 07:26 | शुभ | अमृत | 18:50 - 20:15 | शुभ |
| रोग | 07:26 - 09:04 | अशुभ | चंचल | 20:15 - 21:37 | शुभ |
| उत्पात | 09:04 - 10:42 | अशुभ | रोग | 21:37 - 22:59 | अशुभ |
| चंचल | 10:42 - 12:20 | शुभ | काल | 22:59 - 00:21 | अशुभ |
| लाभ | 12:20 - 13:59 | शुभ | लाभ | 00:21 - 01:42 | शुभ |
| अमृत | 13:59 - 15:37 | शुभ | उत्पात | 01:42 - 03:04 | अशुभ |
| काल | 15:37 - 17:15 | अशुभ | शुभ | 03:04 - 04:26 | शुभ |
| शुभ | 17:15 - 18:50 | शुभ | अमृत। | 04:26 - 05:49 | शुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,)
आप चुस्त, विश्वसनीय, दृढ़ और सक्रिय हैं। ये गुण आपको किसी भी साक्षात्कार में आगे रखने में आपकी मदद करेंगे। आप आज अगर किसी भी साक्षात्कार के लिए जा रहे हैं तो अपनी शारीरिक भाषा पर ध्यान दे। आज का दिन सफेद रंग शुभ है और अपने कपड़ों के कुछ हिस्से में यह रंग पहने।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
आप अपने करियर में जो कुछ भी चाहते थे, वह सब कुछ आज आपके रास्ते में आएगा। चाहे वह प्रसिद्धि, ताक़त, पैसा या पद हो, आप अब सब कुछ पाने के लिए एक आदर्श स्थिति में हैं। बस कड़ी मेहनत करते रहे और अन्य लोगों की राय का सम्मान करे और जो भी आपने अपनी इच्छा शक्ति के बलबूते किया है।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
आपकी वित्तीय नियोजन और कड़ी मेहनत ने रंग दिखाया है। जो लोग पहले आप पर शक करते थे और आपके निर्णय से सहमत नहीं होते थे, वे आपके तर्क और दूरदर्शिता की आपकी शक्तियों से प्रभावित होंगे। वित्तीय सफलता की इस अवधि का आप आनंद लें। आज आप विलासिता से संभंधित वस्तुओ पर व्यय कर सकते है।

**कर्क** (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो,)
आप अपने रास्ते में एक महान अवसर की बाट देख रहे थे और इस तरह के अवसर के लिए ये सबसे अच्छा समय है। अगर आपने साक्षात्कार दिया है, तो उस मोर्चे पर आज अच्छी खबर मिल सकती है। अप्रत्याशित जगहों से नौकरी के अवसर आपको मिल सकते है या कुछ पुराने संपर्कों से भी आप आगे की और बढ़ सकते है।

**सिंह** (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे,)
आप स्वाभाविक रूप से शक्ति और अधिकार के लिए आकर्षित रहे हैं और इस वजह से हमेशा आपने ध्यान केंद्रित कर काम किया है। आपका परिश्रम आज फल दे सकता है, लेकिन आप अपना धैर्य बनाये रखें और अपने समय के साथ चले। ये भी आवयशक है की आप अपने मन को भी व्यस्थित एवं खुला रखे।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
व्यावहारिक स्थिति आज आपको काफी तीव्रता से काम करने के लिए मजबूर कर रही हैं, पर आपका मन अपने परिवार के साथ समय बिताने में अधिक रुचिकर दिखेगा। इसलिए, आपको दक्षता से अपनी दोनों प्रतिबद्धताओं को निभाना होगा। आप अपने काम को नजरअंदाज न करें, हालाँकि आपका मन इधर उधर भागेगा।

**तुला** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,)
लालच आज आपके रास्ते में दिखाई देगा, लेकिन आवश्यक है की आप सही मार्ग पर चले। गलत और छोटे रास्ते अंत में आपके करियर के लिए हानिकारक हो सकते है। सही रास्ता चुनना इतना आसान नहीं होगा और ये तभी हो सकता है जब लालच आप पर हावी न हो। अगर आप अपने से यह नहीं कर सकते हैं।

**वृश्चिक** (तो, ना, नी, ने, नू, नो, या, यी, यू,)
आज आपको नयी नौकरी का प्रस्ताव मिल सकता है जो की आपके क्षेत्र से अलग होगा। आपको दोनों क्षेत्रो को आपस में तोलना होगा ताकि आप सही करियर का निर्णय ले सके, हालाँकि ये आपके लिए काफी चुनौतीपूर्ण होगा पर आप पूरी तरह से अपना कार्य क्षेत्र को न बदले।

**धनु** (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)
आज आपको कुछ छुपे हुए शत्रु से सावधान रहने की जरुरत है। यह व्यक्ति आपके साथ मित्रतापूर्ण भाव से आपके साथ काम कर रहा है पर जैसे की इतिहास अपने आप को दोहराता है यह व्यक्ति प्रतिकार कर सकता है या इसके विचार आपसे भिन्न हो सकते है। आज आपके लिए ये अछा होगा की आप अपने सारे कार्यो का निष्पादन सही समय पर कर ले ताकि काम का कोई बो

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आज का दिन सट्टा उद्यम के लिए उपयुक्त है पर बिना सोचे समझे कोई निर्णय न ले। अगर आप गणना करके जोखिम लेंगे तो लाभ में रहेंगे परन्तु याद रखे अज्ञानता में लिए गया फैसला नुकसान दिला सकता है इसलिए फिलहाल लाटरी के मकड़जाल में न फसे। बिना सोचे समझे सट्टा खेलना या निवेश करना हानिकारक है।

**कुंभ** (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
सौहार्द और सार्वभौमिक जयकार का माहौल आज आपके कार्यस्थल में रहेगा और आप जिस कार्य को करने में आम तौर पर नफरत करते है उसे आप आनंद के साथ करेंगे। आज आप अपने कार्य के लिए नए उत्साह एवं ऊर्जा पाएंगे और अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए अपने सहयोगियों से सक्रिय समर्थन की प्राप्ति होने की भी संभावना प्रबल है।

**मीन** (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)
पिछले कुछ दिनों से अलग अलग दिशाओं में आपका मन भाग रहा है और निर्णायक निर्णय लेने में आप असमर्थ रहे है। बहरहाल, आज आपको दृष्टि की एक दुर्लभ स्पष्टता का अनुभव होगा और आप अपने कार्यस्थल पर मुद्दों के बारे में स्पष्ट और उचित निर्णय लेने में सक्षम होंगे। आपको किसी से अच्छी करियर सलाह मिलने की भी संभावना है।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# 'सामान-मिठाई' कोड-वर्ड में मिले लखमा को 64 करोड़

## ढेबर-जनार्दन-इकबाल के ऑर्डर पर मंथली जाते थे 2 करोड़, एसआई-प्रकाश ने पहुंचाए मंत्री बंगले में पैसे

रायपुर, 2 जुलाई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस में ईओडब्ल्यू ने रायपुर की स्पेशल कोर्ट में करीब 1100 पन्नों का चौथा पूरक चालान पेश किया है। इसमें लखमा के घोटाले में शामिल होने के सबूत हैं। कवासी लखमा को सामान और मिठाई जैसे कोडवर्ड से 64 करोड़ रुपए कमीशन के मिले। ईओडब्ल्यू की चार्जशीट के मुताबिक कवासी लखमा के बंगले में हर महीने 2 करोड़ रुपए पहुंचता था। आबकारी विभाग के कर्मचारी रोजमर्रा के सामान के साथ शराब और पैसों का बैग लेकर आते थे। यह पैसा सरकारी गाड़ियों के माध्यम से बंगले के अंदर सीधे आता था। हर महीने 2 करोड़ रुपए कवासी लखमा के तत्कालीन ओएसडी जयंत देवांगन के हाथों में दिया जाता था। जयंत देवांगन, केयर टेकर्स की मदद से अलग-अलग कमरों में रखवाते थे। ईओडब्ल्यू के अधिकारियों ने लखमा के 27 करीबियों से बयान लेकर इस बात का साक्ष्य इकट्ठा किया है।

तत्कालीन मंत्री ने इस रकम को जमीन, मकान और भरोसेमंद लोगों के ऊपर इन्वेस्ट करके ठिकाने लगाया। बेटे के लिए 1.4 और खुद के लिए 2.24 करोड़ में मकान बनाया। बहू-बेटियों समेत कई कारोबारियों के नाम 18 करोड़ का निवेश किया। इस



रिपोर्ट में पढ़िए कवासी लखमा को कैसे और कब पहुंचता था कमीशन, जिसे निवेश कर ठिकाने लगाया गया?

**मंत्री बंगले तक कैसे पहुंचता था पैसा?**

**पार्ट-1:** शराब दुकानों में सिंडिकेट डुप्लीकेट होलोग्राम वाली शराब बेचता था। इसे बी पार्ट शराब सिंडिकेट के सदस्यों ने नाम दिया था। बी पार्ट की शराब बिक्री होने पर सीएसएमसीएल को प्रति पेटी 150 रुपए मिलता था। इस पैसे के एवज में आबकारी मंत्री कवासी लखमा को 50 लाख रुपए हर महीने दिया जाता था।

यह पैसा एमडी अरुण पति त्रिपाठी के निर्देश देने पर आबकारी अधिकारी जनार्दन कौरव और इकबाल खान एजेंटों की मदद से इकट्ठा कराते थे। पैसा आबकारी सब इंस्पेक्टर कन्हैया लाल कुर्रे के माध्यम से एसओडी जयंत देवांगन को दिया जाता था। जयंत देवांगन पैसे को मंत्री तक पहुंचाता था।

**पार्ट-2:** शासकीय शराब दुकानों से बेची गई पार्ट-बी शराब में हर महीने अनवर ढेबर डेढ़ करोड़ रुपए आबकारी मंत्री को भेजता था। यह पैसा सिंडिकेट के मुख्य कर्ताधर्ता अरविंद सिंह और विकास अग्रवाल के द्वारा अमित सिंह को दिया जाता था।

अमित सिंह ये पैसा प्रकाश शर्मा उर्फ छोटू की मदद से महिंद्रा बस सर्विसेज के मालिक इंदरदीप सिंह गिल उर्फ इनू और कमलेश नाहटा की बताई जगहों पर पहुंचाता था। ओएसडी जयंत देवांगन को मंत्री बंगले में लाकर पैसा छोड़ा जाता था। यह रकम प्रति माह डेढ़ करोड़ थी।

वहीं ईडी की चार्जशीट के अनुसार जो भी व्यक्ति ओएसडी जयंत देवांगन के पास पैसा लेकर जाता था। वो पैसों के बंडल जांच कराने के बाद वॉट्सऐप कॉल के माध्यम से उसका कंफर्मेशन देता था। ये कंफर्मेशन शेख सकात (कवासी लखमा के सुरक्षा अधिकारी) के मोबाइल के माध्यम से होती थी। इसकी पुष्टि खुद लखमा करते थे।

ईओडब्ल्यू की चार्जशीट के अनुसार कवासी लखमा द्वारा उनके कार्यकर्ताओं, संबंधियों के हवाई यात्रा, होटल और वाहन बुकिंग की व्यवस्था की जाती थी। इस राशि का भुगतान नगद में दिया जाता था। 2023 में 41 लाख 94 हजार 211 बुकिंग की गई, जिसमें 28 लाख 30 हजार 140 रुपए का नगद भुगतान किया गया।

शराब बेचने के लिए प्रदेश के 15 जिलों को चुना गया। शराब खपाने का रिकॉर्ड सरकारी कागजों में ना चढ़ाने की नसीहत दुकान संचालकों को दी गई। डुप्लीकेट होलोग्राम वाली शराब बिना शुल्क अदा किए दुकानों तक पहुंचाई गई।

इसकी एमआरपी सिंडिकेट के सदस्यों ने शुरुआत में प्रति पेटी 2880 रुपए रखी थी। इनकी खपत शुरू हुई, तो सिंडिकेट के सदस्यों ने इसकी कीमत 3840 रुपए कर दी।

डिस्टलरी मालिकों को शराब सप्लाई करने पर शुरुआत में प्रति पेटी 560 रुपए दिया जाता था, जो बाद में 600 रुपए कर दिया गया था। एसीबी को जांच के दौरान साक्ष्य मिला है कि सिंडिकेट के सदस्यों ने दुकान कर्मचारियों और आबकारी अधिकारियों की मिलीभगत से 40 लाख पेटी से अधिकारी शराब बेची है।

2024 में आईटीएस अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी, बीएसपी कर्मी अरविंद सिंह, कारोबारी अनवर ढेबर, त्रिलोक सिंह ढिल्लन, अनुराग द्विवेदी, अमित सिंह, दीपक दुआरी, दिलीप पांडेय, रिटायर आईएएस अनिल टुटेजा, सुनील दत्त।

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ईडी जांच कर रही है। ईडी ने एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई है।

दर्ज एफआईआर में 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले की बात कही गई है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में आईएएस अफसर अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था।

# बलरामपुर की सेंदुर नदी में बहा कोटवार

## मुनादी कर लौट रहा था, 16 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, कोरबा में बरामदा ढहा

रायपुर, 2 जुलाई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में सेंदुर नदी पार करने के दौरान कोटवार बह गया। कोटवार जनेउधारी सोनवानी (48 वर्ष) महावीरगंज में मुनादी कर लौट रहा था। जनेउधारी सोनवानी मंगलवार को मुनादी करने गया था। वापसी में उसने पुल के रास्ते के बजाए शॉर्टकट में नदी पार करने का रास्ता चुना।

नदी पार करने के दौरान तेज बहाव में वह बह गया। ग्रामीणों ने कोटवार को बहते हुए देखकर इसकी सूचना विजयनगर पुलिस चौकी को दी। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम उसकी तलाश कर रही है, लेकिन उसका पता नहीं चला सका है।

वहीं कोरबा जिले में लगातार हो रही बारिश से एक घर का बरामदा और बाथरूम अचानक भरभराकर गिर गया। परिवार वालों की जान बाल-बाल बची।

बता दें कि छत्तीसगढ़ के 16 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। आज (बुधवार) को सूरजपुर, कोरिया, रायगढ़, बस्तर, कांकेर, बीजापुर, बालोद, धमतरी सहित 16 जिलों में गरज चमक के साथ बिजली गिरने और भारी बारिश की आशंका है।

मौसम विभाग के अनुसार ये



स्थिति अगले 5 दिनों तक बने रहेगी। वहीं जगदलपुर में हो रही लगातार बारिश के कारण कॉलोनियों ने जलभराव हो गया। दलपत सागर वार्ड गायत्री नगर में पानी घरों में घुस गया।

छत्तीसगढ़ के उत्तरी हिस्से में इस समय मानसून सबसे ज्यादा एक्टिव है। मंगलवार को सरगुजा संभाग में हुई तेज बारिश ने आम जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। वहीं बलरामपुर के शंकरगढ़ में कोरवा जनजाति के मां-बेटे की उफनते नाले में बहने से मौत हो गई, जबकि दूसरी तरफ गेउर नदी में मछली मारने गए एक युवक की डूबने से जान चली गई।

मंगलवार को प्रदेश के 10 से अधिक जिलों में पानी बरसा। औसतन बारिश 18.4 मिमी रिकॉर्ड किया गया है। वहीं तापमान की बात करें तो 31.9°सी के साथ बिलासपुर सबसे गर्म रहा और 21.0°सी डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ राजनांदगांव सबसे ठंडा रहा।

बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में उफनते नाले को पार कर रहे मां-बेटे बह गए। दोनों का शव मंगलवार को बरामद हुआ है। आमगांव निवासी विशुन कोरवा की पत्नी रजनी पहाड़ी कोरवा (20) अपने 2 वर्षीय बेटे आनंद के साथ मायके रकैया गांव गई थी। बताया जा रहा है कि वहां से शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच वह बेटे को लेकर पैदल ही लौट रही थी। दोनों गांव के बीच स्थित बढ़नी झरिया नाले में कमर तक पानी भरा था। बेटे को गोद में लेकर रजनी कोरवा नाला पार कर रही थी, तभी दोनों नाले के तेज बहाव में बह गए। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने मां-बेटे का शव घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर खेत में पड़ा देखा।

# छत्तीसगढ़ समेत 6 राज्यों में सीबीआई की छापेमारी

## श्री रावतपुरा मेडिकल कॉलेज को मान्यता दिलाने 55 लाख ली रिश्वत, 3 डॉक्टर समेत 6 लोग गिरफ्तार



रायपुर, 2 जुलाई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 3 डॉक्टरों समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर मेडिकल कॉलेज की मान्यता रिपोर्ट को अनुकूल बनाने रिश्वत लेने का आरोप है। बुधवार को सीबीआई ने सभी आरोपियों को रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया। जहां से सीबीआई आरोपियों को रिमांड पर ले सकती है। सीबीआई के मुताबिक, यह छापा छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर स्थित श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च से जुड़ा है। आरोप है कि मेडिकल कॉलेज को मेडिकल काउंसिल से मान्यता दिलाने के बदले 55 लाख रुपए रिश्वत दी। वैधानिक प्रक्रिया को प्रभावित किया। जानकारी के अनुसार संस्थान के पदाधिकारी और बिचौलिए, निरीक्षण के लिए नियुक्त डॉक्टरों से संपर्क कर उन्हें प्रभावित करने की कोशिश कर रहे थे।

सीबीआई ने पुख्ता सूचना मिलने पर योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। रिश्वत के लेन-देन के दौरान सभी 6 आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में 3 डॉक्टर, संस्थान के पदाधिकारी और 3 बिचौलिए शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों को संबंधित न्यायालयों में पेश किया गया है।

सीबीआई ने सोमवार को कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और मध्य प्रदेश में 40 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए हैं।

# टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर की गोली मारकर हत्या

हजारीबाग, 2 जुलाई (एजेंसियां)। हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र में गेरुआ नदी के पास एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मंगलवार रात करीब 10:30 बजे हुई इस घटना में मृतक की पहचान टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर अनीश अंसारी के रूप में हुई है। अनीश रांची जिले के बुढ़मू थाना क्षेत्र के मतवे गांव का निवासी था।

घटना के समय गेरुआ नदी में बालू लोडिंग का काम चल रहा था। अचानक तीन राउंड गोली चलने की आवाज सुनाई दी। इससे वहां मौजूद ट्रैक्टर चालक और मजदूर भाग गए। पुलिस के अनुसार, यह आपसी वर्चस्व की लड़ाई का मामला हो सकता है। पुलिस ने बताया कि अनीश अंसारी पर कई आपराधिक मामले दर्ज थे।

# जनगणना के लिए पिंगुआ बनाए गए इंचार्ज

## देशभर में 2027 में होगी 16वीं जनगणना, इससे पहले लीक रिपोर्ट से जानिए प्रदेश की कास्ट-सेंसस

रायपुर, 2 जुलाई (एजेंसियां)। देश में आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना कराई जाएगी। इसके लिए छत्तीसगढ़ के अपर प्रमुख सचिव मनोज कुमार पिंगुआ को राज्य में जनगणना गतिविधियों के समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की उप सचिव अंशिका ऋषि पांडे ने आदेश जारी किया है।

जारी आदेश में कहा गया है कि, जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 3 के तहत केंद्र सरकार 2027 में जनगणना कर रही है। यानी 1 फरवरी 2027 से जनसंख्या की गणना शुरू होगी। इससे पहले आपको बताते हैं कि प्रदेश में जाति के मुताबिक आबादी का हाल।

ये रिपोर्ट सोशल मीडिया में लीक हुई एक रिपोर्ट के मुताबिक है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस कार्यकाल के दौरान जाति जनगणना का



आकलन करने क्वांटीफायेबल रिपोर्ट तैयार कराई गई थी। हालांकि इसको सार्वजनिक नहीं किया गया था, लेकिन रिपोर्ट लीक हुई थी।

रिपोर्ट के मुताबिक छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा आबादी ओबीसी वर्ग की है, जिसमें साहू समाज पहले और यादवों की संख्या दूसरे नंबर पर है। लीक रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में किस जाति के कितने लोग, क्वांटीफायेबल रिपोर्ट तैयार कराने में कितना खर्च हुआ था?

इस रिपोर्ट में- जनगणना लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में 1 अक्टूबर 2026 को और 2027 को देश के बाकी हिस्सों में होगी। जनगणना दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण यानी हाउस-लिस्टिंग ऑपरेशन में हर घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं की जानकारी इकट्ठा की जाएगी। केंद्र सरकार ने सभी विभागों को 31 दिसंबर 2025 से पहले नगर निगमों, राजस्व गांवों, तहसीलों, उप-विभागों या जिलों की सीमाओं में कोई भी प्रस्तावित बदलाव करने का निर्देश जारी किया गया है। यह अब तक की 16वीं और स्वतंत्रता के बाद 8वीं जनगणना है।

यह जनगणना 16 साल बाद की जाएगी, क्योंकि पिछली जनगणना 2011 में की गई थी। भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने कहा कि, 1 अप्रैल 2026 से मकानों की लिस्टिंग, सुपरवाइजर्स और गणना कर्मचारियों की नियुक्ति, काम का बंटवारा किया जाएगा।

# मरवाही में खुले में पड़ा 800 क्विंटल धान

## बारिश में भीगकर अंकुरित हुआ अनाज, सैकड़ों बारदाने भी खराब, प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, 2 जुलाई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में समय पर धान का उठाव नहीं होने से करीब 800 क्विंटल धान खराब होने की स्थिति में पहुंच गया है। मरवाही धान खरीदी केंद्र में खुले आसमान के नीचे रखी लगभग 1,400 बोरियों में भरा धान बारिश के पानी में भीग गया है। इससे अब धान अंकुरित होने लगा है। कुछ धान सड़ने की स्थिति में है। जिले में लगातार बारिश का दौर जारी है। वहीं, पूर्व विधायक डॉ. के.के. ध्रुव ने इसे प्रशासन की लापरवाही बताया है। जिला सहकारी समितियों ने समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदा था। लेकिन खरीदे गए धान का समय पर उठाव नहीं किया गया। इसके कारण धान खुले में पड़ा रहा। बारिश के कारण न केवल धान बल्कि सैकड़ों बारदाने भी खराब हो रहे हैं। किसानों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस लापरवाही का विरोध किया है। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। पूर्व विधायक डॉ. के.के. ध्रुव ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय धान की खरीदी के साथ समय पर उठाव भी होता था। वर्तमान सरकार की लापरवाही से किसानों की मेहनत बर्बाद हो रही है। जिला विपणन अधिकारी ने सॉफ्टवेयर में तकनीकी दिक्कतों का हवाला दिया है।

# नक्सलियों ने युवक को किडनैप कर मार-डाला

## गांव में लाश फेंककर भागे, 15 दिन में 6 हत्याएं, बस्तर में 25 साल में 1,821 मर्डर

बीजापुर, 2 जुलाई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने धारदार हथियार से एक युवक की हत्या कर दी। बड़ी संख्या में हथियारबंद नक्सली पहुंचे थे। घर से किडनैप कर वारदात को अंजाम दिया है। शव गांव के बाहर ही फेंककर भाग गए थे। मामला उसूर थाना क्षेत्र के पेरमपल्ली गांव का है। मिली जानकारी के मुताबिक युवक पेरमपल्ली गांव का रहने वाला था। मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। बीजापुर में नक्सलियों ने 15 दिनों में मुखबिरी के शक में 6 लोगों की हत्या की है, जिसमें 4 ग्रामीण और 2 छात्र शामिल हैं। नक्सलियों ने पिछले 25 साल में 1821 लोगों का मर्डर किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक 1



जुलाई को बड़ी संख्या में नक्सली गांव पहुंचे थे। इस दौरान नक्सलियों ने युवक को घर से बाहर निकाला। इसके बाद युवक की बेदम पिटाई की, फिर पुलिस की मुखबिरी के शक में उसे मार डाला। वारदात के बाद सभी नक्सली जंगल की तरफ लौट गए। इससे पहले, 17 जून 2025 को नक्सलियों ने बीजापुर जिले के एक गांव में 3 ग्रामीणों की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी थी। इनमें एक 13 साल का 7वीं और दूसरा 20 साल का कॉलेज का छात्र और तीसरा ग्रामीण युवक शामिल है। पूरा मामला पेद्दाकोरमा गांव का है। गांववालों का कहना था कि 17 जून की शाम करीब 70 से 80 की संख्या में हथियार बंद नक्सली पहुंचे थे। उन्होंने छात्र सोमा मोड़ियाम (20), अनिल माड़वी (13) समेत एक अन्य ग्रामीण को घर से उठा लिया था। सोमा इसी साल 12वीं पास कर कॉलेज में दाखिल हुआ था, जबकि अनिल 7वीं का छात्र था। नक्सली गांव के 10 से ज्यादा लड़कों को बंधक बनाकर अपने साथ लेकर गए। हालांकि, उनकी बेदम पिटाई करने के बाद उन्हें छोड़ दिया। पुलिस के एक्शन से बौखलाए नक्सली अब स्कूल और कॉलेज के बच्चों का कत्ल कर रहे हैं। दरअसल, मारे गए सभी ग्रामीण डीवीसीएम कैडर के सरेंडर नक्सली दिनेश मोड़ियम के रिश्तेदार थे।

# सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई बस

## हादसे में आधा दर्जन लोग घायल, एक यात्री को रेस्क्यू कर निकाला गया बाहर

कोरबा, 2 जुलाई (एजेंसियां)। जिले के बांगो थाना क्षेत्र में एक बड़ा सड़क हादसा हुआ है। गढ़वा से रायपुर जा रही एक यात्री बस ने सड़क किनारे खड़े ट्रेलर को टक्कर मार दी। जिससे बस में सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी-उपरोड़ा में भर्ती कराया गया है। यात्री बस में लगभग 30 लोग सवार थे। हादसे में सामने बैठा एक यात्री बस के सीट में फंस गया था, जिसे 5 घंटे बाद निकाला गया। बस ड्राइवर घटना के बाद फरार हो गया। अन्य यात्रियों को दूसरे बस में शिफ्ट किया गया। बांगो पुलिस और स्थानीय लोगों ने फंसे हुए यात्री को बाहर निकाला। बांगो थाना प्रभारी और डायल 112 की टीम मौके पर मौजूद थी। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी-उपरोड़ा में किया गया। स्थानीय लोगों की माने तो बस की रफ्तार काफी तेज थी जहां बस चालक ने नियंत्रण खो दिया और ट्रक के पीछे जा टकराया।

इस हादसे में सामने बैठे उन लोगों को अधिक छोटे आई है जिसमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है एक यात्री सीट के बिन में फंस गया जहां हादसे के बाद यात्री चीख पुकार मचाने लगा देखते ही देखते राहगीरों के भीड़ एकत्रित हो गए फंसे हुए यात्री को राहगीरों की मदद से बाहर निकलने का प्रयास किया गया लेकिन असफल हुए जहां बांगो थाना पुलिस और 112 की टीम मौके पर पहुंची।

# रांची को आज मिलेगा एलिवेटेड कॉरिडोर

## एनएचएआई का पहला प्रोजेक्ट जिसमें लगा है बुलेटप्रूफ बैरियर, 30 मिनट की दूरी 5 मिनट में होगी तय

रांची, 2 जुलाई (एजेंसियां)। लंबे इंतजार के बाद राजधानी वासियों को गुरुवार को रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर की सौगात मिलने जा रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी इसका उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन को लेकर पंडरा स्थित ओटीसी ग्राउंड में सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अब रांची के लोगों को इंतजार है, तो बस इस एलिवेटेड कॉरिडोर से होते हुए रातू रोड को पार करने का। उस जाम से मुक्ति पाने का, जिसके कारण नागाबाबा खटाल से पिस्का मोड़ तक करीब 2.5 किमी का सफर पूरा करने में आधा से 1 घंटे का समय लगता था, जो अब एलिवेटेड कॉरिडोर के जरिए महज 5-7 मिनट में पूरा हो जाएगा। इस एलिवेटेड कॉरिडोर में कई खूबियां हैं।

एलिवेटेड कॉरिडोर की प्रोजेक्ट डायरेक्टर एकता कुमारी ने बताया कि रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर एनएचएआई का पहला ऐसा प्रोजेक्ट है जिसमें बुलेटप्रूफ बैरियर का इस्तेमाल हुआ है। दरअसल, नागा बाबा खटाल से लेकर किशोरी सिंह यादव चौक पुराने बस स्टैंड के समीप तक राजभवन का एरिया आता है। राजभवन की सुरक्षा को देखते हुए वहां बुलेटप्रूफ बैरियर, साउंडलेस बैरियर और व्यू कटर लगाया गया है। बुलेट प्रूफ बैरियर राजभवन की सुरक्षा करेगा, तो साऊंडलेस बैरियर फ्लाईओवर के आसपास रहनेवाले लोगों को गाड़ी के शोर-शराबे से बचाएगा। इससे न केवल घर, ऑफिस और दुकानों के लोग परेशानियों से बचेंगे बल्कि फ्लाईओवर के आसपास स्थित क्लिनिक, हॉस्पिटल और स्कूल भी वाहनों के शोर-शराबे से डिस्टर्ब होने से बचेंगे। पूरे कॉरिडोर में गडर स्टील कंपोजिट का इस्तेमाल हुआ है, जो पूरी तरह से सेल में निर्मित लोहे से बना है।

# तंबाकू से भरे ट्रक ने ट्रांसफॉर्मर में मारी टक्कर

## बिजली का खंभा गिरा, तार टूटा, 4 घंटे तक आपूर्ति बाधित

पाकुड़, 2 जुलाई (एजेंसियां)। पाकुड़ शहर के कालीभाषण क्षेत्र में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गुजरात से तंबाकू लेकर आ रहा एक ट्रक मुख्य सड़क पर स्थित ट्रांसफॉर्मर वाले बिजली के खंभे से टकरा गया।

हादसे में ट्रांसफॉर्मर जमीन पर गिर गया और बिजली के तार सड़क पर आ गिरे। इस दौरान सड़क से गुजर रहे लोग बाल-बाल बच गए। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

स्थानीय लोगों ने तुरंत बिजली विभाग को सूचना दी। विभाग के अधिकारी और मिस्त्री मौके पर पहुंचे। हादसे के कारण क्षेत्र में करीब 3-4 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।

पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई। तंबाकू से लदे ट्रक को थाने में रखा गया है। बिजली विभाग के कर्मचारी टूटे तार की मरम्मत में जुट गए। उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती से पहले से ही परेशान लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश देखा गया।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि शहर में लगातार हो रही बिजली कटौती से उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं।

# कुशमाकुरा में डायरिया का प्रकोप

## 14 लोग संक्रमित, 5 गंभीर मरीज सदर अस्पताल रेफर, दूषित पानी बना कारण

गिरिडीह, 2 जुलाई (एजेंसियां)। गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड स्थित कुशमाकुरा गांव में डायरिया का प्रकोप देखा जा रहा है। मंगलवार की देर शाम से शुरू हुई यह समस्या बुधवार तक और अधिक फैल गई। अब तक 14 लोग संक्रमित हो चुके हैं।

इनमें से 5 मरीजों की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर किया गया है। स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर मरीजों का इलाज कर रही है। टीम ने ग्रामीणों को दवाएं वितरित कीं और बीमारी से बचाव के लिए जरूरी सलाह दी। प्रारंभिक जांच में डायरिया का मुख्य कारण दूषित पानी सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार,



गांव में पेयजल की उचित व्यवस्था नहीं है। लोग बोरिंग और कुएं का पानी पीने के लिए इस्तेमाल करते हैं।

गिरिडीह डीसी रामनिवास यादव ने डुमरी स्वास्थ्य विभाग को बीमारी की रोकथाम के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने मामले की जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने को भी कहा है।

# फोर्डो न्यूक्लियर साइट पर भारी नुकसान

## ईरानी विदेश मंत्री ने मानी अमेरिकी बंकर बस्टर बमों से तबाही की बात, बड़ा खुलासा



तेहरान, 2 जुलाई (एजेंसियां)। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने माना है कि अमेरिकी हमले में उनकी फोर्डो स्थित न्यूक्लियर साइट को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि फिलहाल नुकसान की सटीक जानकारी नहीं दी जा सकती लेकिन ये साफ है कि इस अंडरग्राउड साइट पर बमबारी से भीषण तबाही हुई है। बीते महीने हुए ईरान और इजरायल के 12 दिन के युद्ध के दौरान अमेरिका ने फोर्डो साइट पर बम गिराए थे। इजरायल के समर्थन में युद्ध में उतरते हुए अमेरिकी एयरफोर्स ने 22 जून को बंकर बस्टर बमों से ईरान की न्यूक्लियर साइटों पर हमला किया था।

अब्बास अराघची ने सीबीएस न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा कि अमेरिकी बमबारी ने ईरान की जमीन के सैकड़ों फीट नीचे बनी फोर्डो परमाणु सुविधा को क्षति पहुंचाई है। अमेरिकी हमले में नुकसान के सवाल पर उन्होंने कहा, 'कोई भी ठीक से नहीं जानता कि फोर्डो में क्या हुआ है। हम अब तक जो जानकारी है, वह यह है कि परमाणु सुविधाओं को गंभीर रूप से और भारी क्षति पहुंची है।'

अराघची ने आगे कहा, 'सीजफायर होने के बाद ईरान का परमाणु ऊर्जा संगठन इसका मूल्यांकन और आंकलन कर रहा है कि फोर्डो में कितना नुकसान हुआ है। एजेंसी जांच पूरी करने के बाद अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। इसके बाद ही यह साफतौर पर कहा जा सकेगा कि फोर्डो में क्या-क्या नुकसान ईरान को उठाना पड़ा है।'

इजरायल ने 13 जून को अचानक ईरान पर हवाई हमले शुरू किए थे। इजरायल ने इन हमलों का कारण ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करना कहा था। इजरायल और ईरान में 10 दिन की लड़ाई के बाद अमेरिका इस जंग में कूद गया था। अमेरिका ने अपने बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर्स से ईरान के फोर्डो परमाणु स्थल पर जीबीयू-57ए/बी (बंकर बस्टर बम) गिराए।

ईरान के परमाणु स्थलों पर हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि हमने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह नष्ट कर दिया है। हालांकि इसके बाद अमेरिकी अधिकारियों की ओर से कहा गया कि उनकी एयरफोर्स के हमलों से ईरान में हुए नुकसान का सटीक आंकलन करने में समय लगेगा।

एक्सपर्ट का मानना है कि तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को नुकसान हुआ है लेकिन इसके पूरी तरह तबाह होने की बात सही नहीं है। दुनियाभर के विशेषज्ञ फिलहाल यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को वास्तव में किस स्तर का नुकसान पहुंचा है। हालांकि ईरान ने ये माना है कि उसे हुआ नुकसान काफी ज्यादा है।

# रूस से सू-57 जेट, एस-500 एयर डिफेंस नहीं खरीदेगा भारत

## क्या भारतीय नौसेना जहाज तमाल और एस-400 आखिरी बड़ा समझौता?

मॉस्को, 2 जुलाई (एजेंसियां)। भारत लगातार रूस और अमेरिका के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। अमेरिका को पसंद नहीं है कि भारत, रूस के साथ डिफेंस समझौते करे। अमेरिका भले भारत को क्रिटिकल टेक्नोलॉजी ना दे या फिर खतरनाक हथियार देने में सौ बहाने बनाए, फिर भी वो चाहता है कि भारत, रूस से एक समुचित दूरी बनाकर रखे। ऐसा लग रहा है कि भारत ऐसा कर भी रहा है। भारत ने अमेरिकी प्रतिबंधों की अवहेलना करते हुए एस-400 खरीदा, लेकिन अब भारत ने रूस के अलावा बाकी विकल्पों पर ज्यादा ध्यान देना शुरू कर दिया है। 1 जुलाई 2025 को भारतीय नौसेना ने अपने अंतिम रूसी निर्मित युद्धपोत इन्स तमाल को आधिकारिक रूप से कमीशन कर लिया। यह क्षण प्रतीकात्मक रूप से एक युग के अंत को दर्शाता है, वह युग जिसमें रूस भारत का सबसे बड़ा और करीब करीब एकमात्र रक्षा साझेदार था।



इन्स तमाल, एडमिरल ग्रिगोरोविच-श्रेणी का मल्टी-रोल स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट है, जो अब भारतीय नौसेना के पश्चिमी कमान में शामिल होकर अरब सागर और पश्चिमी हिंद महासागर में देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करेगा। तमाल भारत द्वारा विदेशी जमीन पर बनवाया गया आखिरी युद्धपोत है। अब से सभी नौसैनिक जहाज भारत के ही शिपयार्ड में ही बनेंगे। ये निश्चित तौर पर आत्मनिर्भर भारत की ताकत को दिखाता है। ये युद्धपोत 125 मीटर लंबा है और इसका विस्थापन 3900 टन है।

लेकिन इन्स तमाल और एस-400 के बाकी बचे दो यूनिट्स की डिलीवरी के बाद, भारत और रूस के पास कोई अन्य प्रमुख हथियार खरीद सौदा नहीं बचेगा। ये दोनों सौदे यूक्रेन संघर्ष शुरू होने से पहले ही किए गए थे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत आने वाले हैं और उनके दौरे से पहले रूस ने भारत को कई हथियारों को लेकर डील ऑफर किया है। जिनमें एसयू-57 लड़ाकू विमान, एस-500 एयर डिफेंस सिस्टम के साथ साथ परमाणु पनडुब्बियों को लीज पर देना और कैलिबर लंबी दूरी की मिसाइलों का ऑफर शामिल है। लेकिन ऐसा लग रहा है कि भारत फिलहाल इस तरह की डील करने के मूड में नहीं है। भारत पहले ही रूस के साथ हेलीकॉप्टर बनाने का प्रोजेक्ट कैंसिल कर चुका है। इसके अलावा भारतीय चालक दल के प्रशिक्षण के लिए रूसी परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी को पट्टे पर देने के प्रस्ताव पर रूसी ऑफर के बाद भी कोई डेवलपमेंट नहीं है। भारत ने रूस से 5 एस-400 एयर डिफेंस खरीदने का सौदा किया था, जिनमें 3 भारत को मिल चुके हैं और बाकी के दो यूनिट अगले साल तक मिल जाएंगे। भारत-पाकिस्तान सैन्य टकराव के दौरान एस-400 की शानदार सफलता के बाद ऐसी खबरें सामने आई हैं कि भारत पाकिस्तान और चीन के खिलाफ अपने हवाई क्षेत्र को अभेद्य बनाने के लिए एस-400 की अतिरिक्त यूनिट्स खरीद सकता है या एस-500 को हासिल कर सकता है।

# ब्राजील में हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे जिनपिंग

### ली च्यांग लेंगे उनकी जगह

बीजिंग, 2 जुलाई (एजेंसियां)। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ब्राजील में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक प्रेस कॉफ्रेंस में इस बात की पुष्टि कर दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति जिनपिंग की जगह प्रधानमंत्री ली च्यांग ब्रिक्स शिखर सम्मेलम में चीन का प्रतिनिधित्व करेंगे। हालांकि माओ निंग ने यह नहीं बताया कि जिनपिंग ने इस कार्यक्रम में न शामिल होने का निर्णय क्यों लिया। अब जबकि जिनपिंग के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में न जाने की पुष्टि हो गई है तो पिछले एक दशक में यह पहली बार होगा जब वे ब्रिक्स के सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। ब्राजील के रियो डी जनेरियो में 6 और 7 जुलाई को आयोजित हो रहे ब्रिक्स देशों का वार्षिक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# हाइपरसोनिक मिसाइलों की दुनिया में चीन की जबरदस्त छलांग

## फेटियन-2 ने भरी कामयाब उड़ान, अमेरिका और रूस छूट गये पीछे

बीजिंग, 2 जुलाई (एजेंसियां)। चीन ने हाइपरसोनिक मिसाइलों की दुनिया में अमेरिका को बहुत पीछे छोड़ दिया है। चीन ने फेटियन-2 हाइपरसोनिक वाहन का कामयाब परीक्षण कर पूरी दुनिया को चौंका दिया है। यह फ्लाइट टेस्ट ना सिर्फ तकनीकी रूप से अत्यंत मुश्किल रॉकेट बेस्ड कंबाइंड साइकिल (आरबीसीसी) इंजन पर आधारित है, बल्कि इसने हाइपरसोनिक उड़ानों के भविष्य के लिए नई संभावनाओं के दरवाजे भी खोल दिए हैं। आरबीसीसी टेक्नोलॉजी पर महारत हासिल करने की कोशिश पिछले कई सालों से कई देश करते आ रहे थे, लेकिन फिलहाल चीन मैदान मारता दिख रहा है। यह फ्लाइट टेस्ट नॉर्थवेस्टर्न पॉलिटेक्निकल यूनिवर्सिटी (एनपीयू) की तरफ से उत्तरपश्चिमी चीन में एक साइट पर किया गया है। एनपीयू की रिसर्च टीम ने कहा है कि यह परीक्षण केरोसिन-हाइड्रोजन



पेरोक्साइड प्रपल्सस का इस्तेमाल करके आरबीसीसी इंजन के लिए वास्तविक-उड़ान डेटा के पहले सफल अधिग्रहण का प्रतिनिधित्व करता है। आरबीसीसी इंजन, पारंपरिक रॉकेट इंजन और एयर-ब्रीदिंग रैमजेट का जबरदस्त संयोजन होता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह वातावरण में मौजूद ऑक्सीजन का इस्तेमाल करता है, जिससे ऑनबोर्ड ऑक्सीडाइजर की जरूरत घट जाती है। इससे वाहन का वजन कम हो जाता है और ईंधन खर्च होना भी कम हो जाता है। यानि इससे मिसाइल की कम ईंधन का इस्तेमाल करते हुए ज्यादा दूरी तक पहुंचने की क्षमता बढ़ जाती है। फेटियन-2 में इस्तेमाल किया गया केरोसीन-हाइड्रोजन पेरॉक्साइड प्रणोदक सिस्टम एक नया प्रयोग है जो इसे लिक्विड ऑक्सीजन जैसी जटिल क्रायोजेनिक सिस्टम से आजाद करता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस टेक्नोलॉजी को पूरी तरह से आजमाने के बाद इसका इस्तेमाल नागरिक और सैन्य, दोनों जरूरतों के लिए किया जा सकता है। चीन ने हाइपरसोनिक ग्लाइड वाहन भी डेवलप किए हैं, जिनमें डीएफ-जडएफ भी शामिल है, जो डीएफ-17 बैलिस्टिक मिसाइल के साथ इस्तेमाल किया जाने वाला एक हाइपरसोनिक ग्लाइड वाहन है। चीन ने 2021 में फ्रैक्शनल ऑर्बिटल बॉम्बार्डमेंट सिस्टम (एफओबीएस) टेस्ट के दौरान डीएफ-41 जैसी अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों (आइसीबीएम) के साथ एचजीवी का भी परीक्षण किया था। एनपीयू ने शानक्सी प्रांत एयरोस्पेस और एस्ट्रोनॉटिक्स प्रोपल्शन रिसर्च इंस्टीट्यूट की भागीदारी के साथ इस परियोजना का नेतृत्व किया। चीन ने 2022 में फेटियन-1 का टेस्ट किया था। लेकिन फेटियन-2 में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गये हैं। इसमें रॉकेट के सिर के पास पंख, लंबे टेल फिन्स जोड़े गए हैं जिससे यह उड़ान के दौरान और ज्यादा स्थिर और नियंत्रित रहता है। यह डिजाइन हाई स्पीड और ऊंचाई पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

# वेनेजुएला ने यूएन के उच्चायुक्त को माना अवांछित

## यूएस से निर्वासित प्रवासियों की मदद न करने का आरोप

काराकास, 2 जुलाई (एजेंसियां)। वेनेजुएला की नेशनल असेंबली ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क को अवांछित व्यक्ति करार दिया। वेनेजुएला की संसद ने तुर्क पर अमेरिका से निर्वासित किए जाने के बाद अल साल्वाडोर की जेल में बंद किए गए वेनेजुएला के प्रवासियों की मदद न करने आरोप लगाया है। सांसदों ने प्रवासियों की रक्षा करने में फेज रहने पर संयुक्त राष्ट्र अधिकारी की आलोचना की। अमेरिका से निर्वासित किए गए 252 वेनेजुएलावासी अल साल्वाडोर की जेल में बंद हैं।

पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी वोल्कर तुर्क ने कहा था कि संयुक्त राष्ट्र ने मादुरो सरकार के तहत मनमाने ढंग से हिरासत में लिए जाने, लोगों को जबरन गायब किए जाने और यातना दिए जाने के मामलों में बढ़ोतरी देखी है। इस पर राष्ट्रपति निकोलस



मादुरो ने संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के खिलाफ नाराजगी जाहिर की थी। इसके बाद वेनेजुएला की नेशनल असेंबली में तुर्क के प्रति गुस्सा बढ़ गया। सांसदों ने मादुरो से आग्रह किया कि जब तक तुर्क अपने पद पर बने रहेंगे, वे मानवाधिकार परिषद से वेनेजुएला की सदस्यता वापस ले लें। इस पर वेनेजुएला की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जॉर्ज रोड्रिगेज ने कहा कि तुर्क जघन्य अपराधों के प्रति आंखें मूंद लेता है। वह संयुक्त राज्य अमेरिका और अल साल्वाडोर में वेनेजुएला के लोगों के मानवाधिकारों के लिए कुछ नहीं करते हैं। हाल ही में तुर्क ने अमेरिका से वेनेजुएला के उन नागरिकों के निर्वासन को रोकने का आग्रह किया था, जिन्हें अपने देश में गिरफ्तार किए जाने का खतरा हो सकता है। उन्होंने अमेरिका से बड़े पैमाने पर निर्वासन में उचित प्रक्रिया का पालन न होने पर चिंता जताई थी। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में उन्होंने कहा था कि मैं हिरासत की स्थितियों से बहुत चिंतित हूं। लोगों को चिकित्सा देखभाल से वंचित रखा गया है। साथ ही, भोजन और पानी तक पहुंच का अभाव है। कुछ कैदियों को बिना किसी संपर्क के हिरासत में रखा गया। वेनेजुएला में संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधि वोल्कर तुर्क और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के बीच पुराना विवाद है। तुर्क ने जून में वेनेजुएला के संसदीय चुनावों के बाद नागरिक स्वतंत्रता पर बढ़ती कार्रवाई और मादुरो के विवादित पुनर्निर्वाचन के बाद उत्पन्न अशांति पर चिंता जताई थी।

# ट्रम्प बोले- भारत से व्यापार समझौता जल्द होगा

## टैरिफ काफी कम होंगे, 9 जुलाई से पहले होनी है दोनों देशों में डील

वॉशिंगटन, 2 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही एक व्यापार समझौता होगा। जिसमें टैरिफ काफी कम होंगे। ट्रम्प ने इसे दोनों देशों के बाजारों में बेहतर प्रतिस्पर्धा के लिए अच्छ बताया।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत के साथ हमारी डील होने जा रही है। और यह एक अलग तरह की डील होगी। ऐसी डील, जिसमें हम भारत के बाजार में प्रवेश कर सकें और प्रतिस्पर्धा कर सकें। अभी भारत किसी को अंदर आने नहीं देता। लेकिन मुझे लगता है कि भारत अब ऐसा करेगा। और अगर ऐसा हुआ, तो हम कम टैरिफ वाली डील कर पाएंगे। भारत और अमेरिका के बीच अगर 9 जुलाई तक कोई समझौता नहीं हुआ हुआ तो भारत पर 26% टैरिफ लग सकता है। यह वो तारीख है जब ट्रम्प के सस्पेंडेड टैरिफ दोबारा लागू होंगे।

ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दुनियाभर के करीब 100 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया था। इसमें भारत पर 26% टैरिफ लगा। फिर 9 अप्रैल को ट्रम्प प्रशासन ने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया।

ट्रम्प ने ये समय भारत जैसे देशों को डील पर फैसले लेने के लिए दिया है। एक सीनियर अधिकारी के हवाले से बताया कि अगर बातचीत नाकाम रहती है, तो 26% का टैरिफ स्ट्रक्चर तुरंत प्रभाव से फिर से लागू हो जाएगा

अमेरिका कृषि व डेयरी में शुल्क रियायत की मांग कर रहा है। हालांकि भारत ने रुख कड़ा किया है। भारत का मानना है कि जीएम फसलों, कृषि व डेयरी प्रोडक्ट, मेडिकल डिवाइस व डेटा लोकलाइजेशन में ज्यादा छूट दी, तो खाद्य सुरक्षा पर असर पड़ सकता है। भारत के मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने वॉशिंगटन में अपनी मौजूदगी बढ़ाई है। भारत-अमेरिका डील से जुड़े लोगों ने बताया- हफ्तों पहले हुई बातचीत में मुख्य रूप से भारत और अमेरिका में इंडस्ट्री और कृषि उत्पादों के लिए ज्यादा बाजार पहुंच, टैरिफ में कटौती और नॉन-टैरिफ बैरियर्स पर फोकस रहा। अमेरिकी डेलिगेशन की अगुआई यूएस ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव ऑफिस के अधिकारियों ने की। जबकि भारतीय व्यापार मंत्रालय की टीम की कमान सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल कर रहे थे।

इस समझौते का लक्ष्य दोनों देशों के बीच सालाना द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 190 अरब डॉलर (करीब 16 लाख करोड़) से बढ़ाकर 2030 तक 500 अरब डॉलर (करीब 43 लाख करोड़) तक ले जाना है।

# ब्रिटेन के इमिग्रेशन सिस्टम में बड़े बदलाव

लंदन, 2 जुलाई (एजेंसियां)। ब्रिटेन की पीएम कीर स्टार्मर के नेतृत्व वाली सरकार ने इमिग्रेश सिस्टम (अप्रवासन प्रणाली) में बड़े बदलाव किए हैं। इन बदलावों का मकसद माइग्रेशन घटाना, कुशल कामगारों को बढ़ाना और वर्क वीजा में सख्ती करते हुए विदेशी श्रमिकों पर निर्भरता कम करना है। नए इमिग्रेशन श्वेत पत्र के तहत सुधारों का पहला सेट ब्रिटिश संसद के निचले सदन में पेश कर दिया गया है। इसे उन्होंने ब्रिटेन की आप्रवासन रणनीति को पूरी तरह रीसेट (बड़े बदलाव) करने वाला कहा है। इमिग्रेशन सिस्टम के ये नए नियम इस साल 22 जुलाई से लागू होंगे।

श्वेत पत्र में सिफारिशों पर नए नियमों को इस वर्ष के आखिर तक लागू किया जाना है। इसके तहत ब्रिटेन की इमिग्रेश सिस्टम में नए नियमों में कुशल श्रमिक वीजा रूट के तहत पात्रता से 100 से ज्यादा व्यवसायों को हटाया जाएगा। कौशल स्तर और वेतन आवश्यकताओं की सीमा बढ़ाई जाएगी और विदेशी सामाजिक देखभाल श्रमिकों के लिए वीजा रूट बंद किया जाएगा। इसके अलावा वीजा आवेदकों के लिए अंग्रेजी भाषा की आवश्यकताओं को भी सख्त किया जाएगा।

**स्थानीय लोगों को मिलेंगे ज्यादा मौके**

ब्रिटिश गृह सचिव यवेट कूपर ने कहा है कि नए नियमों में हमारी सरकार की कोशिश स्थानीय लोगों को मौका बढ़ाना है। बदलाव की चार सबसे प्रमुख बातों में से पहली- कुशल श्रमिक वीजा सूची से 111 व्यवसायों को हटाना, दूसरी- देखभाल कर्मियों के लिए विदेशी भर्ती को समाप्त करना, तीसरी- छोटी डिग्री स्तर के काम को सख्त शर्तों के साथ सीमित करना और चौथी-प्रवासन सलाहकार समिति की कमी वाली भूमिकाओं, वेतन और लाभों की समीक्षा का आदेश देना है।

सरकार का कहना है कि ये बदलाव इमिग्रेशन सिस्टम पर कंट्रोल बढ़ाने और घरेलू कार्यबल विकास को प्राथमिकता देने के लिए हैं। ब्रिटेन में भारतीय बड़ी संख्या में रहते हैं और काम के लिए भी जाते हैं। ऐसे में भारतीयों के लिए ये फैसला मुश्किल पैदा कर सकता है। यवेट कूपर ने कहा कि हम उचित नियंत्रण और व्यवस्था बहाल करने के लिए अपनी आव्रजन प्रणाली में बड़े बदलाव कर रहे हैं।

कपूर ने कहा कि बड़े बदलाव करने की वजह पिछली सरकार की नितियां हैं। ब्रिटेन की पिछली सरकार ने प्रवासन को चार गुना बढ़ा दिया था, इससे सिस्टम पटरी से उतर गया है।

ऐसे मे कीर स्टार्मर की सरकार इसमें बदलाव ला रही है ताकि इस प्रणाली पर फिर से नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उन्होंने इस दिशा में जल्दी ही और भी कदम उठाने की बात कही है।

# जापान एयरलाइंस के विमान ने कुछ मिनटों के अंदर ही 26 हजार फीट ऊंचाई खोई

## घबराए यात्रियों का हुआ बुरा हाल

टोक्यो, 2 जुलाई (एजेंसियां)। जापान में बड़ा विमान हादसा होते-होते बच गया। चीन के शंघाई से टोक्यो जा रहा जापान एयरलाइंस का विमान बोइंग 737 अचानक 26 हजार फीट नीचे आ गया। विमान को अचानक ऊंचाई खोते देख यात्री घबरा गए। उन्होंने मास्क लगा लिए। इस दौरान कुछ यात्रियों ने तो अपनी वसीयत भी लिखना शुरू कर दिया।

30 जून को जापान एयरलाइंस के विमान ने चीन के शंघाई पुडोंग एयरपोर्ट से टोक्यो के नारिता एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरी थी। जापान एयरलाइंस और स्प्रिंग जापान एयरलाइन की एक सहायक कंपनी के बीच कोडशेयर समझौते वाले इस विमान में 191 यात्री सवार थे। विमान 36 हजार फीट की ऊंचाई पर था। इस बीच विमान में अचानक तकनीकी खराबी आ गई और यह 10 मिनट के अंदर 26 हजार फीट नीचे गिरकर 10500 फीट पर आ गया। विमान को नीचे आता देख यात्री घबरा गए। हादसे के डर में यात्रियों ने मास्क लगा लिए।

एक यात्री ने बताया कि मैंने एक धीमी आवाज सुनी और कुछ ही सेकेंड में ऑक्सीजन मास्क गिर गया। इस बीच एक एयर होस्टेस आई और मास्क लगाने के लिए कहने लगी। उसने कहा कि विमान में कुछ खराबी आ गई है। इस बीच कुछ यात्री विमान में सो रहे थे। जबकि कुछ यात्रियों ने अपनी वसीयत लिखनी शुरू कर दी। कुछ यात्रियों ने अपने परिजनों को पिन और बीमा की जानकारी भेजनी शुरू कर दी। एक यात्री ने कहा कि जब मैं अपनी वसीयत, बीमा और बैंक कार्ड के पिन लिख रहा था तो मेरी आंखों में आंसू आ गए।

# पाकिस्तान ने ग्वादर पोर्ट के लिए किया बड़ा ऐलान

## चीन की मदद से पसार रहा पैर, चाबहार पर भारत की टेंशन बढ़ाएंगे शहबाज

इस्लामाबाद, 2 जुलाई (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण ग्वादर पोर्ट का परिचालन बढ़ाने का फैसला लिया है। पाकिस्तान की शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार के समुद्री मामलों के मंत्रालय ने ऐलान किया है कि उसकी योजना अतिरिक्त शिपिंग लाइनें शुरू करके और पाकिस्तान को खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों से जोड़ने वाली नौका सेवा शुरू करके ग्वादर पोर्ट की परिचालन क्षमता का विस्तार करने की है। पाक सरकार ने इसे एक महत्वाकांक्षी योजना कहा है। पाक ग्वादर पोर्ट में ऑरपरेशन बढ़ने का चीन और भारत दोनों पर असर हो सकता है। चीन ने ग्वादर में अपना प्रभाव हालिया वर्षों में



बढ़ाया है तो भारत इससे कुछ ही दूरी पर ईरान के चाबहार पोर्ट पर उपस्थिति रखता है।

डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के समुद्री मामलों के मंत्री मोहम्मद जुनैद अनवर चौधरी ने मंगलवार को उच्च स्तरीय बैठक के बाद कहा कि यह पहल क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने, समुद्री व्यापार को बढ़ावा देने और ग्वादर को अरब सागर में एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य ग्वादर को एक रणनीतिक ट्रांसशिपमेंट और लॉजिस्टिक्स केंद्र में बदलना है, जिससे पाकिस्तान और व्यापक क्षेत्र को लाभ हो।

अनवर चौधरी ने इस बात पर जोर दिया कि ग्वादर पोर्ट अब पूरी तरह से चालू हो गया है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुद्री नेटवर्क में इसके एकीकरण में तेजी लाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि माल की अधिक आवाजाही को सुगम बनाने, मध्य एशिया और अरब के साथ व्यापार को बढ़ावा देने और पाकिस्तान की बढ़ती भूमिका का समर्थन करने के लिए ग्वादर से अतिरिक्त शिपिंग लाइनें जोड़ी जाएंगी। पाक सरकार के मंत्री ने कहा कि ग्वादर से नौका सेवा की शुरुआत लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करेगी और इससे पर्यटन बढ़ेगा।

ग्वादर पोर्ट पर भारत और चीन की नजर बनी रहती है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर स्थित पोर्ट की ईरान के चाबहार बंदरगाह से दूरी सिर्फ 170 किलोमीटर है। भारत ने ईरान के चाबहार में भारी निवेश किया है। भारत की कोशिश चाबहार को अफगानिस्तान और मध्य एशिया के लिए ट्रांजिट रूट के रूप में विकसित करना है।

# 70% मुस्लिम आबादी वाले कजाकिस्तान में हिजाब बैन

## चेहरा ढकने वाले काले कपड़ों पर भी पाबंदी, राष्ट्रपति बोले- राष्ट्रीय पहचान वाले कपड़े पहनें

अस्ताना, 2 जुलाई (एजेंसियां)। कजाकिस्तान ने सार्वजनिक जगहों पर चेहरा ढकने वाले कपड़ों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सोमवार को राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट तोकायेव ने एक कानून पर हस्ताक्षर किए। इसमें कहा गया है कि चेहरा ढकने वाले कपड़े, जिनसे किसी की पहचान छिपती है, सार्वजनिक जगहों पर नहीं पहने जा सकते।

राष्ट्रपति तोकायेव ने कहा- 'चेहरा ढकने वाले काले कपड़ों की बजाय हमारे राष्ट्रीय कपड़े पहनना बेहतर है। ये कपड़े हमारी संस्कृति को दर्शाते हैं और इन्हें बढ़ावा देना चाहिए।' हालांकि, बीमारी, खराब मौसम, खेल, या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इसकी छूट है। कजाकिस्तान सरकार ने 2023 में स्कूलों में हिजाब पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार का कहना है कि स्कूल यूनिफॉर्म के नियम हिजाब पहनने की इजाजत नहीं देते। इस फैसले के खिलाफ 150 लड़कियों ने स्कूल छोड़ दिया था।

कजाकिस्तान में करीब 70% लोग इस्लाम धर्म मानते हैं, जबकि ईसाई धर्म दूसरा सबसे बड़ा धर्म है।

कजाकिस्तान के राष्ट्रपति तोकायेव ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय कपड़े हमारी पहचान बताते हैं, इसलिए हमें उन्हें लोकप्रिय बनाने की जरूरत है। कजाकिस्तान के राष्ट्रपति तोकायेव ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय कपड़े हमारी पहचान बताते हैं, इसलिए हमें उन्हें लोकप्रिय बनाने की जरूरत है।

कजाकिस्तान के अलावा मध्य एशिया के कई देशों ने भी चेहरा ढकने वाले कपड़ों, जैसे नकाब और बुरका, पर रोक लगाई है। ये देश अपनी संस्कृति और सुरक्षा को बढ़ावा देना चाहते हैं।

**ताजिकिस्तान:** 2024 में ताजिकिस्तान ने हिजाब पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार का कहना था कि यह राष्ट्रीय संस्कृति की रक्षा और कट्टरपंथ को रोकने के लिए है। नियम तोड़ने पर जुर्माना है।

**किर्गिस्तान:** इसी साल किर्गिस्तान ने नकाब पर रोक लगाई है। नियम तोड़ने पर 230 डॉलर (20 हजार रुपए) का जुर्माना है। सरकार का कहना है कि यह सुरक्षा और लोगों की पहचान के लिए जरूरी है।

**उज्बेकिस्तान:** उज्बेकिस्तान में बुरका और नकाब पर रोक है और नियम तोड़ने पर 250 डॉलर (22 हजार रुपए) से ज्यादा जुर्माना है।

2021 में हिजाब की इजाजत दी गई, लेकिन स्कूलों और सरकारी दफ्तरों में इसे लेकर कुछ सीमाएं हैं। सरकार का कहना है कि यह सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता के लिए है।

# बाढ़ जैसे हालात, स्कूल में करनी पड़ी छुट्टी

## नाव चलाकर पहुंचे लोग



जयपुर, 2 जुलाई (एजेंसियां)। राजस्थान के कोटा, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, झालावाड़, अजमेर, बूंदी सहित कई जिलों में बुधवार सुबह से बारिश हो रही है। पूर्वी भारत के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र परिसंचरण तंत्र के रूप में परिवर्तित होने से मानसून ट्रफ लाइन गंगानगर, रोहतक से होकर गुजर रही है। जिससे प्रदेश में बारिश का दौर देखने को मिल रहा है। इससे लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली है। हालांकि कई इलाकों में भारी बारिश से लोगों का जीवन भी प्रभावित हो रहा है।

चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा कस्बे में रुक-रुककर बारिश का दौर जारी है। इसके चलते गूंजली नदी उफान पर है। तेज बारिश के कारण हमेरगंज पुल के 3 से 4 फीट ऊपर से पानी बह रहा है। हाड़ा की मोरवन, खडामा, दौलपुरा, हमेरजंग व केवड़ों का लुहारिया का पंचायत मुख्यालय से संपर्क टूट गया है।

**अजमेर में स्कूल में पानी भरने से छुट्टी**

अजमेर के केकड़ी में शोलिया गांव में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में 4-5 फीट बरसात का पानी भर गया। जिससे स्कूल में पानी भरने से छात्र-छात्राओं की छुट्टी करनी पड़ी। स्कूल के कमरों में पानी भर गया। मिड डे मील का पोषाहार भी बरसात की भेंट चढ़ गया। गांव में चारों तरफ बरसात का पानी भर गया। जिसके चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा।

**झालावाड़ में पानी में डूब गई कार**

झालरापाटन के नगर में शुरू हुई मूसलाधार बरसात का दौर बुधवार सुबह तक जारी रहा। मूसलाधार बरसात होने से बुधवार सुबह जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। समाचार पत्र वितरण के साथ ही दूधियों को दूध देने में परेशानी आई। बच्चों को स्कूल जाने में भी दिक्कत रही। तेज बरसात होने के कारण नाली और नालों का पानी बहकर सड़कों पर आ जाने के कारण भवानी मंडी मार्ग पर कृषि उपज मंडी के सामने, लंका दरवाजा, सूरजपोल दरवाजा व गिन्दोर दरवाजा बाहर तथा अन्य कई जगह सड़कों पर पानी इकट्ठा हो गया।

जिससे लोगों व दुपहिया वाहन चालकों को परेशानी हुई। तेज बरसात के कारण कई मकानों की छतो से पानी टपकने लग गया। तहसीलदार नरेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि नगर में 97 मिली मीटर बरसात रिकॉर्ड की गई। 1 जून से लेकर 2 जुलाई सुबह 8 बजे तक 403 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

झालावाड़ के तमोलिया गांव मे सड़क पर बरसाती पानी भर गया। जिसमें कार डूब गई। वहीं, देर झमाझम बरसात में नदी नालों में उफान आ गया।

रटलाई कस्बे में हुई मूसलाधार बारिश के बाद झालरापाटन मार्ग सुदामा नगर सहित आदि जगहों पर पानी भर गया। जिससे निकलने में लोगों को खासी परेशानी हुई।

रटलाई कस्बे के निकट गांव रीझोन के नाले पर बारिश का पानी आने से उफान पर आया। जिसके कारण कई घंटे तक रास्ता बन रहा।

कोटा-बनियानी सड़क मार्ग में भरें बरसाती पानी से गुजरते वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रामगंजमंडी शहर मे रात एक बजे से सुबह आठ बजे तक साढ़े पांच इंच बरसात दर्ज की गई। गोलाना कस्बे के बाजार में दो से पांच फीट तक पानी का बहाव। सीनियर स्कूल भवन सहित कई मकान दुकानों में घुसा पानी।

**बूंदी में व्यवस्थाओं की खुली पोल**

बूदीं के तालेड़ा में लगातार बारिश से धनेश्वर की ग्राम पंचायत और सरकारी विद्यालय में 3 से 4 फीट पानी भर गया है। ग्रामीण पानी की निकासी में जुटे है। ग्रामीण का कहना है कि ग्राम पंचायत की व्यवस्थाओं की पोल खुल गई है। नाली और नालियां बंद गई है। साफ सफाई नहीं होने के कारण बारिश के पानी की निकाली नहीं हो पाई रही है।

**कोटा बैराज के खोले 5 गेट**

कोटा में भारी बारिश के चलते कई घरों में पानी भर गया। चंबल के बांधों में हो रही पानी की आवक के चलते कोटा बैराज के 5 गेट खोले गए हैं। करीब 75,186 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही। बैराज के 4 गेट 15-15 फीट व 1 गेट 5 फीट खोला गया है। कोटा के मोड़क में बाज़ारो में दुकानें पानी मे डूब चुकी है। मोड़क स्थिति दरगाह परिसर में 6 लोग फंस गए। वहीं, मोड़क गांव चौराहा स्थित नाला उफान पर आने से लोग जान जोखिम में डाल कर पार कर रहे है।

# कंवरलाल मीणा की दया याचिका में आया बड़ा पेंच

## राज्यपाल ने सरकार से स्पष्टीकरण मांगा



जयपुर, 2 जुलाई (एजेंसियां)। पूर्व विधायक कंवरलाल मीणा की सजा माफी को लेकर राज्य सरकार की ओर से राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े को भेजी गई दया याचिका के मामले में नया पेंच आ गया है। सूत्रों के अनुसार राज्यपाल ने इस मामले में सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है। गौरतलब है कि एक सरकारी अफसर पर बंदूक तानने के प्रकरण में कंवरलाल मीणा को हाईकोर्ट ने 3 साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद विधानसभा से उनकी सदस्यता भी रद्द कर दी गई थी।

पिछले दिनों झालावाड़ के पुलिस अधीक्षक कार्यालय के माध्यम से सरकार को दया याचिका भेजी गई थी। हालांकि विपक्ष सरकार को इस मुद्दे पर घेर रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इस मुद्दे पर भाजपा और राज्य सरकार पर आरोप लगाए हैं।

गहलोत ने सदस्यता रद्द करने में हुई देरी को लेकर भाजपा पर सीधा हमला बोला। उन्होंने पूछा कि जब मीणा को दोषी ठहराया गया था तो तत्काल उनकी सदस्यता समाप्त क्यों नहीं की गई। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और आरपी एक्ट के प्रावधान स्पष्ट हैं सजा मिलते ही सदस्यता स्वतः समाप्त होनी चाहिए लेकिन यह निर्णय 23 दिन बाद लिया गया। गहलोत ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार भाजपा और आरएसएस के दबाव में कार्य कर रही है, न कि अपने संवैधानिक दायित्वों के अनुसार।

# कांग्रेस अध्यक्ष की हत्या की साजिश के मामले में नहीं मिले ठोस सबूत, पुलिस ने सौंपी अंतिम रिपोर्ट



जयपुर, 2 जुलाई (एजेंसियां)। राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की कथित हत्या की साजिश के आरोपों पर दर्ज एफआईआर में बड़ी राहत मिली है। पुलिस ने अंतिम रिपोर्ट पेश करते हुए मामले को तथ्यहीन करार दिया है। अदालत ने भी पुलिस की इस रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है।

मामला 8 मई 2023 को जयपुर के संजय सर्कल थाने में दर्ज किया गया था। कांग्रेस नेता राम सिंह कसवा ने यह प्राथमिकी दर्ज करवाई थी, जिसमें भाजपा नेता मणिकांत राठौर और तत्कालीन विधायक मदन दिलावर पर खड़गे को जान से मारने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था। केस में भारतीय दंड संहिता की धाराएं 504, 502(2), 506(2), 302/120बी और एससी/एसटी एक्ट की धाराएं 3(आर) व 3(एस) लगाई गई थीं।

अब पुलिस उपाधीक्षक नानगराम मीणा द्वारा प्रस्तुत की गई अंतिम रिपोर्ट (एफआर नंबर 60/2024, दिनांक 30 दिसंबर 2024) में कहा गया है कि पूरे प्रकरण में किसी प्रकार का आपराधिक षड्यंत्र, धमकी, या घृणा फैलाने जैसी मंशा स्पष्ट नहीं होती है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि यह एक राजनीतिक टिप्पणी मात्र प्रतीत होती है।

मदन दिलावर के संदर्भ में रिपोर्ट में उल्लेख है कि उन्होंने कोई आपत्तिजनक या जाति-आधारित टिप्पणी नहीं की है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि दिलावर स्वयं अनुसूचित जाति से संबंध रखते हैं अतः उनके द्वारा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने की बात निराधार है। वहीं मणिकांत राठौर द्वारा किसी निजी बातचीत में दिए गए कथित बयानों को भी अत्यधिक बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया गया बताया गया।

पुलिस ने कहा कि इस पूरे मामले में ना तो पीड़ित प्रत्यक्ष रूप से वार्ता में शामिल है और ना ही घटना के कोई प्रत्यक्ष प्रमाण सामने आए हैं। एफआईआर में लगाए गए आरोपों को तथ्यहीन और अतिरंजित पाया गया। अंततः कोर्ट ने पुलिस की अंतिम रिपोर्ट को स्वीकार करते हुए मामले को बंद कर दिया है। इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस की ओर से दर्ज की गई यह शिकायत राजनीतिक द्वेष की भावना से प्रेरित थी और इसमें कोई कानूनी आधार नहीं पाया गया।

# एम्स की तर्ज पर बनेगा रिम्स, एक्ट का ड्रॉफ्ट तैयार

## जल्द ही साइन होगा एमओयू



**मेडिकल एज्यूकेशन विभाग के सचिव अंबरीश कुमार**

जयपुर, 2 जुलाई (एजेंसियां)। देश के शीर्ष मेडिकल संस्थान एम्स की तरह ही राजस्थान में आरआईएमएसबनाया जाएगा। इसके लिए सरकार ने एआईआईएमएस दिल्ली के साथ एमओयू का प्रारूप तय कर लिया है, जो कि जल्द ही साइन हो जाएगा। इसे तैयार करने में एआईआईएमएस दिल्ली के विशेषज्ञों की मदद ली जाएगी है। मेडिकल एज्यूकेशन विभाग के सचिव अंबरीश कुमार ने बताया कि आरआईएसएस में कैसे उपकरण होने चाहिए, कैसा स्पेशलाइजेशन होना चाहिए, कैसे हम एआईआईएमएस क्वालिटी की फैकल्टी को हॉयर कर सकें इन सब चीजों में एआईआईएमएस के विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है।

**एआईआईएमएस की तर्ज पर लाया जाएगा विधेयक**

अंबरीश कुमार ने बताया कि एआईआईएमएस की तर्ज पर राजस्थान में भी आरआईएसएस को एक इंडिपेंडेंट इंस्टिट्यूट बनाया जा सके, इसके लिए ड्रॉफ्ट एक्ट बनाया गया है। इसके लिए सरकार ने एआईआईएमएस के एक्ट को ही कॉपी किया है। यह विधेयक अभी विधि विभाग के पास वेटिंग के लिए गया हुआ है। जल्द ही इसे राज्य सरकार की तरफ से पारित किया जाएगा।

खुद ही कॉलेज और यूनिवर्सिटी होगा आरआईएसएम

अंबरीश कुमार ने बताया कि यह एक अनोखा इंस्टिट्यूट होगा, जो खुद ही अपने आप में कॉलेज व यूनिवर्सिटी दोनों होगा। अभी राजस्थान में बाकी मेडिकल कॉलेज राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ एंड साइंसेज से संबद्ध हैं। इनकी डिग्री आरयूएचएस से आती है। इसी तरह से आरआईएमएस खुद की डिग्री देगा। यह खुद ही पढ़ाई करवाएगा, खुद ही अपना सिलेबस सेट करेगा। यह एआईआईएमएस, आईआईटी पैटर्न पर प्रदेश का पहला इंस्टिट्यूट होगा।

**अस्पताल की बिल्डिंग के लिए दिल्ली से आए विशेषज्ञ**

स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड ऑर्किटेक्चर के निदेशक डॉ. वीरेंद्र पॉल इसके लिए जयपुर का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने यहां फैकल्टी से उनकी मुलाकात भी हुई। अस्पताल कैसे एआईआईएमएस के स्तर का कैसे बने इस पर एक सप्ताह में वे कार्ययोजना बनाकर हमें देंगे। इसमेंएआईआईएमएस की तर्ज पर ही फैकल्टी रिक्रूट की जाएगी। उन्हें प्राइवेट प्रेक्टिस की अनुमति नहीं होगी और एनपीए अनिवार्य होगा। योग्यता की भिन्नता भी इसमें रखी जाएगी।

# बेटे ने चाकू से गला काटकर मां की हत्या की

## खुद रेलवे लाइन पर कूदा, कारणों की तलाश में जुटी पुलिस

जयपुर, 2 जुलाई (एजेंसियां)। जयपुर में 38 साल के बेटे ने अपनी 68 साल की मां की हत्या कर सुसाइड कर लिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि बेटे ने चाकू से मां के गले पर वार किया, फिर शव को कमरे में बंद कर दिया और इसके बाद खुद ट्रेन से कटकर जान दे दी। पुलिस को युवक का शव ट्रेन की पटरी पर मिला था, जब पुलिस ने जांच की तो पूरा मामला खुला। मिली जानकारी के अनुसार बेटा अभिजीत (38) और उसकी मां पुष्पांजली (68) मुहाना थाना इलाके में पार्श्वनाथ कॉलोनी में मायरस एम्पल नाम की सोसायटी में रहते थे। यहां उन्होंने एक फ्लैट किराए पर ले रखा था। बेटा अभिजीत पहले कॉल सेंटर पर काम करता था लेकिन बाद में उसने यह जॉब छोड़ दी थी। डीसीपी साउथ के एएसपी ललित कुमार शर्मा ने बताया कि सोमवार दोपहर साढ़े 3 बजे जवाहर सर्कल थाना पुलिस को युवक के ट्रेन से कटने की सूचना मिली थी। ब्रेन टॉवर हॉस्पिटल के पास से निकल रही रेलवे लाइन पर अभिजीत का शव मिला। टीम मौके पर पहुंची और उसकी तलाशी ली। युवक की जेब में घर की चाबियां और कुछ डॉक्यूमेंट मिले। इन डॉक्यूमेंट के आधार पर पुलिस पार्श्वनाथ कॉलोनी पहुंची। टीम जब अभिजीत के फ्लैट पर पहुंची तो वहां उसकी मां का भी शव मिला। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर सामने आ रहा है कि अभिजीत ने ही अपनी मां की हत्या कर सुसाइड किया है।

पुलिस ने बताया कि पुष्पाजंली की बॉडी सड़ी-गली हालत में मिली। मौके से एक चाकू भी मिला है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि गले पर वार कर उसकी हत्या की गई है। मामला सामने आने के बाद पुलिस सीसीटीवी से अभिजीत की हरकतों का पता लगा रही है।

# पाक नागरिक रिजवान अशरफ अलवर से गंगानगर जेल में शिफ्ट

## बीजेपी नेत्री नुपुर शर्मा की हत्या के लिए बॉर्डर पार कर आया था



श्री गंगानगर, 2 जुलाई (एजेंसियां)। भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नुपूर शर्मा की हत्या के लिए भारत-पाक बॉर्डर क्रॉस कर आए पाकिस्तानी नागरिक रिजवान अशरफ को अलवर जेल से यहां श्रीगंगानगर के केन्द्रीय कारागृह में शिफ्ट किया गया है। यह नागरिक पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बहाऊद्दीन जिले का रहने वाला है। इस आरोपी की बुधवार को यहां अदालत में विचाराधीन मामले में तारीख पेशी है। इस वजह से इसे अलवर से यहां लाया गया है। तीन साल पहले इस आरोपी को बॉर्डर क्रॉस करते हुए बीएसएफ ने पकड़ा था। तब भारतीय सीमा में अवैध रूप से घुसने पर उसके खिलाफ हिन्दुमलकोट पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

इस आरोपी से जांच एजेंसियों ने लंबी पूछताछ के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया था। इसके खिलाफ अदालत में ट्रायल शुरू हो चुका है, ऐसे में अलवर से यहां शिफ्ट किया गया है। भाजपा नेत्री शर्मा ने पैगंबर मोहम्मद पर कथित टिप्पणी की थी।

**तब बीएसएफ ने किया था काबू**

इस पाक नागरिक को तीन साल पहले 16 जुलाई 2020 की देर रात बीएसएफ जवानों ने श्रीगंगानगर जिले से लगे हिन्दुमलकोट सेक्टर में खखां चेक पोस्ट पर भारतीय सीमा में घुसते हुए पकड़ा था। बीएफएफ जवानों ने इस आरोपी के कब्जे से एक 11 इंच और एक छोटा चाकू बरामद किया था। इसके बैग की तलाशी में भारत के नक्शे, धार्मिक किताबें, कपड़े और खाने की चीजें भी मिली थी। खुफिया एजेंसियों की पूछताछ में घुसपैठिए रिजवान अशरफ ने बताया था कि वह भाजपा नेत्री नुपुर शर्मा की हत्या करने के इरादे से यहां आया था।

**भारत में घुसने के लिए लिया गूगल मैप का सहारा**

मंसूबे को पूरा करने के लिए अशरफ ने गूगल मैप का सहारा लिया था। वह पहले अपने घर मंडी बहाऊद्दीन से लाहौर के रास्ते भारत में घुसना चाहता था, लेकिन लाहौर से घुसपैठ करने में वह कामयाब नहीं हो पाया। जिसके बाद यह साहिवाल होते हुए जिले की हिंदूमलकोट सीमा पार कर भारत में घुसना चाह रहा था।

प्लान के मुताबिक पाक घुसपैठिया रिजवान भारत में प्रवेश कर श्रीगंगानगर से अजमेर दरगाह जाने वाला था। अजमेर दरगाह पर चद्दर चढ़ाने के बाद नुपुर शर्मा की हत्या करने की योजना थी। जांच एजेसिंयों की जांच में खुलासा हुआ कि पाकिस्तान नागरिक रिजवान ने मंडी बहाऊद्दीन स्थित एक मदरसे से आठवीं क्लास तक की पढ़ाई की है। वह उर्दू के साथ-साथ पंजाबी और हिंदी भाषा भी अच्छी तरह से बोल लेता है।

# सुपारी देकर हमला करवाने वाला आरोपी हिरासत में

## प्यार में धोखा मिलने पर युवती ने किया सुसाइड

जयपुर, 2 जुलाई (एजेंसियां)। राजधानी जयपुर में अपराध की तीन अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने एक मामले में सुपारी देकर जानलेवा हमला करवाने के आरोप में मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार किया है, वहीं एक अन्य मामले में हथियारबंद बदमाशों ने युवक से लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। तीसरी घटना में एक युवती ने प्रेमी द्वारा धोखा दिए जाने के चलते जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली।

**सुपारी देकर हमला करवाने वाला आरोपित गिरफ्तार**

संजय सर्कल थाना पुलिस ने सुपारी देकर जानलेवा हमला कराने के मामले में मुख्य आरोपित रमजान मंसुरी उर्फ भुरिया चौहान, निवासी रामगढ़ मोड़, ब्रह्मपुरी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर, बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि 2 जून को संजय सर्कल क्षेत्र में एक व्यक्ति पर पाइप, सरियों और डंडों से हमला किया गया था। इस मामले में पहले ही तीन हमलावर मोहम्मद अफजल, मोहम्मद जुनैद और मोहम्मद रुस्तम को गिरफ्तार किया जा चुका है। एफआईआर दर्ज होने के बाद गठित विशेष टीम ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच के साथ मुखबिरों की सूचना के आधार पर फरार मुख्य साजिशकर्ता रमजान को गिरफ्तार कर लिया।

**गोली मारने की धमकी देकर युवक से ऑनलाइन ठगी**

बजाज नगर थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम हथियारबंद बदमाशों ने 18 वर्षीय छात्र नरेन्द्र कुमार सैनी को जान से मारने की धमकी देकर 40 हजार रुपये ठग लिए और उसका मोबाइल फोन भी लूट लिया।

नरेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह गांधीनगर रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ा था, तभी एक अजनबी मोबाइल मांगकर उसे बातों में लगाकर पास ही ले गया। वहां पहले से मौजूद दो अन्य बदमाशों के साथ मिलकर तीनों ने उससे मारपीट करके धमकी दी और उसके दोस्तों से दो बार में कुल 40 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए। इसके बाद उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

**प्रेमी के धोखे से दुखी युवती ने खाया जहर**

करणी विहार थाना क्षेत्र में एक युवती ने प्रेमी के धोखे से आहत होकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आरोपित प्रेमी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार मृतका पिछले तीन वर्षों से एक युवक के संपर्क में थी, जिसने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए लेकिन जब युवती ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने इंकार कर दिया और किसी अन्य लड़की से विवाह की बात कह दी। यह बात सुनकर मानसिक आघात में आई युवती ने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतका के भाई के अनुसार अस्पताल ले जाते समय बहन ने पूरी घटना की जानकारी परिजनों को दी थी, जिसके आधार पर आरोपी प्रेमी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस इन तीनों मामलों की जांच कर रही है और आमजन से सतर्क रहने की अपील की गई है।

# लुटेरी दुल्हन सारे जेवरात लेकर हुई फरार

## पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 2 दलाल गिरफ्तार

डूंगरपुर, 2 जुलाई (एजेंसियां)। डूंगरपुर के सागवाड़ा को बड़ी सफलता मिली। सारे जेवरात लेकर फुर्र हुई लुटेरी दुल्हन के गैंग के 2 दलालों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अब पूरी कहानी का खुलासा हो जाएगा। पुलिस निरीक्षक मदनलाल खटीक के अनुसार कोकापुर के एक व्यक्ति वासुदेव पाटीदार ने 14 जनवरी, 2025 को रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया था कि उसकी शादी की उम्र हो चुकी थी फिर भी शादी नहीं हो रही थी। इस बात की जानकारी पर कोकापुर के ही प्रकाश पुत्र मोगजी नाई आया और शादी करवाने की बात कही। शादी के एवज में चार लाख रुपए देने को कहा। मदनलाल खटीक के अनुसार प्रकाश नाई ने वडोदरा गुजरात निवासी सीमा पुत्री जगदीश प्रजापति से गांव कोकापुर बैठे 23 फरवरी, 2024 को शादी करवाई। शादी के बाद वासुदेव पाटीदार ने दो लाख रुपए बांसवाड़ा जिले के बागीदौरा के राखो निवासी कल्पना पत्नी मांगीलाल के खाते में डलवाए और दो लाख रुपए प्रकाश नाई के कहने पर कल्पना के हाथ में दिए। साथ ही विवाह के समय सीमा को एक सोने की नथ, चांदी की पायजेब, सोने का मंगलसूत्र भी दिया था। शादी के दो-तीन दिन बाद ही सीमा वडोदरा अपने पीहर गई। सीमा 16 दिन वडोदरा में रहकर वापस आई और अन्य लोगों से मिलकर एक षडयंत्र रचा। सीमा 26 मार्च, 2024 को घर से शादी के समय दिए हुए सारे जेवरात लेकर भाग गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के निर्देशन में थाना स्तर पर टीम एएसआई शंकर लाल, भूपेन्द्र सिंह, विपीन, प्रहलाद सिंह, भीमराज, दिनेश, महिला कांस्टेबल जूली की टीम का गठन किया तथा लुटेरी दुल्हन की गैंग का पता लगा कर इसमें लिप्त सभी लोगों की शीघ्र गिरफ्तारी करने निर्देश दिए।

### घर के टैंक में दंपती और दो मासूमों के शव मिलने से सनसनी

मामले की जांच में जुटी पुलिस

बाड़मेर, 2 जुलाई (एजेंसियां)। जिले के शिव थाना क्षेत्र के उण्डू गांव में दो मासूम बच्चों के साथ दंपति का शव घर के टांके में पाया गया। इस सनसनीखेज घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। मौके पर स्थानीय परिजन और ग्रामीण एकत्रित हो गए, वहीं सूचना मिलने पर पुलिस भी तुरंत पहुंची। मृतक शिवलाल जो जयपुर में हैंडीक्राफ्ट का काम करता था, दो माह पहले अपने गांव आया था। शिवलाल, उनकी पत्नी कविता और उनके दोनों बच्चों के शव टांके में मिले। घटना की गंभीरता को देखते हुए बाड़मेर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और संबंधित वृत्ताधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

# मौत कह कर नहीं आती!

## मिस्त्री ट्रोला की बदल रहा था कमानी, और ट्रक पलट गया

भरतपुर, 2 जुलाई (एजेंसियां)। भरतपुर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अन्तर्गत ट्रांसपोर्ट नगर में एक मिस्त्री की ट्रोला की कमानी बदलते समय मौत हो गई। मिस्त्री ट्रोला की कमानी बदल रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रक पलट गया और मिस्त्री की उसके नीचे दबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एएसआइ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि करीब 5 बजे ट्रांसपोर्ट नगर में एक मिस्त्री ट्रोला की कमानी बदल रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रोला पलट और इसके नीचे मिस्त्री दब गया। आसपास मौजूद लोगों ने मिस्त्री को कड़ी मशक्कत के बाद ट्रोला के नीचे से निकाला। मिस्त्री को आरबीएम अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक ट्रक मिस्त्री की पहचान ररह ताखा गांव निवासी परषोत्तम (59 वर्ष) पुत्र राम सिंह के रूप में हुई है। लंबे समय से ट्रांसपोर्ट नगर में काम कर रहा था। मृतक के चार बच्चे हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सीएम नए राशन कार्डों के वितरण का शुभारंभ करेंगे: उत्तम कुमार रेड्डी

## मंत्री उत्तम, वेंकटरेड्डी, लक्ष्मण कुमार नलगोंडा कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक में शामिल हुए




हैदराबाद, 2 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री कैप्टन एन उत्तम कुमार रेड्डी ने बुधवार को घोषणा की कि राज्य सरकार 14 जुलाई से तुंगतुर्थी निर्वाचन क्षेत्र के तिरुमालागिरी में नए राशन कार्डों का वितरण शुरू करेगी। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी करेंगे, जिसमें उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क भी भाग लेंगे। नलगोंडा जिला कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए, मंत्री ने कलेक्टरों को 13 जुलाई तक सभी पात्र आवेदनों का सत्यापन पूरा करने का निर्देश दिया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी पात्र परिवार छूट न जाए। उत्तम कुमार रेड्डी ने जोर देकर कहा कि लाभार्थी चयन प्रक्रिया पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त होनी चाहिए।

उन्होंने कहा, "सरकार का ध्यान यह सुनिश्चित करना है कि हर पात्र व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के राशन कार्ड मिले।" उन्होंने कहा कि सख्त निगरानी बनाए रखने के लिए अब महीने में दो बार समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी।उत्तम कुमार रेड्डी ने बताया कि तेलंगाना की प्रमुख मुफ्त बढ़िया चावल योजना लगभग 3.10 करोड़ लोगों को हर महीने प्रति व्यक्ति 6 किलो चावल वितरित करती है, जो कि लगभग 84% आबादी है। यह चावल उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से वितरित किया जाता है, जिस पर सालाना 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आती है। जून, जुलाई और अगस्त में, राज्य ने निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक बार में तीन महीने का राशन प्रदान किया, जिसमें प्रति व्यक्ति 18 किलोग्राम, अंत्योदय परिवार को 105 किलोग्राम और अन्नपूर्णा परिवार को 30 किलोग्राम वितरित किया गया।उन्होंने खाद्य सुरक्षा और राशन कार्ड नामांकन की उपेक्षा करने के लिए पिछली बीआरएस सरकार की तीखी आलोचना की। उत्तम कुमार रेड्डी ने बताया, "2014 में तेलंगाना के गठन के समय 89.73 लाख श्वेत राशन कार्ड थे, लेकिन बीआरएस ने केवल 49,000 नए कार्ड जोड़े, जिनमें से ज्यादातर उपचुनावों के दौरान जोड़े गए, जिसमें लाखों परिवारों की अनदेखी की गई।" उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार को लाखों नए आवेदन मिले हैं और वह उन्हें मिशन-संचालित तरीके से संबोधित कर रही है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि नए राशन कार्ड वितरण गरीबों को राहत प्रदान करने में एक ऐतिहासिक कदम है, जो कांग्रेस सरकार की समान विकास और सामाजिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उत्तम कुमार रेड्डी ने पूर्ववर्ती नलगोंडा जिले में लंबित सिंचाई परियोजनाओं को युद्ध स्तर पर पूरा करने के लिए सरकार के प्रयासों को भी रेखांकित किया। उन्होंने विधायकों सहित जनप्रतिनिधियों से भूमि अधिग्रहण में सक्रिय रूप से भाग लेने और परियोजना में देरी से बचने के लिए वन मंजूरी की बाधाओं को हल करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि लंबे समय से रुके हुए श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) के काम को फिर से शुरू करने के लिए सरकार भारतीय सेना के इंजीनियरिंग विभाग के इंजीनियरों के साथ समन्वय कर रही है, जिन्हें तकनीकी मंजूरी और फिर से शुरू करने में तेजी लाने के लिए इलेक्ट्रो-मैग्नेटिक लिडार सर्वेक्षण करने के लिए प्रतिनियुक्त किया जाएगा।

सरकार की प्राथमिकताओं में नलगोंडा के विशेष स्थान का जिक्र करते हुए, उत्तम कुमार रेड्डी ने याद दिलाया कि सब्सिडी वाले बढ़िया चावल वितरण सहित पिछले कल्याणकारी कार्यक्रम भी इसी जिले से शुरू किए गए थे।

उन्होंने किसी भी सरकारी योजना के लाभार्थियों का चयन करते समय पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सख्त निगरानी और जवाबदेही को सक्षम करने के लिए मासिक की बजाय द्विमासिक समीक्षा बैठकों में बदलाव का प्रस्ताव रखा। मंत्री ने डिंडी, एचएलसी लाइनिंग, नेल्लिकल लिफ्ट सिंचाई, पिल्लईपल्ली नहर, धर्मारेड्डी नहर और अन्य महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं जैसे प्रमुख लंबित कार्यों को पूरा करने में तेजी लाने पर भी जोर दिया। समीक्षा बैठक में उत्तम कुमार रेड्डी के साथ सड़क एवं भवन मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकटरेड्डी भी शामिल हुए, जिन्होंने संगम ब्रिज के लिए 45 करोड़ रुपये की मंजूरी और एचएएम योजना के तहत डबल-लेन सड़कों की मंजूरी की रूपरेखा प्रस्तुत की, और एससी, एसटी एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ए लक्ष्मण कुमार ने जिले के विकास को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक, एमएलसी, सांसद, नलगोंडा, सूर्यपेट और यादाद्री भुवनगिरी के जिला कलेक्टर और सिंचाई, राजस्व, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। कई विधायकों ने इस अवसर पर नहरों की मरम्मत और रखरखाव, भूमि अधिग्रहण की समस्याओं, पुनर्वास के लिए धन और सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए आवेदन फिर से शुरू करने की आवश्यकता सहित लंबित मुद्दों को उठाया।

## उर्वरक और बीज ऊंचे दामों पर बेचे तो सख्त कार्रवाई : वेंकटेश धोत्रे

कुमरमभीम आसिफाबाद, 2 जुलाई ( स्वतंत्र वार्ता)। जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि किसानों को ऊंचे दामों पर खाद और बीज बेचे जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बुधवार को उन्होंने जिले के वानकीडी मंडल केंद्र में रॉयल ट्रेडर फर्टिलाइजर दुकान का औचक निरीक्षण किया और स्टॉक रजिस्टर और भंडार का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले में किसानों की खेती के लिए आवश्यक खाद और बीज ऊंचे दामों पर बेचे जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि दुकान के सामने मूल्य सूची और स्टॉक सूची प्रदर्शित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर यूरिया, डी.ए.पी. और अन्य दवाइयों को ऊंचे दामों पर बेचे जाने, अन्य माध्यमों से परिवहन किए जाने या यूरिया की कृत्रिम कमी पैदा किए जाने की शिकायत मिलती है, तो मामले दर्ज किए जाएंगे और कार्रवाई की जाएगी।

## तेलंगाना में जारी रहेगी भारी बारिश

### आईएमडी ने 15 जिलों के लिए जारी की चेतावनी



हैदराबाद, 2 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। खराब मौसम की स्थिति अगले दो से तीन दिनों तक जारी रहने की उम्मीद है, हैदराबाद मौसम विभाग ने बुधवार को लगभग 15 जिलों के लिए भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। आदिलाबाद, कुमारम भीम आसिफाबाद, मंचेरियल, निर्मल, निज़ामाबाद, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोत्तागुडेम, खम्मम, महबूबाबाद, वारंगल, हनमकोंडा, मेदक और कामारेड्डी जिलों के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। आईएमडी-हैदराबाद ने यह भी कहा है कि तेलंगाना के सभी जिलों में अलग-अलग स्थानों पर बिजली के साथ गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। सभी जिलों में अलग-अलग स्थानों पर 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

खराब मौसम की स्थिति के दूसरे दिन, मंगलवार सुबह से बुधवार सुबह तक, हैदराबाद में लोगों को रुक-रुक कर बूंदाबादी और बादल छाए रहने का सामना करना पड़ा, जबकि जिलों में भारी बारिश दर्ज की गई। महबुबाबाद के गरला में 85.3 मिमी बारिश हुई, इसके बाद भद्राद्री के बर्गमपहाड़ में 72.3 मिमी बारिश हुई, जबकि सिंगरेनी खम्मम में 62 मिमी बारिश दर्ज की गई। ग्रेटर हैदराबाद क्षेत्र में, शेखपेट में अधिकतम 43.8 मिमी, बंजारा हिल्स में 43 मिमी, खैरताबाद में 40 मिमी और गनफाउंड्री और मलकपेट में 37 मिमी बारिश दर्ज की गई। आईएमडी-हैदराबाद के पूर्वानुमान के अनुसार, 9 जुलाई तक तेलंगाना के सभी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ती रहेंगी।

# युवा और महिलाओं को राजनीति में आना चाहिए : किशन रेड्डी



हैदराबाद, 2 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने आज कांग्रेस आपातकाल के 50 साल पूरे होने के अवसर पर राज्य भाजपा महिला मोर्चा द्वारा केएमआईटी में आयोजित "मॉक पार्लियामेंट सेशन' में हिस्सा लिया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भविष्य में देश में बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं को राजनीति में आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आकांक्षा नैतिक और सही राजनीति शुरू करना है और उन्होंने याद दिलाया कि मोदी ने देश भर के एक लाख युवाओं से राजनीति में आने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा, "इस मॉक पार्लियामेंट में भाग लेने वाले युवक-युवतियों को भविष्य में संसद में बहस करने के स्तर तक उठना चाहिए। भारतीय संविधान दुनिया में सबसे अच्छा है। पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे कई देशों में सैन्य शासन द्वारा संविधान के उल्लंघन और लोकतंत्र के दमन के कारण आंतरिक संकट पैदा हो गए हैं। भारत में हम डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को लागू कर रहे हैं। लेकिन, 1975 में इंदिरा गांधी के शासन के दौरान संविधान को दरकिनार कर दिया गया, नागरिक अधिकारों का दमन किया गया और प्रेस की स्वतंत्रता छीन ली गई और आपातकाल लगा दिया गया। उस दिन, कैबिनेट में इस पर चर्चा किए बिना, राष्ट्रपति को आधी रात को इस पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया और भोर से पहले लाखों लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी, वी. रामाराव, वेंकैया नायडू और बंडारू दत्तात्रेय शामिल थे। हम आज की पीढ़ी को आपातकाल के दौरान हुई लोकतंत्र विरोधी कार्रवाइयों से अवगत कराने के इरादे से इस मॉक पार्लियामेंट का आयोजन कर रहे हैं।" रेड्डी ने इंदिरा गांधी के शासनकाल को याद करते हुए कहा कि जब भ्रष्टाचार और बेरोजगारी की समस्याएँ बहुत बढ़ गई थीं, तब गुजरात और बिहार में नवनिर्माण समिति का गठन किया गया था। उन्होंने कहा कि आपातकाल के खिलाफ छात्रों ने बड़े पैमाने पर आंदोलन चलाया था और पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया था। उन्होंने याद किया कि 1971 में समाजवादी नेता राज नारायण ने लोकसभा चुनाव हारने के बाद सबूतों के साथ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक मामला दायर किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि इंदिरा गांधी ने चुनावी भ्रष्टाचार में लिप्त रहीं और सत्ता तंत्र का दुरुपयोग किया।

## सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन से नाबालिग लड़की लापता

हैदराबाद, 2 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने आई एक नाबालिग लड़की के लापता होने से मंगलवार को हड़कंप मच गया। घटना के समय 16 वर्षीय लड़की अपने परिवार के सदस्यों के साथ बिहार स्थित अपने पैतृक स्थान जाने के लिए ट्रेन पकड़ने रेलवे स्टेशन पहुंची थी। जानकारी के अनुसार, जब उसके परिवार के सदस्य इंतजार कर रहे थे, तो लड़की प्लेटफॉर्म पर एक नजदीकी फूड स्टॉल पर पानी की बोतल खरीदने गई थी और लापता हो गई। उसके परिवार के सदस्यों ने जब देखा कि वह काफी देर तक वापस नहीं लौटी, तो उन्होंने आसपास के इलाकों में उसकी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। परिजनों की शिकायत के आधार पर गोपालपुरम पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पता चला है कि पुलिस की टीमों ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो पता चला कि लड़की प्लेटफॉर्म नंबर 5 से रेलवे स्टेशन के बाहर स्थित अल्फा होटल की ओर जा रही थी। उसे जल्द से जल्द ढूंढने के प्रयास जारी हैं।

## बीबी का आलम जुलूस का नेतृत्व करेंगी हथिनी लक्ष्मी

हैदराबाद, 2 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। मुहर्रम महीने के 10वें दिन रविवार को निकाले जाने वाले बीबी का आलम जुलूस का नेतृत्व करने के लिए अंततः एक हाथी की व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने कर्नाटक के तुमकुर में होरापेटे में श्री करिबासवा स्वामी मठ में श्री श्री श्री जगद गुरु चेन्ना बसव राजेंद्र महा समीगल की हथिनी लक्ष्मी की पहचान की थी। सूत्रों ने बताया कि कई राज्यों का दौरा करने के बाद आखिरकार बीबी का आलम जुलूस के लिए हाथी का प्रबंध किया गया। इससे पहले जुलूस का नेतृत्व करने के लिए दिल्ली से हाथी का चयन किया गया था, लेकिन वन्यजीव नियमों के कारण अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया था।

इसके बाद आयोजकों ने एक और हाथी की व्यवस्था करने के लिए अपने प्रयासों को बढ़ाया और आखिरकार लक्ष्मी को लाने में कामयाब रहे। हाथी के देर रात शहर पहुंचने की उम्मीद है और गुरुवार या शुक्रवार को इसका ट्रायल रन किया जाएगा। निज़ाम के दौर से हर साल हाथी पर बीबी का आलम निकाला जाता है। यह जुलूस अलावे बीबी से शुरू होकर शेख फैज़ कमान, याकूतपुरा रोड, एतेबार चौक, अलीजा कोटला, चारमीनार, गुलज़ार हौज़, पंजेशाह, मंडी मीरालम, दारुलशिफ़ा से गुज़रते हुए चादरघाट पर समाप्त होता है।

# साध्वीश्री डॉ गवेषणा श्री जी आदि ठाणा-4 का मंगल प्रवेश








हैदराबाद, 2 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमण जी की विदुषी सुशिष्या साध्वीश्री गवेषणाश्री जी आदि ठाणा-4 ने तीर्थ शान्ति अपार्टमेन्ट में नोरतनमल शान्तिलाल आनन्द नौलखा के निवास से रैली के रूप में विहार करके प्रातः 8.51 बजे तेरापन्थ भवन, डी वी कॉलोनी, सिकंदराबाद में चातुमास हेतु मंगल प्रवेश किया।

इस अवसर पर जैन तेरापंथ वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन महेन्द्र भंडारी, मैनेजिंग ट्रस्टी मनोज दुगड श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा अध्यक्ष श्री सुशील जी संचेती, मंत्री हेमन्त जी संचेती एवं सभी संस्थाओं के अध्यक्ष - मंत्री - पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रावक- श्राविका समाज की उपस्थित रही ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मंगलाचरण के रूप में सभा के सदस्यों द्वारा हुआ। महिला मंडल की अध्यक्ष कविता आच्छा, नव मनोनीत अध्यक्ष नमिता सिंघी, मंत्री श्रीमती सुशीला मोदी, तेलंगाना सरकार माइनॉरिटी कमीशन के सदस्य हिमांशु बापना, तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष अभिनन्दन नाहटा, प्रोफेसनल फोरम के मंत्री निखिल कोटेचा, अणुव्रत समिति के नव नियुक्त अध्यक्ष राजेन्द्र बोथरा, जैन तेरापंथ वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन महेन्द्र भंडारी, श्री जैन सेवा संघ के उपाध्यक्ष विनोद संचेती, श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा अध्यक्ष सुशील संचेती ने साध्वी श्री के मंगल प्रवेश के अवसर पर अपनी मंगल भावनाएं प्रेषित की


संपत नौलखा, लक्ष्मीपत डूंगरवाल , श्रीमती चांद बैद, राजकुमार सुराणा, सुरेश रांका (चैन्नई) श्रीमती कविता जी बांठिया ने भी साध्वीश्री जी के प्रति आगामी चातुर्मास के लिए मंगलकामनाएं प्रेषित की।

वैरागण बहिन वीनू संकलेचा ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। साध्वीश्री मेरुप्रभा एवं साध्वीश्री दक्षप्रभा जी ने मधुर स्वरों में गीतिका से अपने भाव व्यक्त किये। साध्वीश्री मयंकप्रभा जी ने सारगर्भित व्यक्तव्य दिया एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

साध्वीश्री डॉ. गवेषणाश्री जी के प्रेरणादायी व्यक्तव्य प्रदान करते हुए चातुर्मास के दौरान ज्यादा से ज्यादा जप -तप एवं जिनवाणी श्रवण का लाभ उठाने का आव्हान किया एवं चातुर्मास में होने करणीय कार्यों की जानकारी दी| चातुर्मास से पूर्व लगभग साढ़े चार महिने आपने घर- घर जाकर श्रावकों की सार संभाल की एवं धर्म की जोत को प्रज्ज्वलित करने का प्रयास किया है ।

कार्यक्रम के संयोजक निर्मल बेंगानी, सुरेश सुराणा, लक्ष्मीपत बैद, नवनीत छाजेड़, प्रकाश बोथरा, अशोक बम्बोली, अरिहंत गुजरानी, सुदीप नोलखा , राकेश सुराणा, हुक्मीचंद कोटेचा, जिनेन्द्र जी बैद का भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग एवं श्रम रहा

# मंदिर में चोरी करने वाले गिरफ्तार




**5.36 लाख रुपये की संपत्ति जब्त**

हैदराबाद, 2 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा के मंदिरों से देवी-देवताओं की मूर्तियां और आभूषण चुराने वाले दो लोगों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से 5.36 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति, कुरनूल के मूल निवासी के शिवानंद (52) और आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले के मूल निवासी शेख हाम शरीफ (38) वनस्थलीपुरम में रह रहे थे। राचाकोंडा के पुलिस आयुक्त जी सुधीर बाबू के अनुसार, दोनों व्यक्ति शहर के बाहरी इलाके में घूमते थे और अपनी भव्य जीवनशैली के लिए मंदिरों को निशाना बनाते थे। जी सुधीर बाबू ने बताया कि शिवानंद और शरीफ ने याचारम और इब्राहिमपट्टनम पुलिस स्टेशन की सीमा में पांच मंदिरों को निशाना बनाया। मंदिरों से मूर्तियां, सोने और चांदी की वस्तुएं और अन्य संपत्ति चुराने के बाद उन्होंने इसे ए क्रांति कुमार नामक व्यक्ति को बेच दिया। पिछले एक महीने में मंदिर में चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि के बाद पुलिस ने विशेष टीमें बनाईं और आखिरकार शिवानंद और शरीफ को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपराध स्वीकार कर लिया। दोनों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया।

## भाजपा महिला मोर्चा ने मॉक पार्लियामेंट सत्र आयोजित किया

हैदराबाद, 2 जुलाई (एनएसएस): भाजपा महिला मोर्चा ने आज शहर के केएमआईटी कॉलेज में मॉक पार्लियामेंट सत्र आयोजित किया। इस कार्यक्रम में भाजपा तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम, जो भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक काला अध्याय था, उस दौरान लोगों पर किए गए अत्याचार और इतिहास के काले दिनों की याद दिलाता है। जब मैं उस समय स्कूल में पढ़ता था, तो मेरे पिता जी मुझे समझाया करते थे कि देश में क्या स्थिति थी। अखबार सच्ची खबरें नहीं छाप सकते थे। अगर कोई अखबार सच लिखता, तो उसे रोक दिया जाता। सेंसरशिप लगा दी जाती। ये सब आपातकाल के दौरान हुई गलत हरकतें हैं।, राव ने कहा कि छात्र बहुत अच्छा व्यवहार कर रहे थे और उन्होंने कहा कि जिस तरह से छात्र व्यवहार कर रहे थे, वह मौजूदा विधायिकाओं से बेहतर विधायी व्यवहार का उदाहरण था। उन्होंने कहा कि मौजूदा राजनीतिक माहौल में विधानसभा का सीधा प्रसारण देखने के बाद अभिभावक अपने बच्चों को टीवी न देखने के लिए कह रहे हैं, क्योंकि विधानसभा में अभद्र भाषा का प्रयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह मॉक पार्लियामेंट कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि यह छात्रों के लिए अपने कौशल का प्रदर्शन करने का मंच है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण देने का कानून बनाया है। आने वाले दिनों में विधानसभाओं और संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। इस मॉक पार्लियामेंट सत्र में भाग लेने वाले कुछ छात्र भविष्य में विधानसभा या संसद के सदस्य बन सकते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह किस पार्टी से हैं, यह एक अच्छी बात है। यह सोच गलत है कि केवल बड़े परिवारों वाले ही राजनीति में जगह बना सकते हैं, रुचि और कौशल वाले सभी लोगों को मौका मिलता है। वर्तमान में सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों में कई महिला सांसद हैं।

## इंदिराम्मा आवासों के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए: दीपक तिवारी



कुमरमभीम आसिफाबाद, 2 जुलाई ( स्वतंत्र वार्ता)। जिला अपर कलेक्टर (स्थानीय संस्थाएं) दीपक तिवारी ने कहा कि सरकार द्वारा इंदिराम्मा आवास योजना के तहत पात्र गरीबों को दिए जा रहे इंदिराम्मा आवासों के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने जिले के केरामेरी मंडल केंद्र में मंडल परिषद विकास अधिकारी के कार्यालय का दौरा किया और मंडल में इंदिराम्मा आवासों के निर्माण की स्थिति का विवरण जाना। इस अवसर पर जिला अपर कलेक्टर ने कहा कि मंडल में समस्याग्रस्त इंदिराम्मा आवास निर्माणों का निरीक्षण किया जाना चाहिए और उन्हें कम करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को जागरूक किया जाना चाहिए ताकि सरकारी नियमों के अनुसार आवास का निर्माण किया जा सके। बेसमेंट स्तर तक पूर्ण किए गए निर्माण से संबंधित बिलों का भुगतान करने के लिए कदम उठाए जाएं। उन्होंने मंडल केंद्र में सरकारी जूनियर कॉलेज का दौरा किया और कॉलेज में उपलब्ध बुनियादी ढांचे, पेयजल और परिवेश का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बिना किसी असुविधा के सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए तथा प्रयोगशालाओं और उपकरणों की सहायता से व्यावहारिक तरीके से शिक्षा दी जानी चाहिए। मंडल के हट्टी गांव में आश्रम स्कूल में वन महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत की गई और पौधे रोपे गए। मंडल के झारी में मंडल परिषद प्राथमिक और उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों को दिए जाने वाले मिड-डे मील मेन्यू और खाना पकाने के बर्तनों का निरीक्षण किया गया।

## अदलुरी लक्ष्मण ने यादगिरिगुट्टा मंदिर का दौरा किया

यादाद्री भुवनगिरी , 2 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री अदलुरी लक्ष्मण ने बुधवार को यादद्री भुवनगिरी जिले में श्री लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर का दौरा किया। मंदिर के अधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया, पुजारियों ने उन्हें पूर्णकुंभम से बधाई दी। स्वागत में सरकारी सचेतक और स्थानीय विधायक बीरला इलैह, जिला कलेक्टर हनुमंत राव, अतिरिक्त कलेक्टर भास्कर राव, साथ ही मंदिर के अन्य अधिकारी और पुजारी शामिल हुए। भगवान नरसिंह स्वामी के दर्शन के बाद, वैदिक विद्वानों ने भजनों के माध्यम से अपना आशीर्वाद दिया। मंदिर के कार्यकारी अधिकारी वेंकट राव ने मंत्री को भगवान का चित्र और लड्डू प्रसाद भेंट किया। इसके बाद, मंत्री ने यादगिरिगुट्टा मंडल में स्थित सैदापुरम गांव में इंदिराम्मा हाउसिंग के एक लाभार्थी के गृह प्रवेश समारोह में भाग लिया, जहां उन्होंने गांव के श्री वीरभद्र स्वामी मंदिर में विशेष पूजा भी की।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

### 'कांग्रेस केवल उद्धव-शरद ...

पीटीआई से बातचीत में चव्हाण ने शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के एक साथ आने की बात को 'परिवार का मामला' बताया। उन्होंने कहा कि अगर हम किसी गठबंधन में जाते हैं तो सीटों का बंटवारा उद्धव ठाकरे और शरद पवार के साथ होगा और वे किसके साथ उप-गठबंधन करेंगे यह उनका फैसला होगा।

चव्हाण ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति कांग्रेस के मूल्यों के खिलाफ होगा तो हम आपत्ति जताएंगे, अन्यथा यह पारिवारिक परिवार का मामला है। राज ठाकरे के बारे में पूछे जाने पर चव्हाण ने कहा कि वह महाराष्ट्र की राजनीति में एक वरिष्ठ नेता हैं और बड़ी भीड़ खींचते हैं, लेकिन यह भीड़ वोटों में बदलती नहीं दिखती, इसलिए उनका वर्तमान विधानसभा में कोई प्रभाव नहीं है। उन्होंने कहा कि शिवसेना के वोट जुड़ने से कुछ फायदा हो सकता है, लेकिन कांग्रेस केवल उद्धव ठाकरे और शरद पवार से ही बातचीत करेगी।

करीब 20 वर्षों में पहली बार चचेरे भाई उद्धव और राज ठाकरे पांच जुलाई को शिवसेना (यूबीटी) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना द्वारा आयोजित संयुक्त विजय रैली में एक मंच साझा करेंगे। शिवसेना (यूबीटी) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने मंगलवार को 'मराठी विजय दिवस' कार्यक्रम के लिए संयुक्त आमंत्रण जारी किया।

### 'सरकार की लापरवाही ...

कांग्रेस नेता ने केंद्र सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार को पहले से पता था कि चीन कभी भी आपूर्ति रोक सकता है, इसके बावजूद न तो घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई नीति बनाई गई और न ही कोई ठोस योजना पर काम हुआ।

राहुल गांधी ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि किसान पहले ही महंगे बीज, खाद और डीजल की कीमतों से परेशान हैं। ऊपर से समय पर खाद न मिलने से उनकी फसलें बर्बाद हो रही हैं। इससे वे कर्ज और निराशा में डूबते जा रहे हैं। उन्होंने पूछा कि क्या अब किसान अपनी ही जमीन पर भी दूसरों पर निर्भर रहेगा?

### 'दिखावे से नहीं ...

उन्होंने आगे कहा कि आतंक फैलाने वाला देश अब वैश्विक सुरक्षा का संरक्षक बन गया है। यह भारत सरकार के लिए शर्मनाक है।

सुरजेवाला ने कहा कि पाकिस्तान का इतिहास आतंकियों को पनाह देने, आतंकवाद को बढ़ावा देने और भारत में हमले करवाने का रहा है। हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले को भी उन्होंने पाकिस्तान प्रायोजित हमला बताया। साथ ही उन्होंने ये भी कहा ऐसे में पाकिस्तान को इस तरह की जिम्मेदारियां मिलना भारत की कूटनीतिक विफलता का प्रमाण है।

भारत की चुप्पी पर भी सवाल

कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर दुनिया में अपनी कूटनीतिक ताकत का ढोल पीटते हैं, लेकिन पाकिस्तान को इन जिम्मेदारियों से रोकने में असफल रहे। सुरजेवाला ने कहा कि जब 4 जून 2025 को पाकिस्तान को यूएन आतंकवाद रोधी समिति का उपाध्यक्ष बनाया गया, तब भी भारत ने कोई कड़ा विरोध दर्ज नहीं कराया।

### 'नए आपराधिक कानूनों ...

**क्या बोले थे अमित शाह**

अमित शाह ने नए आपराधिक कानूनों (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम) के एक साल पूरे होने पर भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में कहा था कि नए कानून में 90 दिन में जांच, चार्जशीट और फैसले की समयसीमा तय की गई है, जिससे लोगों में 'एफआईआर से तुरंत न्याय' मिलेगा, ऐसा विश्वास बढ़ेगा।

गृह मंत्री ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों के लिए अलग अध्याय बनाया गया है और आतंकवाद व संगठित अपराध पर सख्त सजा का प्रावधान है। नए कानून का 14.80 लाख पुलिसकर्मियों, 42 हजार जेल कर्मियों और 19 हजार जजों को प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि 160 बैठकों और 89 देशों की न्याय प्रणालियों के अध्ययन के बाद इन कानूनों को तैयार किया गया। उन्होंने जोर दिया था कि जनता को अपने अधिकारों की जानकारी जरूरी है, ताकि ये कानून आजादी का सबसे बड़ा सुधार बने। गौरतलब है कि बीते साल एक जुलाई को तीनों नए आपराधिक कानून लागू हुए थे।

स्वतंत्र वार्ता

Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com

Epaper :
epaper.swatantravaartha.com

For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# यूएई में 5 से 21 सितंबर तक एशिया कप

## भारत-पाकिस्तान दो बार भिड़ सकते हैं; टूर्नामेंट में 6 टीमें भाग लेंगी

नई दिल्ली, 2 जुलाई (एजेंसियां)। एशिया कप 5 सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात में शुरू हो सकता है। टूर्नामेंट का फाइनल 21 सितंबर को खेला जाएगा। ग्रुप स्टेज और सुपर-4 फॉर्मेट के तहत एशिया कप में भारत और पाकिस्तान का पहला मुकाबला 7 सितंबर को खेला जाएगा। अगर दोनों टीमें सुपर-4 में पहुंचती हैं, तो इनकी दूसरी टक्कर 14 सितंबर को हो सकती है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

इससे पहले, एशिया कप की मेजबानी भारत के पास थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की वजह से यूएई को टूर्नामेंट होस्ट करने को कहा गया है। 17 दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 6 टीमें भाग लेंगी।

एशियन क्रिकेट काउंसिल ने अगले 3 एशिया कप साइकल के बारे में भी बताया है। 2027 में पाकिस्तान में यह टूर्नामेंट वनडे फॉर्मेट में खेला जाएगा। वहीं 2029 में बांग्लादेश और 2031 में श्रीलंका इसे होस्ट करेगा।

**बीसीसीआई ने मंजूरी दी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को अपनी-अपनी सरकारों से टूर्नामेंट खेलने की मंजूरी लगभग मिल चुकी है। टूर्नामेंट के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर सोनी स्पोर्ट्स ने प्रमोशनल पोस्टर भी जारी कर दिया है।

टूर्नामेंट टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा और भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और यूएई टीमें हिस्सा लेंगी। अभी तक कोई आधिकारिक फैसला नहीं हुआ है, लेकिन एशियन क्रिकेट काउंसिल इस हफ्ते फैसला ले सकती है।

ओसीसी अगले 2-3 दिन में टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी कर सकती है। इस बार भारत को मेजबान देश बनाया गया है, लेकिन सुरक्षा कारणों से टूर्नामेंट को न्यूट्रल वेन्यू पर कराने की बात चल रही है।




**पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव**

अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से 6-7 मई को ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया था। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंध खराब हैं। ऐसे में एशिया कप में पाकिस्तान के भारत आने की संभावना खत्म हो गई है। ऐसे में ACC टूर्नामेंट को यूएई में कराने पर विचार कर रहा है।

**भारत ने 8 बार जीता एशिया कप**

एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। अब तक 16 बार यह टूर्नामेंट खेला जा चुका है। भारत ने इसे सबसे ज्यादा 8 बार जीता। वहीं श्रीलंका ने 6 और पाकिस्तान ने 2 बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है।

**चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेले गए थे**

इस साल फरवरी में हुई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया पाकिस्तान नहीं गई थी। भारत के सभी मैच यूएई में कराए गए थे, यही नहीं एक सेमीफाइनल और फाइनल भी यूएई में ही हुए थे। भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हरा कर खिताब अपने नाम किया था।

**विमेंस वनडे वर्ल्ड कप हाइब्रिड मॉडल पर**

अक्टूबर में भारत में होने वाला विमेंस वनडे वर्ल्ड कप हाइब्रिड मॉडल पर खेला जा रहा है। पाकिस्तान के सभी मैच श्रीलंका में होंगे। इस टूर्नामेंट में भारत-पाक की विमेंस टीम लीग में आमने-सामने होंगी। वहीं, 2026 में इंग्लैंड में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय विमेंस और पाकिस्तान विमेंस टीम लीग के दौरान भिड़ेंगी।

**मुंबई हमले के बाद से द्विपक्षीय सीरीज बंद**

2008 के मुंबई हमले के बाद से भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज बंद हैं। अब दोनों टीमें अब केवल आईसीसी और एसीसी टूर्नामेंट में एक-दूसरे का सामना करती हैं। ऐसे में जब भी भारत-पाकिस्तान मैच होता है तो दुनियाभर के क्रिकेट फैंस की नजरें इस मुकाबले पर टिकी होती हैं। ऐसे में आयोजक और ब्रॉडकास्टर भारत-पाकिस्तान मैच से ज्यादा से ज्यादा कमाई करते हैं।

2008 में आखिरी बार पाकिस्तान गई थी टीम इंडियाः टीम इंडिया ने 2008 में आखिरी बार पाकिस्तान का दौरा किया था। 3 टेस्ट मैचों की उस सीरीज को भारतीय टीम ने 1-0 से जीता था। इस सीरीज के 2 मैच ड्रॉ रहे थे।

2013 में द्विपक्षीय सीरीज खेलने भारत आया था पाकिस्तानः पाकिस्तान ने 2012-13 में भारत का आखिरी दौरा किया था। उस दौरे पर 3 वनडे और 2 टी-20 मैचों की बाइलैटरल सीरीज खेली गई थी। वनडे सीरीज को पाकिस्तान ने 2-1 से जीता था, जबकि टी-20 सीरीज 1-1 की बराबरी पर रही थी।

## दिव्यांशी ने अंडर-15 एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतकर रचा इतिहास



ताशकंद (उज्बेकिस्तान), 2 जुलाई (एजेंसियां)। भारत की युवा टेबल-टेनिस खिलाड़ी दिव्यांशी भौमिक ने एशियन यूथ टेबल टेनिस चैंपियनशिप का गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। 14 वर्षीय दिव्यांशी इस चैंपियनशिप की अंडर-15 कैटेगरी में खेल रही थीं। अंडर-15 बालिका एकल खिताब जीतकर उन्होंने इतिहास रच दिया। दिव्यांशी की ये स्वर्णिम सफलता इसलिए भी विशिष्ट है क्योंकि 36 वर्षों बाद किसी भारतीय खिलाड़ी ने ये खिताब जीता है।गोल्ड मेडल मैच में दिव्यांशी ने चीन की झू छीही को 4-2 से हराया।

**भारत की झोली में एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक**

एशियन यूथ टेबल टेनिस चैंपियनशिप का फाइनल जीतकर 36 वर्षों बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी दिव्यांशी ने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण प्रदर्शन किया। भारत की युवा सनसनी ने तीन चीनी खिलाड़ियों को धूल चटाई। भारत ने इस कड़ी प्रतियोगिता में एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदकों अपने नाम किए।

**दिव्यांशी ने चीनी खिलाड़ियों को मात दी**

गोल्ड मेडल मैच से पहले दिव्यांशी ने सेमीफाइनल में भी चीन की लियू झीलिंग को कांटे की टक्कर में हराया था। ये रोमांचक मुकाबला सात गेमों तक चला। कड़ी टक्कर के बाद दिव्यांशी ने फाइनल में जगह बनाई और वहां भी उन्होंने चीनी प्रतिद्वंद्वी को मात दी।

दूसरी वरीयता प्राप्त दिव्यांशी ने इस जीत के साथ वर्ल्ड यूथ चैंपियनशिप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है।

# साक्षी-जैस्मीन विश्व मुक्केबाजी कप के अंतिम-आठ में

## नीतू-लवलीना का एलीट टूर्नामेंट में स्वर्ण पर कब्जा

